हिन्दी दैनिक

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो, गुरुवार

12.12.2024

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 11, अंक : 306

mukhyadhara.daily@gmail.com | +91 8873 319 159

RNI : JHAHIN/2014/54374

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !



## युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं तो उनके नये और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए, लगातार नए-नए समाधानों की ज़रूरत होती है। इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।



प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके विपरीत देश के दुश्मन, भारत में हथियारों और ड्रग्स के तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवा इनोवटर्स सभी, ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में स्टार्टअप की संख्या सैकड़ों में होती थी वो आज डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। यूनिकॉर्न हमारे देश में बन रहा है। देश के सभी केंद्र शासित प्रदेशों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी इस फिनाले में हिस्सा ले रहे हैं। हैकाथॉन में 51 केंद्रों से 1300 विद्यार्थियों की टीम हिस्सा ले रही हैं।

### प्रधानमंत्री ने महान तमिल कवि सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन किया। उनके संपूर्ण कार्यों का 23 खंडों का संग्रह सीनी विश्वनाथन द्वारा संकलित और संपादित किया गया है और एलायंस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें सुब्रमण्य भारती के लेखन के संस्करणों, स्पष्टीकरणों, दस्तावेजों, पृष्ठभूमि की जानकारी और दार्शनिक प्रस्तुति आदि का विवरण शामिल है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की रचनाओं के संकलन का विमोचन करते हुए वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत और प्रत्येक व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए सुब्रमण्य भारती का दृष्टिकोण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संग्रह शोधार्थियों के लिए बहुत मददगार साबित होगा। सुब्रमण्य भारती की 'गीता' में गहरी आस्था थी। उन्हें 'गीता' की गहरी समझ थी। उन्होंने 'गीता' का तमिल भाषा में अनुवाद किया और इसे सरल तरीके से समझाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में शब्दों को केवल अभिव्यक्ति ही नहीं माना गया है। हम उस संस्कृति का हिस्सा हैं, जो 'शब्द ब्रह्म' की बात करती है, शब्द के असीम सामर्थ्य की बात करती है। उन्होंने कहा कि आज देश महाकवि सुब्रमण्य भारती की जयंती मना रहा है। आज भारत की संस्कृति और साहित्य के लिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों के लिए और तमिलनाडु के गौरव के लिए बहुत बड़ा अवसर है। महाकवि सुब्रमण्य भारती के कार्यों का, उनकी रचनाओं का प्रकाशन एक बहुत बड़ा सेवायज्ञ और बहुत बड़ी साधना है और आज उसकी पूर्णाहुति हो रही है। उन्होंने कहा कि सुब्रमण्य भारती ऐसे महान मनीषी थे, जो देश की आवश्यकताओं को देखते हुए काम करते थे। उनका विजन बहुत व्यापक था। उन्होंने हर उस दिशा में काम किया, जिसकी जरूरत उस कालखंड में देश को थी। भारतियार (सुब्रमण्य भारती) केवल तमिलनाडु और तमिल भाषा की ही धरोहर नहीं हैं, वो एक ऐसे विचारक थे, जिनकी हर सांस माँ भारती की सेवा के लिए समर्पित थी। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतियार को केवल तमिल नहीं बल्कि संपूर्ण भारत की धरोहर बताया और कहा कि सुब्रमण्य भारती मां भारती की सेवा के लिए समर्पित एक गहन विचारक थे। 2020 में महामारी के बावजूद हमने सुब्रमण्य भारती की 100वीं पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राव इंद्रजीत सिंह, एल मुरुगन, साहित्यकार सीनी विश्वनाथन सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, नहीं चली राज्यसभा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच एक बार फिर आज तकरार हुई और कार्यवाही हंगामे के भेट चढ़ गई। सदन में सुबह ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गयी, जिसके कारण पहले सदन की कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सूचीबद्ध दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पांच नोटिस मिले हैं। सभापति ने नोटिस देने वाले सदस्यों में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास का नाम लिया। उसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की आलोचना की।







उन्होंने जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस के संबंधों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी के साथ जॉर्ज सोरोस का नाम सत्ता पक्ष की ओर से नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया की ओर से जोड़ा गया है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि विपक्ष को शर्म आनी चाहिए कि वे ऐसे व्यक्ति से जुड़े हैं, जो देश के खिलाफ काम करता है। विपक्षी भारत विरोधी ताकतों के साथ काम करते हैं और फिर सभापति के खिलाफ नोटिस देते हैं। सभापति का समर्थन करते हुए रिजिजू ने हंगामे के बीच कहा कि 72 साल में एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना है। उन्होंने संसद और संविधान की गरिमा को बनाए रखा है। विपक्ष उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य सभापति के पद का सम्मान नहीं कर सकते तो वे सदन के लायक नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और देश को बताना चाहिए सोरोस और उनके बीच क्या संबंध है? कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष संविधान के प्रति निष्ठा रखता है जबकि सत्ता पक्ष के लोग बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा, "ये लोग संविधान के हत्यारे हैं। इस बीच सदन में हंगामा होने लगा, जिसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा की बैठक शुरू होने के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश को अस्थिर करने की कोशिश में अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस का साथ देने का आरोप लगाया और चर्चा की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज विधेयक पर पिछले दिनों हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। विधेयक के माध्यम से कानूनी ढांचे का सरलीकरण होगा। रेल मंत्री ने विपक्ष को रक्षा और रेलवे को राजनीति से दूर रखने की अपील करते हुए उसके केन्द्रीकरण और निजीकरण से जुड़े आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में रेलवे में विकेन्द्रीकरण का कार्य हुआ है। काम में तेजी आई है। वैष्णव ने कई मुद्दों पर चरणबद्ध तरीके से विपक्ष के प्रश्नों का जवाब दिया। उन्होंने बताया कि रेलवे में एसी और नॉन एसी कोच का अनुपात लगातार बरकरार रखा गया है। साथ ही नॉन एसी श्रेणी में अमृत भारत ट्रेन लाई गई हैं। आज इनके माध्यम से 400 रुपये में एक हजार किमी की यात्रा की जा सकती है। मंत्री ने विपक्ष के रेलवे सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का भी जवाब दिया। उन्होंने बताया कि यूपीए के कार्यकाल के मुकाबले रेल दुर्घटनाओं में 75 प्रतिशत और पटरी से उतरने की घटनाओं में 78 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने रोजगार पर कहा कि यूपीए के कार्यकाल में 4.11 लाख को रेलवे में नौकरियां दी गई थी।



### संजय मल्होत्रा ने संभाला भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर का पद



**मुंबई।** रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा ने 11 दिसंबर बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। मल्होत्रा आगामी तीन वर्षों तक इस पद पर रहेंगे। आरबीआई के गवर्नर के तौर पर उनकी नियुक्ति भारतीय बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके साथ ही महंगाई पर काबू पाना उनके लिए चुनौती का काम करेगी। गौरतलब है कि संजय मल्होत्रा ने गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह ली है। केंद्र सरकार ने शक्तिकांत दास का कार्यकाल को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला लिया, जिसके बाद यह नियुक्ति की गई है। बताते चलें कि शक्तिकांत दास ने 2018 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था। उनके सेवा पूर्ण करने के साथ ही केंद्रीय कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमिटी ने संजय मल्होत्रा को आरबीआई का 26वां गवर्नर बनाने के फैसले को हरी झंडी दे दी। इसी के साथ ही मल्होत्रा, दुव्वुरी सुब्बाराव के बाद पहले आरबीआई गवर्नर होंगे, जो सीधे नॉर्थ ब्लॉक (भारत के वित्त मंत्रालय के ऑफिस) से आए हैं। फाइनेंस, टैक्सेशन और आईटी में एक्सपर्ट माने जाने वाले मल्होत्रा हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सचिव के रुप में भी कार्य कर चुके हैं। इसी के साथ मल्होत्रा का यह कार्यकाल कई चुनौतियों के बीच शुरू हो रहा है, जिनमें आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, महंगाई को काबू में रखना और एक्सचेंज रेट को स्थिर रखना जैसी चुनौतियां शामिल हैं।

## ईएमआई से ज्यादा पत्नी के गुजारा भत्ते को दें प्राथमिकता: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पत्नी को दिए जाने वाले गुजारा भत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।



एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि लोन की ईएमआई कितनी है, कब देनी है इन सबसे ज्यादा प्राथमिकता पत्नी को गुजारा भत्ता देने की होना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भूयान की बेंच ने यह फैसला एक पति की याचिका को खारिज करते हुए दिया। पति, जो एक डायमंड फैक्ट्री का मालिक है, ने अदालत से अनुरोध किया था कि वह अपनी अलग हो चुकी पत्नी को बकाया गुजारा भत्ता देने में असमर्थ है, क्योंकि उसकी फैक्ट्री घाटे में चल रही है और उस पर भारी कर्ज है। अदालत ने स्पष्ट किया कि तलाकशुदा पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की संपत्ति पर प्राथमिक अधिकार रखती है। अदालत ने कहा, जीने का अधिकार, सम्मान के साथ जीने का अधिकार, और एक बेहतर जीवन का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित हैं। इन अधिकारों के तहत गुजारा भत्ता मौलिक अधिकार के समान है और किसी भी देनदार के कर्ज की वसूली के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण है। फैसले में कहा गया कि महिला के पूर्व पति को जल्द से जल्द बकाया गुजारा भत्ता चुकाना होगा। यदि पति इसमें विफल रहता है, तो परिवार अदालत उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है, जिसमें पति की अचल संपत्ति की नीलामी करके पत्नी को भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है।

## राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को नई दिल्ली में सतत और समावेशी विकास के विषयों में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए विभिन्न श्रेणियों में चुने गए 45 पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की लगभग 64 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इसलिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों और ग्रामीणों का विकास और सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पिछले एक दशक में सरकार ने पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए गंभीर प्रयास किए हैं, जिसका उद्देश्य ठोस परिणाम प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय





निकायों के आधार पर ही विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। पंचायतों को अपने राजस्व के स्रोत विकसित करके आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास और देश को ताकत देगी। राष्ट्रपति ने 'राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार' के सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके समर्पण और प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मान उन्हें और भी बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और अन्य ग्राम पंचायतों को भी गांव के विकास के लिए सार्थक प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बना रही हैं। यह खुशी की बात है कि महिला प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने उनसे पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्भीकता और पूरी दक्षता के साथ निर्वहन करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महिला पंचायत प्रतिनिधियों के परिवार के सदस्यों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रवृत्ति अभी भी कुछ स्थानों पर मौजूद है। उन्होंने महिला प्रतिनिधियों से कहा कि वे ऐसी प्रथाओं को खत्म करें और खुद को स्वतंत्र नेता के रूप में स्थापित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि चुनाव जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि पंचायत चुनाव समय पर और निष्पक्ष तरीके से हों। उन्होंने चुनाव के दौरान और उसके बाद भी चुनावी हिंसा की घटनाओं की ओर इशारा किया।

### जज शेखर कुमार यादव के बयान पर बढ़ा विवाद, सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव द्वारा विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक कार्यक्रम में दिए बयान पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे का संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट से इस मामले की पूरी जानकारी मांगी है। जस्टिस शेखर कुमार यादव ने 8 दिसंबर को एक कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के समर्थन में बहुसंख्यक के हिसाब से कानून जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनका विरोध शुरू हो गया। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद न्यायपालिका की गरिमा और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए। कैंपेन फॉर ज्यूडिशल अकाउंटिबिलिटी एंड रिफॉर्म (सीजेएआर) ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ इनहाउस जांच की मांग की है। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शेखर के बयान को नफरत फैलाने वाला बताते हुए जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग लाने की मांग की है। सिब्बल ने कहा कि इस तरह के बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर गंभीरता दिखाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### कृषि और ग्रामीण विकास के बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता: शिवराज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में कहा कि कृषि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैं। किसानों की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है। कृषि और ग्रामीण विकास के बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार, राजस्थान सरकार के साथ मिलकर खेती के विकास और किसान के कल्याण को लेकर बहुत गंभीर है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज पांचवीं अर्थवयवस्था है और जल्दी ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उसमें खेती का अहम रोल रहेगा। हम दुनिया का पेट भरेंगे। उन्होंने निवेशकों से कहा कि राजस्थान में निवेश की अनंत संभावनाओं का दोहन कीजिये। राजस्थान में निवेश कर समृद्ध और विकसित बनाईये। चौहान ने 3 लाख 41 हजार 6 सौ 20 मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राजस्थान में ग़रीबों के लिए आवास बनायें जायेंगे। इसमें 4 हजार 99 करोड़ रूपये की लागत आयेगी, इससे पहले 1 लाख 56 हजार 4 सौ 20 दे चुके हैं। भविष्य में भी जितनी आवश्कता होगी, वह पूरी करेंगे। हम सब की कोशिश है कि राजस्थान बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा।

## जीरो एफआइआर की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी डीएसपी स्तर के अधिकारी की हो: अमित शाह


**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हरियाणा में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, बीपीआर एंड डी के महानिदेशक, एनसीआरबी के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीन नए आपराधिक कानून, नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। गृह मंत्री ने हरियाणा को 31 मार्च, 2025 तक राज्य में नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। चर्चा के दौरान शाह ने तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि राज्य के हर ज़िले में एक से अधिक फॉरेन्सिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिएं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जीरो एफआइआर की मोनिट्रिंग की जिम्मेदारी डीएसपी लेवल के अधिकारी की हो, और प्रदेशों के हिसाब से अन्य भाषाओं में इनका अनुवाद सुनिश्चित हो। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक सभी पुलिसकर्मियों को सुनिश्चित करें कि समय पर न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को सभी पुलिस अधीक्षकों द्वारा निर्धारित समयसीमा के तहत मामलों की जांच सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

## ज्यादा गर्म पानी पीने से हो सकती है समस्याएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गर्म पानी का अधिक सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गर्म पानी का बहुत अधिक सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। लंबे समय तक अधिक गर्म पानी पीने से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जानते हैं गर्म पानी कैसे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। अधिक गर्म पानी का सेवन करने से गले में अंदरुनी जलन हो सकती है। स्टाइल क्रेज डॉट कॉम के अनुसार तेज गर्म पानी पीने से लैरींगोफैरिंक्स एडिमा का अनुभव हो सकता है। ये एक ऐसी समस्या है जिसमें रेस्पिरेटरी ट्रेक्ट बिगड़ सकता है और सांस लेने में समस्या आ सकती है। जब गर्म पानी त्वचा के संपर्क में आता है तो गर्मी से मांसपेशियां क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। अत्यधिक गर्म पानी से गले के टिशू



डैमेज हो सकते हैं। ये स्थिति थर्ड-डिग्री बर्न का कारण भी बन सकती है। हालांकि इस विषय पर अधिक शोध नहीं हुए हैं लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि गर्म नल के पानी में दूषित पदार्थ हो सकते हैं।

गर्म पानी करने वाले बॉयलर और टैंक में मैटेलिक पार्ट होते हैं जो पानी को दूषित कर सकते हैं। ठंडे पानी की तुलना में गर्म पानी इन दूषित पदार्थों को तेजी से घोल सकता है। ये लंबे समय बाद समस्या पैदा कर सकता है। अधिक गर्म पानी पीने से कई बार पेट में गर्मी बढ़ जाती है। पेट में गर्मी होने से मुंह और पेट में छाले हो सकते हैं। सर्दी के मौसम में गर्म पानी का सेवन एक निश्चित मात्रा में ही करना चाहिए। यदि गर्म पानी पीना ही है तो गुनगुना पिएं। सर्दी के मौसम में गर्म पानी पीने के कई लाभ हैं लेकिन तेज गर्म पानी का सेवन शरीर के लिए कष्टकारी हो सकता है। गर्म पानी का सेवन करने से पहले एक्सपर्ट से सलाह जरूर लें। हेल्थ एक्सपर्टर्स के अनुसार, वजन कम करने, गले की खराश और पेट से संबंधित किसी भी समस्या को कम करने के लिए लोग गर्म पानी का सेवन करते हैं। गर्म पानी पीने के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। कई फिटनेस एक्सपर्ट्स भी गर्म पानी पीने की सलाह देते हैं। गर्म पानी पीने से शरीर की ब्लड वैसल्स फैलती है और ब्लड सर्कुलेशन भी सुधरता है। यह दर्द में भी आराम दिलाने का काम करता है।

### प्रधानमंत्री ने गीता जयंती की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को गीता जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता भारत का दुनिया को सबसे प्रेरक उपहार है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक संदेश में कहा, "समस्त देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और परंपरा के मार्गदर्शक दिव्य ग्रंथ के उद्गम दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह पावन उत्सव हर किसी को कर्मयोग की राह दिखाए। जय श्री कृष्ण! प्रधानमंत्री ने एक्स पर गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक छोटी वीडियो क्लिप भी साझा की। इसमें उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता भारत का दुनिया को सबसे प्रेरक उपहार है। गीता पूरे विश्व की धरोहर है। गीता हजारों साल से प्रासंगिक है। विश्व के नेताओं से लेकर सामान्य मानव तक सभी को गीता ने लोकहित में कर्म करने का मार्ग दिखाया है। भारत के करीब-करीब हर घर में तो किसी न किसी रूप में श्रीमद्भगवद्गीता विराजमान है ही, दुनिया भर की अनेक महान विभूतियां भी इसकी दिव्यता से अछूती नहीं रह पाई हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### विधासभा के बाहर धरने पर बैठे मांडू विधायक



**रांची।** मांडू से आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो बुधवार को विधासभा के बाहर धरने पर बैठे हैं। हाथ में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द की जाए का तख्ती पकड़े हुए हैं। दरअसल, हजारीबाग में मंगलवार को जिस तरह से लाठीचार्ज हुआ उसको लेकर निर्मल महतो आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि वर्तमान सरकार छात्रों को लेकर संवेदनशील नहीं है। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल रद्द करना पड़ेगा नहीं तो झारखंड जलेगा और इसकी जिम्मेदार सरकार होगी। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

### किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीद 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बाबूलाल ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीद करें। साथ ही किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है।

### छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने मंशा स्पष्ट कर दी: चंपाई सोरेन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि एक कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। इसी तर्ज पर अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। चंपाई सोरेन ने लिखा है कि हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि नियुक्ति सहित किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो सीबीआई जांच के जरिये सरकार इस विवाद का सर्वमान्य हल निकाल सकती है लेकिन जिस प्रकार लाठी के दम पर युवाओं के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है। झारखंड की अगली पीढ़ी के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### नहीं रहे भाजपा के वयोवृद्ध नेता मुनीनाथ मिश्रा, लोगों ने जताई संवेदना



**खूंटी।** जनसंघ काल के वयोवृद्ध भाजपा नेता और पद्मभूषण कड़िया मुंडा के निकटतम सहयोगी मुनीनाथ मिश्रा( 82) का मंगलवार की देर रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से बीमार थे। रात को लगभग एक बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मुनीनाथ मिश्रा बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष भी थे। मुनीनाथ मिश्रा लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा के राजनीतिज्ञ सलाहकार के रूप में जाने जाते थे। कुछ महीनों पूर्व उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। कुछ दिनों के बाद वे खूंटी आ गये थे, लेकिन घर पर ही रहते थे। मुनीनाथ मिश्रा के निधन पर पद्मभूषण कड़िया मुंडा, सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, डॉ निर्मल सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, अनूप कुमार साहू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जगन्नाथ मुंडा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा, कृष्णानंद तिवारी, आनंद कुमार, संतोष जयसवाल निखिल कंडुलना, नारायण साहू सहित कई नेताओं और सामजिक कार्यकर्ताओं ने मुनीलनाथ मिश्रा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को तजना मुक्तिधाम में होगा।

### विधानसभा अध्यक्ष से दो विधायकों से की मुलाकात, दी बधाई



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्र महतो से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें विधानसभा के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान प्रदीप प्रसाद ने महतो के कुशल नेतृत्व और विधानसभा में उनके समर्पित योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में रवीन्द्र महतो का अनुभव और नेतृत्व सदन की मर्यादा और कार्यकुशलता को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा। प्रदीप प्रसाद ने विश्वास व्यक्त किया कि रविंद्र महतो के नेतृत्व में विधानसभा में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूती मिलेगी और सभी दलों के बीच समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में महतो का कार्यकाल प्रदेश के विकास और लोकतंत्र के लिए एक प्रेरणादायक अध्याय साबित होगा। इस अवसर पर सिमरिया के विधायक कुमार उज्जवल दास भी महतो को बधाई दी। उज्जवल दास ने भी अध्यक्ष के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन विधानसभा की कार्यवाही को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने सदन में रचनात्मक सहयोग और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से विधानसभा और प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके साथ सकारात्मक दृष्टिकोण साझा किया।

# झारखंड में लगातार बढ़ रही ठंड, अगले पांच दिनों तक मौसम रहेगा साफ



**रांची।** झारखंड में बारिश के बाद लगातार ठंड बढ़ रही है। साथ ही ठंडी हवाओं के साथ तापमान लगातार गिर रहा है। इसमें अभी और गिरावट की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। राज्य में कम से कम 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट आएगी। राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। अधिकतम तापमान अभी 27.6 डिग्री सेल्सियस है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। सुबह में कोहरा रहेगा लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान बुधवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान जमशेदपुर के अधिकतम तापमान में छह डिग्री की वृद्धि हुई है। राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 1.4 डिग्री और बोकारो में 3.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। न्यूनतम तापमान की बात करें, तो रांची में 3.9 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 3.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 2.7 डिग्री और बोकारो में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में वृद्धि के बाद रांची का उच्चतम तापमान 22.4 डिग्री, जमशेदपुर का 26.7 डिग्री, डाल्टेनगंज का 25.2 डिग्री, बोकारो का 23.1 डिग्री और चाईबासा का 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

## रांची सदर एसडीओ ने फुटपाथ पर सोने वाले बेघर लोगों को शेल्टर हाउस पहुंचाया



**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के आदेश के बाद में मंगलवार देर रात अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), सदर उत्कर्ष कुमार ने रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वालें बेघर लोगों को रेस्क्यू कर शेल्टर हाउस पहुंचाया। जो नहीं गए उनके लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था की गई ताकि ठंड से उनका बचाव किया जा सकें। कुमार ने अपर बाजार स्थित और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से शेल्टर होम के बाथरूम की साफ-सफाई और रिपेयर कार्य कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही शहर अंचल अधिकारी को मुख्य इलाकों में अलाव जलाने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री बेहद संजीदगी से लोगों की समस्या को जमीनी स्तर पर दूर करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा है कि रांची जिले के सभी लोगों के साथ जिला प्रशासन हमेशा खड़ा है। आम जनमानस उनसे कभी भी समस्या लेकर मिल सकते है।

## इस वर्ष शादी के चार लग्न बचे, सभी टेंट और केटरर बुक



**रांची।** राजधानी रांची में चार दिन बाद शहर में शहनाई की गूंज थम जाएगी। इस वर्ष 15 दिसंबर तक विवाह के चार लग्न ही बचे हैं। इनमें 11, 13, 14 और 15 दिसंबर को सैकड़ों शादियां होंगी। टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन कुणाल अजमानी ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष शादी के लग्न ज्यादा होने से टेंट-डेकोरेटर की डिमांड भी अधिक थी। उन्होंने कहा कि शहर में बैंक्वेट हॉल ज्यादा हो गए हैं और इनकी मांग भी टेंट हाउस से ज्यादा है। रांची में करीब 200 से 250 टेंट हाउस हैं और सभी चारों दिन बुक हैं। शहर में रोजाना हजारों शादियां हो रही हैं। झारखंड चैंबर के ज्वाइंट सेक्रेटरी नवजोत अलंग ने कहा कि शहर में करीब 100 बैंक्वेट हॉल हैं। इनकी बुकिंग महीनों पहले से शुरू हो जाती है। इस चार दिनों में लगभग सभी हॉल बुक हैं। हालांकि, मई-जून में शादियों के लिए बैंक्वेट हॉल की कम बुकिंग थी लेकिन नवंबर से लेकर दिसंबर तक ज्यादा बुकिंग रही। एलएनबी कैटरर्स के प्रकाश नाहटा ने कहा कि कैटरिंग का मार्केट इस वर्ष अच्छा रहा। यहां तो हजारों केटरर हैं। ऐसे में सभी के पास 2 से 4 शादियों तक की बुकिंग है। पंडित मनोज पांडेय ने कहा कि 16 दिसंबर को मूल नक्षत्र और धनु राशि में सूर्य दिन के 7.29 बजे प्रवेश कर जाएंगे। इसके बाद खरमास प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान एक महीने तक मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे। इसके बाद 14 जनवरी, 2025 को सूर्य मकर राशि में दिन के 2.48 बजे प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा और 16 जनवरी से मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे।

## चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की सजा बरकरार, अपील खारिज




**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है। इससे सजायाफ्ता को झटका लगा है। सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी। अपीलकर्ता ने सुखदेव नगर निवासी शंकर कुमार वर्मा से 13 लाख रुपये दोस्ताना लोन ली थी। बदले में 8.25 लाख रुपये चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था। चेक बाउंस मामले में 16 जनवरी, 2023 को केस हुआ था। सुखदेव नगर के न्यू किशोरगंज के आनंद नगर निवासी प्रदीप कुमार प्रजापति की सोनी देवी पत्नी है।

## सैलानियों को लुभा रहा खूंटी का लतरातू जलाशय



**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती खूंटी को प्राकृतिक सौंदर्य के रूप में कई सौगातें दी हैं, जो शायद ही झारखंड के किसी अन्य जिले में नजर आती हो। पेरवांघाघ, पंचघाघ, रानी फॉल, सप्तधारा, उलूंग, पांडूपुड़िंग, रिमिक्स फॉल सहित कई प्राकृतिक पर्यटन स्थल खूंटी जिले में आकर्षण का केंद्र हैं जबकि लतरातू जलाशय, रेमता जलाशय, बिरसा मृग विहार जैसे मानव निर्मित पर्यटन केंद्र हमेशा सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम, नकटी देवी, माता सोनमेर मंदिर सहित कई धार्मिक स्थल भी युगों से लोगों के लिए आस्था के केंद्र रहे हैं। खूंटी जिले के लतरातू डैम हाल के दिनों में सैलानियों के लिए बड़े आकर्षण केंद्र के रूप में उभरा है। लतरातू डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और मनोरम दृश्य के लिए लोकप्रिय है। समय के साथ इसे पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए और भी आकर्षक बनाया जा रहा है। लतरातू डैम के चारों ओर हरे-भरे जंगल, साफ-सुथरी झील और पक्षियों की चहचहाहट इसे एक आदर्श पिकनिक स्थल बनाते हैं। यहां आकर आप बोटिंग समेत अन्य मनोरंजक चीजों का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान परिवार और दोस्तों के साथ बहुमूल्य समय बिताने कर लिए बढ़िया विकल्प है। साथ ही प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीन के लिए भी एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है।

**प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा लतरातू डैमः उपायुक्त-** लतरातू जलाश के संबंध में खूंटी के उपायुक्त लोकश मिश्रा कहते हैं कि यह काफी आकर्षक है। यहां वर्षभर प्रकृति प्रेमियों और सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। विशेषकर नवंबर से लेकर फरवरी तक तो यहा सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से लतरातू डैम को एक प्रमुख पर्यटन और पिकनिक स्थल के रूप में विकसित करने की पहल की गई है। लतरातू जलाशय के विकास के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। उपायुक्त ने कहा कि हमारा प्रयास है कि लतरातू डैम घूमने के लिए आने वाले पर्यटक एक अद्भुत अनुभव प्राप्त करें और इस क्षेत्र की सुंदरता और संस्कृति का आनंद लें। साथ ही उन्होंने पर्यटकों से अपील की कि डैम क्षेत्र में सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। प्रकृति की सुंदरता को संरक्षित करने के लिए कचरा न फैलाएं और पिकनिक के दौरान डैम के निकट सतर्कता बरतें।

## विधानसभा सत्र में 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## लोकसभा में उठाया गया मंडल डैम निर्माण का मामला



**पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) निर्माण कार्य से संबंधित मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना स्थित है। इस परियोजना में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने, लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योग धंधों की जरूरत की परिकल्पना है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार बनने पर 1622.27 करोड़ रूपये की लागत से इस परियोजना के पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला। प्रधानमंत्री ने पांच जनवरी 2019 को इस परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में आकर रखी। प्रधानमंत्री के जरिये शिलान्यास करने के बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आशा जगी, परन्तु डूबे हुए क्षेत्र के ग्रामीणों के जरिये मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकार की उदासीनता के कारण लगभग छह महीने कार्य रूका रहा और निर्माण कार्य पर व्यापक असर पड़ा और तब से अब तक उक्त कंपनी के जरिये निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। कार्य शुरू नहीं होने से जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां उत्पन हो रही है। डूबे हुए क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास तथा शेष कार्यो के लिए जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार जरिये संशोधित लागत राशि के प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट की ओर से चार अक्टूबर 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं। उक्त राशि राज्य सरकार को मिल चुकी है, परन्तु राज्य सरकार ने उक्त राशि को डूब क्षेत्र के ग्रामीणों का मुआवजे और पुनर्वास के लिए वितरित नहीं किए जाने के कारण परियोजना का निर्माण कार्य लंबित है।सांसद ने केन्द्र सरकार से मांग की कि राज्य सरकार को उक्त परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित करने की कृपा की जाये।

## यात्री बस और बाइक में सीधी टक्कर, बाइक चालक की मौत, एक घायल



**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के ओरमेंजा गांव के पास बुधवार को यात्री बस और बाइक की हुई सीधी टक्कर में ज्योतिष होरो (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आलोक टोपनो नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक रनिया थाना क्षेत्र के गरई डिगरी गांव का रहनेवाला था, जबकि घायल आलोक मरचा मिशन का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार ज्योतिष होरो की पत्नी सदर अस्पताल खूंटी में भर्ती है। ज्योतिष अपने दोस्त आलोक टोपनो के साथ अपनी पल्सर बाइक से कंबल पहुंचाने अस्पताल जा रहा था। इसी क्रम में ओरमेंजा गांव के पास बाइक चालक ने विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस को सीधी ठोकर मार दी। इससे ज्योतिष हीरो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे रेफरल अस्पताल ले जाया गया, पर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही ज्योतिष होरो की मां एंजलीना होरो और कई परिजन रेफरल अस्पताल पहुंचे। बेटे का शव देखते ही उसकी मां बार-बार बेहोश हो रही थी। परिजन उसे ढाढ़स दे रहे थे। तोरपा थाना की पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों का सौंप दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर मंत्री से मिलीं विधायक श्वेता सिंह



**बोकारो :** बोकारो विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने रांची स्थित मंत्रालय में झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह से विस्थापितों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर उन्हें बोकारो के उत्तरी विस्थापितों क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनसे विस्थापित समस्याओं के निदान का अनुरोध किया। इसके साथ ही बोकारो विधानसभा की जनता की तरफ से मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रीमती श्वेता सिंह ने मंत्री को अवगत करवाया कि विगत 75 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बोकारो के विस्थापितों की समस्या जस की तस है। उन्होंने बताया कि बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के निर्माण के बाद उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को न तो पंचायत में शामिल किया गया और न ही किसी अन्य सरकारी सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बोकारो के इन गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका, जिसके कारण ये लोग सभी सुविधाओं से वंचित हो गये। हालांकि, यहां रहने वाली एक लाख की आबादी विधायक और सांसद चुनती है, लेकिन ये लोग गांव की सरकार नहीं चुन पाते हैं। नियोजन, विद्युत, सड़क, पेयजल, शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी इन क्षेत्रों में जर्जर है। शहर से समीप होने के बावजूद यह क्षेत्र सभी मूलभूत सुविधाओं से काफी पिछड़ा हुआ है।विधायक श्रीमती सिंह ने मंत्री दीपिका सिंह पांडे से सभी मामले को बिंदुवार तरीके से व्यक्तिगत रूप से संज्ञान में लेते हुए मामले का निष्पादन करने का अनुरोध किया। इस दौरान उनके साथ राज कुमार सिंह, प्रदीप मंडल, मिथुन मंडल, महेश मंडल, जन्मजय महतो, अमित कुमार, गफ्फार अंसारी, राजन सिंह, अजीत कुमार, संतोष मुर्मू, सरोज कुमार, विनोद राय, कलाम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### बोकारो में युवा लायंस फोर्स ने निकाली आभार यात्रा



**बोकारो :** युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा ने बुधवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर आभार यात्रा निकाली। मोटरसाइकिल सवार कार्यकर्ताओं की यह यात्रा चास के तलगड़िया मोड से शुरू होकर जामगोडिया, बाधाडीह, बोदरो, पारटांड, मुधुनिया, मालखुटा, कारीटांड, बांशा, बांधडीह, उसरडीह होते हुए बिजुलिया मोड स्थित विनोद बिहारी महतो चौक पर विनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समाप्त हुई। बिजुलिया मोड़ में सभा को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि युवा लायंस फोर्स की ओर से हमने चुनाव के समय जनसंपर्क के दौरान लोगों से वादा किया था कि अगर झारखंड में गठबंधन की सरकार बनेगी तो हम फिर इसी तरह आभार यात्रा निकालकर आपकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराने का काम करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि यात्रा के दौरान सभी गांवों में विभिन्न समस्याएं आईं, जिनमें मुख्य रूप से तालगड़िया रोड को फोरलेन बनाना तथा सड़क किनारे रहने वाले लोगों को धूल की समस्या से निदान हेतु सड़क किनारे सुबह-शाम पानी का छिड़काव, लाइट की व्यवस्था, पर्वतपुर कोल ब्लॉक को जल्द से जल्द चालू कराना, जाम की समस्या को लेकर नो एंट्री लागू कराना आदि शामिल थीं। देव शर्मा ने सभी समस्याओं को सुनकर जल्द ही बोकारो उपायुक्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम का ज्ञापन सौंपकर सभी समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया। मौके पर युवा लायंस फोर्स के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बोकारो के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर मंत्री दीपिका पाण्डेय से बोकारो विधायक ने की मुलाक़ात

**बोकारो** : विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो के उत्तरी विस्थापितों क्षेत्रों में निवास करने वाली जनता की समस्याओं को लेकर विस्थापितों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ रांची स्थित मंत्रालय में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मिलकर मंत्री को अवगत करवाया कि विगत 75 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बोकारो के विस्थापितों की समस्या जस की तस है। ज्ञात हो कि बीएसएल प्लांट के निर्माण के बाद उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को न तो पंचायत में शामिल किया गया और न ही किसी अन्य व्यवस्था में,जिसके कारण इन गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को सरकार के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका.जिसके कारण ये लोग सभी सुविधाओं से वंचित हो गये.

# हिंदी मीडियम के बच्चों के लिए खेल दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : बुधवार को संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो इस्पात नगर के हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यायल के प्रधानाचार्य फॉदर अरुण मिंज , एस. जे. एवं सफल उद्योगपति प्रदीप खेड़िया विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के साथ किया जिसमें फॉदर अरुण एवं प्रदीप खेड़िया ने सलामी ली। तत्पश्चात् कप्तान एवं उपकप्तान ने मशाल दौड़ की शुरुआत की जिसमें विभिन्न हाउसों के कप्तान भी शामिल हुए। विद्यार्थियों के लिए कुल 42 विभिन्न प्रकार के खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत विशिष्ठ अतिथि के सिटी बजाने से हुआ। 'अ' खंड लड़कों में 100 मीटर दौड़ में रौशन कुमार को स्वर्ण पदक एवं लड़कियों में खुशी कुमारी को स्वर्ण पदक मिला। वहीं मास ड्रिल और मार्च पास्ट में ब्रिटो हाउस चैम्पियन बनकर उभरा। साथ-ही ब्रिटो हाउस ने ही खेल दिवस का चैम्पियनशिप का भी खिताब उठाया। सोशल सर्विस स्कूल की उपप्रधानाध्यापिका सिस्टर जेन्सी ने लड़कों में 'अ' खंड के प्रेम कुमार और खुशी कुमारी को चैम्पियन खिलाड़ी का पुरस्कार से नवाजा। 'ब' खंड के आशीष और रचना को भी सर्वश्रेष्ठ चैम्पियन खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि फॉदर अरुण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुआ कहा कि विद्यार्थियों को खेल एवं पढ़ाई साथ ले कर आगे बढ़ना चाहिए एवं उन्होंने मौजूद अभिभावकों का भी धन्यवाद दिया। विशिष्ठ अतिथि प्रदीप खेड़िया ने फॉदर अरुण को शुक्रिया अदा करते हुआ कहा कि यहाँ मौजूद हर एक विद्यार्थी देश का उभरता हुआ सितारा है। साथ-ही उन्होंने बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद में भी अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ शिक्षिका किरण ने धन्यवाद प्रस्ताव में सोशल सर्विस स्कूल के सभी शिक्षकवृंद, खेलकूद शिक्षक शशि सर एवं अमृत लता के साथ साथ पूरे विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया जिनकी वजह से इतना भव्य आयोजन हो पाया। मौके पर प्लस टू एवं हाई स्कूल के उप-प्राचार्य के साथ कुछ विदेशी मेहमान भी मौजूद रहे। कार्यकम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## राज्यस्तरीय तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता प्रारम्भ



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : 19वीं झारखंड राज्यस्तरीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 2024 बुधवार से बोकारो के जैप 4 मे शुरू हो गयी.यह प्रतियोगिता 11 से 13 दिसंबर तक चलेगी, जिसमे राज्य के कुल 8 टीमें भाग ले रही है.जिसमे कुल 148 पुलिस प्रतिभागी भाग ले रहे है. कार्यक्रम के उद्घाटन की घोषणा उत्तरी छोटनागपुर के पुलिस महानिरीक्षक डॉ माइकल राज एस ने किया, जिसके बाद उपस्थित अधिकारियो ने कार्यक्रम का उद्घाटन गुब्बारा उड़ाकर कर किया.कार्यक्रम शुरुआत के पूर्व पुलिस अधिकारियो ने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर पुष्पांजलि अर्पित की.इसके बाद प्रतिभागी पुलिसकार्मियों ने मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर के पुलिस महानिरीक्षक डॉ माइकलराज एस को सलामी दी.इसके बाद प्रतिभागियों ने शपथ लिया. मुख्य अतिथि डॉ माइकलराज एस ने कहा कि यह एक खेल है जिसमे प्रतिभागी भाग ले रहे है, यह बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक है.इस प्रतियोगिता के जीते प्रतिभागी नेशनल प्रतियोगिता मे भाग लेंगे. उन्होंने कहा कि शूटिंग प्रतियोगिता आवश्यक है चूंकि नक्सलीयों के खिलाफ अभियान मे यह आवश्यक होता है. इससे पुलिस कर्मियों की कुशलता, उनके क्षमता का विकास होता है.

## डायट संकाय सदस्यों ने किया पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण



बोकारो : पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय, कसमार का निरीक्षण बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिण्ड्राजोरा के संकाय सदस्य डॉ सुषमा रानी, अमरेन्द्र वैद्य एवं मटिल्डा सोरेन की त्रिस्तरीय टीम ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्ग कक्ष, विद्यालय परिसर, कॉरिडोर, आई टी रूम, पुस्तकालय, ईको क्लब गार्डेन, शिक्षक कक्ष, हाउस नोटिस बोर्ड, एमडीएम भोजनालय आदि का अवलोकन किया एवं व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने पी एमश्री +2 उच्च विद्यालय, कसमार को जिले के बेहतरीन विद्यालयों में से एक बताया। संकाय सदस्यों ने कहा कि यह विद्यालय राज्य स्तर पर भी और ऊंची पहचान बनाने में सक्षम है। उन्होंने ईको क्लब द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। संकाय सदस्यों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों एवं बाल संसद सदस्यों को संबोधित करते हुए हाउस नोटिस बोर्ड, वर्ग कक्ष सूचना पट्ट, पुस्तकालय, छात्र उपस्थिति एवं आगंतुक रजिस्टर आदि का और बेहतर तरीके से संचालन करने पर बल दिया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ अवनीश कुमार झा, ईको क्लब के नोडल शिक्षक महाकांत झा, अशोक कुमार रजवार, सुजाता कुमारी, जितेन्द्र कुमार सिंह, खुर्शीद रजा, अमित कुमार, सुभय कुमार चक्रवर्ती, नजरूल इस्लाम, रिजवान अहमद, त्रिभुवन नाथ पांडेय, रिशु कुमार, सन्नी शरण, सुभाष चन्द्र ठाकुर, कुमार राजेश, अब्दुस सलाम, दिनेश कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, पलक मुखर्जी, रिया कुमारी, गौतम कुमार आदि उपस्थित थे।

## दूसरी बार विधायक बने अनूप सिंह का अभिनन्दन समारोह में स्वागत

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**कसमार (रंजन वर्मा) :** बोकारो झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 संपन्न के उपरांत बेरमो विधानसभा क्षेत्र के जरीडीह प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा आहूत आज बुधवार को ग्राम बांधडीह स्थित तेतरियाडीह के जरीडीह प्रखंड कांग्रेस आवासीय कार्यालय में सम्मान,धन्यवाद,बधाई सह आभार कार्यक्रम इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस कमिटी, जरीडीह की बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल के अध्यक्षता में हुई जिसमें बेरमो विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय, युवा, यशस्वी, विकास पुरुष आदरणीय कुमार जय मंगल (अनुप सिंह) दूसरी बार बेरमो का विधायक बनने पर विधायक, कुमार जय मंगल सिंह को संयुक्त रूप से बधाई देते हुए अत्यंत मेहनत, परिश्रम के जरिए उल्लेखनीय व उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए पंचायत अध्यक्षों,बूथ के सदस्यों एवं ऊर्यावान साथियों को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी को अभिवादनआभार व्यक्त किया गया।साथ-ही-बोकारो जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देश पर 26 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक संविधान बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम निश्चित किया गया हैं जिसमें सम्मानित कांग्रेस पदधिकारिगण, वरिष्ठ नेतागण,सभी प्रकोष्ठों के प्रखंड अध्यक्षगण, पंचायत अध्यक्षगण एवं उर्जावान कांग्रेस साथियों से आग्रह किया गया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल किया जाय जरीडीह प्रखंडअध्यक्ष अशोक मंडल ने जो विकास कार्य करते हैं उनके लिए जनता का आशीर्वाद पुनः मिला है इसलिए जनता आभारी के पात्र है श्री मंडल ने कहा कि संगठन को ओर अधिक मजबूत किया जाए इसके लिए सभी पदाधिकारी का निर्देश का सही ढंग से अनुपालन किया जाना चाहिए

# श्री सायुज्य क्रिया-योग महोत्सव में बोकारो सहित पूरे झारखंड से भाग लेंगे सैकड़ों साधक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

### नववर्ष उत्सव पर दिल्ली में निखिल-शिष्यों का होगा विराट समागम




**बोकारो** : परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी महाराज ( डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली जी) की दिव्य छत्रछाया में दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार (निखिल मंत्र विज्ञान) की ओर से दो-दिवसीय श्री सायुज्य क्रिया योग महोत्सव का आयोजन आगामी 28 और 29 दिसम्बर को होगा। नववर्ष के स्वागत में आयोजित इस शिविर में देश-विदेश से हजारों की संख्या में निखिल शिष्यों विराट समागम होगा। बोकारो, धनबाद, देवघर, रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड से सैकड़ों की संख्या में निखिल शिष्य उक्त शिविर में भाग लेंगे। साधकों को परमपूज्य गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी गुरु दीक्षा के साथ-साथ श्री सायुज्य क्रियायोग की विशेष शक्तिपात दीक्षा प्रदान करेंगे। सिद्धाश्रम साधक परिवार, बोकारो के अध्यक्ष पी एन पांडेय एवं महासचिव विजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में झारखंड से अधिकाधिक साधकों की भागीदारी को लेकर सभी जिलों में निखिल मंत्र विज्ञान के कार्यकर्ताओं की बैठकें हो रही हैं और इसके लिए प्रचार-प्रसार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में 28-29 दिसम्बर, 2024 को निखिल मंत्र विज्ञान एवं सिद्धाश्रम साधक परिवार के तत्वावधान में नववर्ष का उक्त विशेष उत्सव शिष्यों को नवीन प्रेरणा, नवीन चेतना और नवीन ऊर्जा प्रदान करने के लिए सम्पन्न किया जाता है। उक्त महोत्सव के माध्यम से पूज्य गुरुदेव अपने शिष्यों में आध्यात्मिक चेतना का संचार करेंगे, जो वर्तमान समय में हर मानव के लिए आवश्यक है। निखिल मंत्र विज्ञान के संयोजक डॉ. राम चैतन्य शास्त्री एवं मनोज भारद्वाज ने भी नववर्ष 2025 के आगमन से पूर्व आरोग्यधाम की पुण्य धरा पर आयोजित इस महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान सनातन धर्मियों व साधकों से किया है।

## कांग्रेस के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष से मिले बोकारो जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : रांची में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने मुलाकात करते हुए इंडिया गठबंधन को झारखण्ड में मिली प्रचंड जीत की बधाई दिया। बोकारो जिला में महागठबंधन के सभी सीटे पर विजयी प्राप्त कर भाजपा का सफाया करने पर बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के सराहनीय कार्यों पर परिचर्चा किया गया।साथ ही बोकारो जिला में शताब्दी समारोह के उपलक्ष में आगामी 26 दिसंबर को स्मारक कार्यक्रम एवं 28 दिसंबर 2024 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 140वें स्थापना दिवस गौरवशाली वर्षो का जश्न बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा भव्य रूप मनाए जाने पर विशेष चर्चा किया गया।

## समाज सेवा में सक्रियता ने कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट के संस्थापक प्रकाश सिन्हा को दी पहचान

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**धनबाद** : कदमों के कुछ निशान बना। रख खुद पे भरोसा तू, कुल , ऊंची शान बना। बदल दे अपनी दुनिया, नई धरती, नया आसमान बना, अपनी अलग पहचान बना। अपनी अलग पहचान बना।

हम बात कर रहे हैं धनबाद के प्रकाश सिन्हा की जिन्होंने पिछले 5 सालों में धनबाद ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड , बिहार सहित देश के कई राज्यों में एक अपनी एक अलग पहचान बनाई है. शुरू से ही समाज हित में काम करने की जज्बा रखने का एक जुनून लेकर श्री सिन्हा ने सन 2019 में कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट की स्थापना की इसके बाद उनके समाज हित के कार्य को पंख लग गया और समाज से लोगों को समाज के लिए जोड़ना चालू कर दिया. पिछले 5 वर्षो से ट्रस्ट एक मंच पर गरीब बेटे - बेटियों को सम्मान और छात्रवृत्ति देकर तथा कई बच्चियों के शादियों में सहयोग देकर एक अलग छवि बना चुके हैं. श्री सिन्हा पिछले 8 वर्षों से मानव अधिकार मिशन से भी जुड़े हैं और उन्होंने मानव हित में कई बेहतर कार्य कर चुके हैं. यही नहीं श्री सिन्हा ने एक कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट का विवाह ग्रुप बनाया जिसके माध्यम से सैकड़ो बेटे बेटियों का विवाह सुनिश्चित कराकर एक मंच पर लोगों को मदद प्रदान किया. इसके अलावे एक रोजगार ग्रुप भी बना कर कई बेरोजगारों को मदद भी कराये ,खबर आज तक से बात करते हुए श्री प्रकाश सिन्हा ने बताया कि बचपन से समाजहित में कार्य करने का जूनून था उसवक्त का जूनून जब बड़ा हुआ तब सोचा की समाज में हम उन जरुरत मंद की मदद कर के लोगो को मदद करते रहे, प्रति वर्ष ट्रस्ट के द्वारा असहाय सेवा केंद्र ,बृद्धाश्रम ,अनाथालय एवं दरिद्रनारायण की भी समयानुसार ट्रस्ट परिवार सेवा करते आ रहे है ।कायस्थ शिरोमणी सेवा ट्रस्ट की अपनी बैंक खाता ,वेबसाइट, है जो आयकर अधिनियम के तहत ऑडिट और रिटर्न भी फ़ाइल हो रहा है ,और वेबसाइट का अपडेट होता है।

## भीख मांगने वाले पीने की पानी को खरीद कर पीने को मजबूर

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**गोमिया** : झारखंड के देहातो में एक कहावत प्रचलित "जाएगा बेटा नेपाल साथ में जाएगा कपार" कपार मतलब ( माथा किस्मत) यही हाल है स्वांग कोलियरी में निवास करने वाले गांधीग्राम के निवासियों का बीते साल समाज के मुखिया के तुगलकी फरमान से झारखंड सहित देश-विदेश में स्वांग उत्तरी पंचायत स्थित गांधी ग्राम का नाम चर्चा में आया था, तब शासन प्रशासन ने यहां पहुंचकर बड़े-बड़े वाइदे और इनके विकास और उत्थान के लिए कई योजनाओं का धरातल पर लाने की बात कही थी, बताते कुछ हद तक उस घटना के बाद इन लोगों को सरकारी सुविधा उपलब्ध हो पाई ,इसी क्रम में जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास के तहत इस गांव के 44 लोगों को प्रखंड के सियारी पंचायत में पक्के का मकान बना कर दिया साथ ही उसके चारों ओर सुरक्षा दीवार भी खड़ी की बिजली की सुविधा भी दिलाई पानी की व्यवस्था भी की गई सोलर युक्त बोरिंग के तहत डीप बोरिंग,चापानल भी लगाया गया लेकिन किस्मत जिनके साथ नहीं होता उन्हें तकलीफ झेलने ही होते हैं चाहे जहां पहुंच जाए या जहां रहे ,ऐसा ही कुछ गांधीग्राम के लोगों के साथ हुआ है 44 लोगों को पक्के का मकान मिलने के बाद इन लोगों का परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहा प्रशासन द्वारा जो डिप बोरिंग लगाई गई उसमें से पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है, थोड़ा बहुत कुछ पानी आता भी है तो वह भी काफी खराब ,ना नहाने योग्य न पीने योग्य चापानला की स्थिति भी ऐसी ही है एक घंटा प्रयास के बाद एक आध बाल्टी वह भी गंदा पानी नसीब हो पता है ,बिजली की आंख में मिचोंनि से तो ग्रामीण काफी परेशान है ग्रामीणों की माने तो संवेदक द्वारा जो पक्के का मकान बनाया गया है वह भी काफी खराब और जर्जर स्थिति में है मकान के दीवारों से कंक्रीट और बालू आए दिन झड़ता रहता है जिससे रहने वालों को खासी परेशानी होती है ग्रामीणों ने कहां की इससे बेहतर हालत में हम लोग पहले जहां थे वही थे सीसीएल से जलवान कोयला उपलब्ध हो जाता था, सीसीएल द्वारा पानी भी प्राप्त होता था ,यहां आने के बाद हम लोगों के समक्ष काफी परेशानी हो रही है पीने का पानी खरीद कर पीना पड़ता हैं ,हम लोगों को पेशा मांग कर खाना है, उसी में कुछ पैसे आते हैं जो पानी खरीदने में खर्च हो जा रहे हैं ,ग्रामीणों ने कहा की अधिकारी आते हैं महीना करते हैं फोटो खींचते और चले जाते हैं हम लोगों की स्थिति जस की तस हैइस सम्बन्ध मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महादेव महतो ने कहा कि समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल के बच्चों के बीच बैग वितरण कार्यक्रम



**बरहरवा/साहिबगंज**। बरहरवा प्रखंड अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र मिर्जापुर बांग्ला के मध्य विद्यालय मिर्जापुर उर्दू, मध्य विद्यालय बेलडांगा तथा मध्य विद्यालय मिर्जापुर बांग्ला, के आलावे लगभग दर्जन भर प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में प्रथम से लेकर अष्टम वर्ग के बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। वहीं बैग वितरण के दौरान बच्चे बहुत ही उत्साहित थे। बैग वितरण किए जाने के दौरान लगभग सभी जगह पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के आलावे विद्यालय परिवार से जुड़े बहुत से लोग उपस्थित थे। बच्चों के बीच बैग वितरण किए जाने को लेकर ग्राम शिक्षा समिति के लोगों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा उसे प्रोत्साहित किया। मालूम हो कि बरहरवा प्रखंड के लगभग एक तिहाई विद्यालयों में स्कूल बैग का वितरण कर दिया गया है और शेष बचे विद्यालयों में बैग वितरण किए जाने को लेकर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बुधवार को बैग वितरण किए जाने के दौरान मिर्जापुर उर्दू विद्यालय के सचिव मिनसर अंसारी, शिक्षक खुश मोहम्मद शेख, शेख शादी, मोहम्मद नासिर बेलडांगा में राजेश प्रमाणिक आदि शिक्षक मौजूद थे।

### भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**राजमहल/साहिबगंज**। तालझारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेहदी गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के बैनर तले शिक्षक एवं विद्यार्थीयो के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कलस्टर लिडर राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा नदी में आए मगरमच्छ एवं गंगा नदी में जलीय जीवो जैसे कछुआ,डॉल्फिन आदि की विस्तृतीत जानकारी दिया साथी ही विद्यार्थियों एवं शिक्षक से अपील किया इन जलीय जीवो को बिना वजह न छेड़ा या घायल किया जाय।नहीं तो भारतीय दण्ड संहिता 1972 के तहत ना साल का कारावास एवं 1.50 लाख से अधिक का जुरमाना भी हो सकता है।इस कार्यक्रक में संस्थान के कलस्टर लिडर राजेश कुमार सिंह,फिल्ड असिस्टेन ललन कुमार मंडल,वर्ड गारड सह गंगा प्रहरी आदित्य कुमार मंडल,विद्यालय प्रभारी मोहम्म हिजहार उद्दीन,और सहायक शिक्षक सहदेब ठाकुर उपस्थित रहे।

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत 33 हजार हाई टेंशन तार के चपेट में आने से एक व्यक्ति का सदर अस्पताल ले जाने के दौरान मृत्यु हो गया। मृतक का पत्नी लीला देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पति राजू मंडल उम्र 45 वर्षीय, पिता स्वर्ग खोका मंडल, छोटा पंचगढ़ जिरवाबाड़ी के रहने वाला सुबह 10 बज कर 15 मिनट में झंडा मेला के नीचे पोखर के पास एक शीशम का वृक्ष के ऊपर चढ़कर टहनी छाट रहा था, और 33 हजार का हाई टेंशन तार वृक्ष के बगल से गुजरा हुआ था। टहनी छाटने के दौरान हाई टेंशन तार पर टहनी जा गिरा जिससे मृतक राजू मंडल को 33 हजार हाई टेंशन करंट का झटका लगा और वह वृक्ष से जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। जहां परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज लेकर आया जहां डॉक्टर केशव कृष्णा इलाज में तुरंत लग गए, वही डॉक्टर केशव कृष्णा एवं डीएस डॉक्टर मोहन मुर्मू ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। जिरवाबाड़ी थाना को घटना की सूचना दे दी गई थी, पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया किया जा रहा था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### चतुर्थ फैमिली स्पेशल ड्राइव में दस मामले का सेटलमेंट

**साहिबगंज**। झालसा के निर्देशानुसार, 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक संजय कुमार उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के मार्गदर्शन में फैमिली कोर्ट से संबंधित मामले को लेकर चतुर्थ फैमिली स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया है। तीसरा दिन साहिबगंज न्याय मंडल के अंतर्गत कुटुंब न्यायालय से संबंधित10 मामले का सेटलमेंट किया गया। वर्ष 2024 का अंतिम फैमिली कोर्ट से संबंधित मामलों को लेकर स्पेशल ड्राइव चल रहा है ज्ञात होगी 14 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से जिला विभाग न्यायालय परिसर साहिबगंज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

### दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम "मनोन्याय "का समापन



**साहिबगंज** । मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त व्यक्तियों के मानवीय अधिकार एवं मौलिक स्वतंत्रता के संबंध में, नालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 10 दिसंबर से व्यवहार न्यायालय परिसर साहिबगंज स्थित लोक अदालत भवन में अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । 11 दिसंबर को उक्त कार्यशाला का समापन किया गया। उक्त कार्यशाला में विश्वनाथ भगत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज, अधिवक्ता लालबाबू यादव, सरदार आनंद गोपाल सिंह, गौतम प्रसाद सिंह, कूल्हेंदु प्रसाद, संजय मिश्रा, मुनीलाल मंडल, अजय कुमार, संजय कुमार , एल ए डी सी रविंद्र श्रीवास्तव ,कामिनी शर्मा सहित साहिबगंज, बोरियो,बरहेट, तालझारी प्रखंड, सी डब्लू सी ,साहिबगंज नगर एवं मुफस्सिल थाना , सरकारी अस्पताल से संबंधित दर्जनों पीएलवी उपस्थित थे।

# विद्युत आपूर्ति की विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहेबगंज





बुधवार को विद्युत सर्किल कार्यालय मे दुमका विद्युत आपूर्ति क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमे दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में समीक्षा बैठक की ओर चल रहे योजना आरडीएसएस, मुजे ,पीएम जुगा योजना,स्कीम में चल रहे कामों के बारे में जानकारी हासिल की।जिसमें कार्य कर रहे एजेंसियों को बुलाकर छुटे हुए टोला ग्रामीण शहर चल रहे कार्यों को निर्धारित समय के पूर्व में काम करने का निर्देशित किया।साथ ही ग्रामीण में शहरी क्षेत्र में अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल्द से जल्द कामों को निपटारा करने को कहा गया।ओर उन्होंने यह भी कहा कि यह सभी कामों को दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि जिस गांव मोहल्ले में बिजली लाइन का पॉल एवं तार चर्च स्थिति में अगर है तो उसे इस स्कीम के तहत जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।इस बैठक में मौजूद विद्युत आपूर्ति क्षेत्र दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विशेष कर राजस्व को लेकर विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता कनीय अभियंता के साथ विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा के बारे में विशेष कर राजस्व,बिलिंग,आदि की उगाई पर पूरा ज्यादा ध्यान देने को कहा।

# वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के मेडिकल सहायक उपकरण वितरण हेतु जांच शिविर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहेबगंज

राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत साहेबगंज सदर प्रखंड कार्यालय में जिला प्रशासन तथा अलिमको द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के मेडिकल सहायक उपकरण वितरण हेतु जांच कैंप आयोजित किया गया।राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के तहत, बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक सहायता और सहायक उपकरण मुफ़्त में दिए जाएंगे। इस योजना का मकसद, उम्र से जुड़ी किसी भी तरह की दिव्यांगता या कमज़ोरी से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को मदद करना



है। इस योजना के तहत, वरिष्ठ नागरिकों को ये सहायक उपकरण दिए जाते हैं,वॉकिंग स्टिक, कोहनी बैसाखी, वॉकर या बैसाखी, ट्राइपॉड या क्वाडपॉड, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, कृत्रिम डेन्चर, चश्मा।इस योजना के लिए, वरिष्ठ नागरिकों को इन शर्तों का पूरा करना होता है जिनमें वे बीपीएल परिवार से संबंधित हों। उनके पास वैध बीपीएल कार्ड होना चाहिए। वे आयु से जुड़ी किसी बीमारी से पीड़ित हों। दृष्टि हानि, श्रवण हानि, दांतों की हानि, या लोको-मोटर विकलांगता जैसी दिव्यांगता हो। इसका कार्यान्वयन कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( अलीमको ) करता है। वहीं आज दिनांक 12 दिसंबर 24 को नगर परिषद परिसर में यह कैंप आयोजित की जाएगी।

## नवनिर्वाचित विधायिका ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर भूमि सम्बन्धी समस्याओं को लेकर सौपा ज्ञापन



**बरहरवा**। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक निसात आलम ने बुधवार को राजधानी रांची के झारखंड विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात कर पाकुड़ में झारनेट के धीमी नेटवर्क के कारण भूमि संबंधित कार्य प्रभावित होने के मामले को लेकर अवगत कराया विधायक निसात आलम ने बताया कि पाकुड़ में यह व्यवस्था काफी धीमी गति से चल रही है जिस कारण झारखंड सरकार का वेबसाइट झारभूमि सही तरीके से नहीं चल रहा है क्योंकि झारनेट का स्पीड काफी कम है और इस कारण यहां की इंटरनेट सही तरीके से काम नहीं कर रहा है और जिसका नतीजा यह हो रहा है कि पाकुड़ में भूमि संबंधित सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं और इसका सीधा असर यहां के जनमानस पर पढ़ रहा है विधायक ने मुख्यमंत्री से इस दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की पूरे मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक निसात आलम को आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया।

## दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम "मनोन्याय "का समापन



**साहिबगंज**। बुधवार को मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त व्यक्तियों के मानवीय अधिकार एवं मौलिक स्वतंत्रता के संबंध में, नालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 10 दिसंबर से व्यवहार न्यायालय परिसर साहिबगंज स्थित लोक अदालत भवन में अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । 11 दिसंबर को उक्त कार्यशाला का समापन किया गया। उक्त कार्यशाला में विश्वनाथ भगत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज, अधिवक्ता लालबाबू यादव, सरदार आनंद गोपाल सिंह, गौतम प्रसाद सिंह, कूल्हेंदु प्रसाद, संजय मिश्रा, मुनीलाल मंडल, अजय कुमार, संजय कुमार , एल ए डी सी रविंद्र श्रीवास्तव ,कामिनी शर्मा सहित साहिबगंज, बोरिया,बरहेट, तालझारी प्रखंड, सी डब्लू सी ,साहिबगंज नगर एवं मुफस्सिल थाना , सरकारी अस्पताल से संबंधितदर्जनों पीएलवी उपस्थित थे।

## अम्बिका पब्लिक स्कूल में फुटबॉल व खो-खो प्रतियोगिता आयिजत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

अम्बिका पब्लिक स्कूल, जैनामोड़ के खेल मैदान में जूनियर फुटबॉल और सीनियर खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता के दौरान विधार्थियों में जबरदस्त उत्साह और खेल भावना देखने को मिली। खिलाडियों ने अपने कौशल का परिचय दिया। लगभग चार घंटे तक चले इस प्रतियोगिता में छात्र छात्र ग्रुप आर्यभट्ट, जूनियर खो-खो ग्रुप में सीवी रमन, सीनियर ग्रुप छात्र में सीवी रमन तथा छात्रा ग्रुप में आर्यभट्ट ग्रुप ने इनाम पर कब्जा जमाया। हेडमास्टर कुमार विजय सौरभ ने विद्यार्थियों को कहा कि हार और जीत की चिंता छोड़कर मैदान बाजी मार लेने का जज्बा जिसमें हो, वही लोग कामयाब हुए हैं। खेल में संयोजक संजय सिंह निर्णायक मंडल में स्मिता तिर्की, अंजू कुमारी और दिनेश शर्मा के साथ-साथ स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरमसिया, बरहेट में विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन



**बरहेट /साहेबगंज**: बरहेट प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरमसिया बरहेट में विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया। बुधवार को बरमसिया ग्राम प्रधान सुशील टुडू की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक की गई जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता अभिभावक विद्यालय के शिक्षक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि ने हिस्सा लिया । जिसमें बतौर पर्यवेक्षक उत्क्रमित उच्च विद्यालय बोड़बाध के शिक्षक बाल कृष्ण यादव एवं मध्य विद्यालय सिमलढाब के चुनचुन यादव ने प्रबंध समिति का पुनर्गठन के नीमा की जानकारी उपस्थित लोगों को दिए । इसके बाद सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष भजन हांसदा को चुना गया और वाजदा तबासुम को उपाध्यक्ष बनाया गया । आयोजित बैठक उपस्थित रहे ग्रामीणों ग्राम पंचायत मुखिया के पति असराफुल अंसारी, वार्ड सदस्य के पति उदय टुडू,अमित टुडू, मुंशी टुडू, श्री जलपा हेम्ब्रम,जियारुदीन अंसारी,कलाम मोमिन, मंगल मरांडी, मोतीलाल तुरी, सुनील टुडू पूर्व फौजी, सरकार टुडू,मो. मुनीर अंसारी सहित अन्य।,

### छोटा पचगढ़ ज्योतिया मोड़ में मृतक लालमोहन रिखियासन के मरणोपरांत श्रद्धांजलि सह शोक सभा का आयोजन

**साहिबगंज**। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ ज्योतिया मोड़ के पास बुधवार को मृतक लालमोहन रिखयासन के मरणोपरांत श्रद्धांजलि सभा सह शोक सभा का आयोजन किया गया।जहां इस कार्यक्रम को बौद्ध रीति रिवाज से भंते सुनीत पाल पालीगंज पटना के द्वारा संपन्न किया गया।जिसमें मृतक की पत्नी विमला देवी,पुत्र लोकेश कुमार,पारस कुमार,पुत्री प्रतिभा कुमारी,ओनम कुमारी,भाई सुनील रिखयासन के अलावा जय नारायण बौद्ध रामदेव बौद्ध, कैलाश पासवान,मोतीलाल सरकार,आर. एस.के.रमन,मदन प्रसाद हरिजन,शंभू बौद्ध,खुशी लाल मंडल उर्फ विनोद बौद्ध, रामस्वरूप,विभीषण पासवान, रामेश्वर मंडल,रमेश चंद्र मंडल, फुल कुमार रजक,दारा पासवान, रणधीर प्रसाद चौरसिया,बलदेव राम,योगेंद्र पासवान,विश्वजीत पल्लव कुमार सुमन,प्रमोद कुमार मंडल के अलावे दर्जन लोग महिला पुरुष बच्चों ने उपस्थित होकर मृतक लालमोहन को पुष्प से पुष्पांजलि अर्पित एवं शोक सभा अर्पित किया।

## तीनपहाड़ थाना का अपना भवन जल्द से जल्द होः रजनी कान्त यादव

**साहिबगंज**। जिले के तीनपहाड़ थाना का जल्द से जल्द अपना भवन हो इसके लिए झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केन्द्रीय सचिव रजनी कान्त यादव ने जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने पत्र की कॉपी मुख्य सचिव झारखंड सरकार,पुलिस महानिदेशक झारखंड एवं उपायुक्त साहिबगंज को भी भेजा है।श्री यादव ने कहा कि ये तीनपहाड़ थाना वर्षों से अब तक रेलवे के एक छोटे से क्वार्टर में चल रहा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है,जबकि ये तीनपहाड़ थाना अन्तरराज्यीय सीमा के ख्याल से काफी नजदीक है जो कानून-व्यवस्था के मद्देनजर काफीं महत्वपूर्ण है इसलिए इसका अपना भवन समुचित व्यवस्था एवं आधुनिक तकनीकी के साथ न होना कभी कभी कानून व्यवस्था के लिए कमी साबित होता रहा है।

# एक महिला ने अपने बच्चे को दिखाने आई शिशु रोग विशेषज्ञ के पास मगर भटकती रही, ओर डॉक्टर अपने ड्यूटी से रहे नदारद

**साहिबगंज**। बुधवार को सदर अस्पताल में अपने बच्चे का इलाज कराने पहुंची महिला ने शिशु रोग विशेषज्ञ के इंतज़ार में दो घन्टे से अधिक समय तक भटकती रही।मगर बुधवार को डॉक्टर साहब एसएनसीयू ओपीडी से लगभग 1 बजे दोपहर को अपने ड्यूटी से नदारत दिखे। महिला बच्चे को लेकर कभी सामान्य ओपीडी तो कभी ऊपरी मंजिल एसएनसीयू वार्ड का चक्कर काटने को विवश थे।यह महिला अंजुमन नगर की निवासी नाजिया खातून है। महिला ने प्रेस को बताया कि वे अपने दो बच्चे को लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंची। उसका बच्चा को सर्दी-खासी व बुखार था। वे रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सीधा ओपीडी में गई। जहां उसे कहा गया कि एसएनसीयू वार्ड में शिशु रोग विशेषज्ञ से दिखाने को कहा गया।




लेकिन जब एसएनसीयू वार्ड में गई तो वहां कोई भी डॉक्टर नही थे। एसएनसीयू वार्ड में संबंधित कर्मी ने उसे दोबारा उस महिला को नीचे सामान्य ओपीडी में भेज दिया। लेकिन सामान्य ओपीडी में भी उसे नही देखा गया है। महिला का आरोप है कि करीब 1 बजे तक शिशु रोग विशेषज्ञ नही पहुंचे थे। इसके चलते वे घण्टो बच्चो को लेकर सदर अस्पताल में भटकती रही। वही यह सदर अस्पताल का पहला मामला नही है कि यहां एसएनसीयू वार्ड में समय पर डॉक्टर नहीं पहुंचते है। आये दिन ऐसा मामला डॉक्टर तरुण कुमार के ड्यूटी में देखने को मिलता है। जबकि कई बार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर



तरुण कुमार को नही रहने पर सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया ने कार्रवाई करते हुए कई बार उनसे स्पष्टीकरण भी पूछा गया। इसके बावजूद भी डॉक्टर समय पर अस्पताल नही पहुंचते है। इस वजह से दूर-दराज से आये मरीज व परिजनों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुमार छुट्टी के लिए आवेदन दिए है। इधर प्रशासनिक डीएस डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि इस मामले डॉ. तरुण कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया है। इसमे उन्होंने जवाब में दिया कि वे छुट्टी के लिए आवेदन दिए है। लेकिन इस संबंध में डीएस को कोई जानकारी नही है। न ही आवेदन में स्वीकृति किया गया है। इस मामले में एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024



# डीसी ने किया कांके प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

## अनुपस्थित पाये गये सीओ को शो-कॉज व वेतन रोकने का निर्देश



**रांची, एजेंसी।** डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को कांके प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. शाम करीब 04:30 प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही डीसी ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस मंगवाकर सभी की उपस्थिति की जांच की. प्रखण्ड कार्यालय में बारी-बारी से सभी कर्मियों की उपस्थिति जांचते हुए उन्होंने बीडीओ को अनाधिकृत रुप से उपस्थित रहनेवाले कर्मियों पर नियमसंगत कार्रवाई करने के निर्देश दिये.

### अंचल अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश

अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी जय कुमार अनुपस्थित पाये गये. डीसी ने अंचल अधिकारी को शो-कॉज करने और वेतन रोकने का निर्देश दिया गया. कांके अंचल के अमीन रामलाल महतो के 9 एवं 10 दिसंबर को हेहल अंचल में कार्य किये जाने को सत्यापित करवाने का भी निर्देश डीसी ने दिया. डीसी ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कर्मी ससमय कार्यालय आयें और पूरी कार्यावधि के दौरान तन्मयता से कार्य करते हुए आमजनों की समस्याओं का निष्पादन करें.

### समस्याओं का करें त्वरित समाधान: डीसी

डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड तथा अंचल के लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच की. मौजूदा एवं पिछले वित्तीय वर्ष में अबुआ आवास का लक्ष्य और कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्वरित गति से आवास पूर्ण करवाने के निर्देश दिये.

उपायुक्त द्वारा किस्त के भुगतान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया. अंचल अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में म्यूटेशन के लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने यथाशीघ्र मामलों का निष्पादन करने को कहा. उन्होंने कहा कि सभी यह सुनिनिश्चत करें कि आमजनों को बेवजह कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े.

### प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश

बढ़ती ठंड के मद्देनजर उपायुक्त द्वारा कांके प्रखण्ड के प्रमुख स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि इस बात भी ध्यान रखें कि ठंड में रात्रि में कोई भी खुले जगह में न रहे. साथ ही प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए डीसी ने बीडीओ से पानी, बिजली, शौचालय, सोलर सिस्टम आदि व्यवस्था की जानकारी ली. उन्होंने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर अवस्थित सीडीपीओ, बीएसओ, बीपीओ, सीएससी सहित अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों के कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिये.

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांके का निरीक्षण

डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांके का भी निरीक्षण किया. उन्होंने सभी पालियों में चिकित्सकों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच करते हुए सभी को ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया. स्वास्थ्य केन्द्र के एंबुलेंस में पर्याप्त ऑक्सीजन की उपलब्धता एवं साफ-सफाई का निर्देश दिया गया. उन्होंने सभी वार्डों में पानी, साफ-सफाई, जेनरेटर, सोलर सिस्टम एवं अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने को भी कहा।

---

**संक्षिप्त समाचार**



### सदर एसडीओ ने बेघर और लाचार लोगों को पहुंचाया शेल्टर हाउस, बांटे कंबल

**रांची, एजेंसी।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रांची में बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को फुटपाथ पर सोने वाले बेघर और लाचार लोगों को कंबल देने और जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये शेल्टर होम (आश्रय गृह) में रखने का निर्देश दिया है. साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव की समुचित व्यवस्था कराने को कहा है. डीसी के इस आदेश के तहत सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार की देर रात रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वालों को शेल्टर हाउस पहुंचाया. वहीं जो शेल्टर हाउस नहीं जाना चाहते थे, उनके लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था की. ताकि ठंड से उन्हें बचाया जा सके. एसडीओ ने अपर बाजार और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण भी किया. इस दौरान उन्होंने शेल्टर होम के बाथरूम की साफ- सफाई और रिपेयरिंग का काम करने का निर्देश दिया. सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शहर अंचल अधिकारी को मुख्य इलाकों में अलाव जलाने का भी निर्देश दिया.

### झारखंड विस विशेष सत्र : सदन में 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश, मंईयां योजना के लिए 6390.55 करोड़ आवंटित



**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ. इसके बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया . यह चालू वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट है. इसमें मंईयां योजना के लिए 6390.55 करोड़ आवंटित किया गया है. वित्त मंत्री ने इस बजट के जरिये से राज्य सरकार की विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया. अनुपूरक बजट पेश होने के बाद इसके बाद सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी.

### झारखंड जमीन घोटाले में 9 आरोपियों की बढ़ीं मुश्किलें, ईडी कोर्ट में हुई सुनवाई; कसेगा शिकंजा

**रांची, एजेंसी।** ईडी कोर्ट ने सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री करने के 9 आरोपियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है।

इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपितों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में पेश किया गया। अगली पेशी की के लिए दो जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। कोर्ट ने छवि रंजन, कारोबारी अमित अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इसके अलावा जमीन दलाल रिम्स का कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तलहा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। एक आरोपित दिलीप घोष जमानत पर है। बता दें कि इस मामले में जमानत के लिए डीसी छवि रंजन ने पहले भी जमानत याचिका दायर की थी, जिसे ईडी कोर्ट और हाईकोर्ट ने पूरी तरह से खारिज कर दी थी। इन पर आपसी मिलीभगत से मूल दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर, जालसाजी से रांची में जमीनों की खरीद-बिक्री के आरोपों की पुष्टि हुई थी। ईडी की चार्जशीट में बताया है कि भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से भू-माफियाओं के पक्ष में फर्जी तरीके से इन भूखंडों का नामांतरण किया गया है।

---

## मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रीमद्भागवत कथा ही श्रेष्ठ मार्ग : महंत राजीव लोचन

**धनबाद, एजेंसी।** हाउसिंग कॉलोनी में चल रहे सप्ताह व्यापी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के सातवें दिन अयोध्या से आये महंत राजीव लोचन शरण महाराज ने बताया कि भगवान ने सोलह हजार एक सौ आठ विवाह कर समाज को यह संदेश दिया प्रत्येक मानव को एक सूत्र में बंधकर जीवन जीना चाहिए. जिसे समाज और दुनिया के लोग अपना बनाने में परहेज करते हैं, वैसे लोगों को प्रभु अपना बनाते हैं. सोलह हजार एक सौ आठ राजकुमारियों पर जब लोगों ने कलंक लगाया, तब उनके सामने आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था, तब प्रभु ने उन राजकुमारियों को अपनाकर जीवन साथी का दर्जा दिया. सुदामा चरित्र पर बताया कि सुदामा चरित्र से यह शिक्षा मिलती है कि व्यक्ति को हमेशा संतोषी जीवन जीना चाहिए. सुदामा गरीब थे, पर परम संतोषी थे. ब्राह्मण को भिक्षाटन करने का फल तभी मिलता है जब भिक्षा में जो भी दान मिले उससे संतुष्ट रहे, क्योंकि देने वाला हमेशा बड़ा होता है. कथा व्यास ने कहा कि कलियुग में मोक्ष प्राप्त करने का श्रीमद्भागवत कथा ही श्रेष्ठ मार्ग है. परीक्षित महाराज को श्राप मिलने पर भी श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मुक्ति मिलती है, क्योंकि व्यक्ति के जीवन में सात दिन बाद आठवां दिन नहीं होता है. मौके पर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गयी. श्रीकृष्ण के रूप में श्रुति, रुक्मिणी के रूप मे प्राची, बाराती के रूप मे खुशबू एवं अन्य ने शानदार प्रस्तुति दी. उसके बाद कथा को विश्राम दिया गया. कल कथा स्थल पर हवन पूर्णाहुति होगी.

---

## नगर विकास मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिले चैंबर के पदधारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड चैंबर आफ कामर्स के पदधारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह व स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें विभागीय प्रभार ग्रहण करने पर व्यापारियों की ओर से बधाई दी. प्रतिनिधिमंडल ने विभागों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपने सुझाव से भी अवगत कराया. जिसपर मंत्रीगण ने सकारात्मक विचार के लिए आश्वस्त किया.

### झारखंडी पर्यटन स्थल

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रायः यह देखा जाता है कि योजना कार्यान्वयन में विलंब के कारण विभाग द्वारा आवंटित बजटीय राशि का समुचित खर्च नहीं किया जाता और अंततः वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् राशि सरेंडर कर दी जाती है. इससे जनहित से जुड़े कार्य प्रभावित होते हैं, विभाग को इसपर गंभीरता से चिंतन करने की जरुरत है. बताया गया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ राज्य को मिले.



### युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के मुद्दों पर हुई चर्चा

ग्रामीण स्तर पर रोजगार के सृजन और युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई. यह आश्वस्त किया गया कि विभाग द्वारा तय किये जानेवाले मॉडल वर्किंग में व्यापारी वर्ग विभाग के साथ सहयोगात्मक भूमिका में रहेंगे. राज्य के विकास में व्यापार और उद्योग जगत की भूमिका को अहम बताते हुए मंत्रिगण ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से विकासात्मक मुद्दों पर कार्रवाई की बात कही. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार और श्रम उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत शामिल थे.

---

## झारखंड में सत्ता संभालने के बाद हेमंत सरकार ने दे दी एक और खुशखबरी ! शिक्षक बहाली को लेकर आया नया अपडेट



**रांची, एजेंसी।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने मंगलवार को विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों को मातृभाषा में पढ़ाई कराने की दिशा पर विभाग काम करे।

उन्होंने कहा कि जिस जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की लिपि उपलब्ध है, उसमें पढ़ाई के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। विधानसभा सत्र के बाद वे इसे लेकर फिर बैठक कर अंतिम निर्णय लेंगे।

मंत्री ने बैठक में शिक्षकों की नियुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति में जो भी विधिक अड़चनें हैं उन्हें दूर करते हुए शीघ्र रिक्त पदों पर नियुक्ति करें।

मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन की पिछली सरकार ने जो भी निर्णय लिए थे तथा जो घोषणाएं की थीं, उनका अनुपालन शीघ्र हो। मंत्री ने पारा शिक्षकों, बीआरपी-सीआरपी, कस्तूरबा विद्यालयों की शिक्षिकाओं की समस्याओं के भी शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बच्चों को पोशाक, किट, साइकिल आदि शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इससे पहले अधिकारियों ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग तथा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा संचालित योजनाओं तथा उनकी प्रगति की जानकारी दी।

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी और झामुमो केंद्रीय सदस्य कान्हू सामंत ने गुलदस्ता देकर बधाई दी। मंत्री ने नेताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री रामदास सोरेन ने सोमवार को अपने कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की।

पहली बैठक में ही मंत्री रामदास सोरेन ने झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के अपने इरादे से अधिकारियों को अवगत कराया। शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को अग्रणी राज्य बनाए जाने को लेकर मंत्री ने कई सुझाव दिए हैं। समीक्षा बैठक में अधिकारियों से विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई।

इस विभागीय बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग के सचिव, निदेशक, परियोजना निदेशक सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी ली। बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना, झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय व जेसीइआरटी के कार्यों की समीक्षा की गई।

---

## अनगड़ा व नामकुम में अवैध बालू लदा वाहन जब्त

**रांची, एजेंसी।** रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों को काफी गंभीरता से लिया है. डीसी ने इस तरह की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए इसपर कार्रवाई करने का निर्देश सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को पूर्व में ही दे दिए हैं. इसी क्रम में डीसी के निर्देश पर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर को जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया. जिसपर जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा नामकुम थाना क्षेत्र एवं अनगड़ा थाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण के क्रम में अवैध बालू गश्ती के दौरान अवैध बालू के ट्रकों को पकड़ा गया.



**रामपुर चौक पर तीन वाहनों को किया जब्त:** अवैध बालू लदे वाहन की सूचना मिली कि बुंडू से नामकुम की तरफ कुछ अवैध बालू लदा टर्बो आ रहा है. निरीक्षण के क्रम में नामकुम थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी गई. इस पर रामपुर चौक के पास खड़ी पुलिस गश्ती दल ने रामपुर चौक से बुण्डू की तरफ जाने के क्रम में 5 बजे सुबह शर्मा होटल के पास बालू लदे तीन टर्बो गाड़ियों को रुकने का इशारा किया. तो ड्राइवर वाहनों को छोड़कर भाग गया. टीम ने वाहनों की जांच की तो किसी भी वाहनों में बालू से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं मिला. बिना वैध कागजात के अवैध बालू परिवहन करने पर टीम ने टर्बो वाहन जेएचओएलडीएफ 7079, जेएचओएल बीपी-1629 एंव जेएच12 सी- 5139 को जब्त कर लिया. इसकी निगरानी के लिए आरक्षी की तैनाती की गयी. दूसरी तरफ हाइवे पेट्रोलिंग दल ने रिंग रोड पर सरवल के पास बालू लदे टर्बो रोड किनारे खड़ी की जांच की. इसमें भी बालू से सम्बंधित वैध कागजात नहीं मिलने पर टर्बो स0 जेएचओएल बीएच-5688 जब्त किया गया.

उधर अनगड़ा थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती के दौरान सूचना मिली कि अनगड़ा से रांची की ओर कुछ अवैध बालू लदे टर्बो आइचर, हाइवा आ रहा है. सुबह 4:50 बजे में ठरपखना अनगड़ा में वाहनों को निरीक्षण के लिए लिए रोका गया. तो ड्राइवर वाहनों को छोड़कर भाग गया. वाहनों की जांच करने पर किसी भी वाहन में वैध परिवहन कागजात नहीं मिला. पुलिस ने बिना वैध चालान का बालु परिवहन करने पर हाईवा- 03, आइचर -03 व टर्बो- 01 को जब्त कर लिया. वहीं पुलिस टीम आइचर हाईवा- जेएच-01-डीएल-4859, जेएच -01-एफपी-0502, ओडी-15 यू-7009, आइचर वाहन संख्या- जेएच-01एफवी -6883, जेएच-01-एफई-1854, जेएच-01-एफएम-6883, टर्बो- जेएच- 05-डीटी-6063 के वाहन मालिकों, ड्राइवरों एवं इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कारवाई में जुट गई.

---

## बैठक में दिखा चंपई सोरेन का जलवा, अपने विधायकों से कह दी क्लियर कट बात; सियासत तेज

**रांची, एजेंसी।** भाजपा विधायक दल की बैठक मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विधायकों को संबोधित किया। दोनों नेताओं ने कहा कि चुनाव में भले ही जनता ने हमें सरकार बनाने का अवसर नहीं दिया लेकिन मजबूत विपक्ष के लिए हमें जनादेश मिला है। इस दौरान चंपई सोरेन मजबूत नेता के तौर पर नजर आए।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विधायकों से क्लियर कट बात करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम के दौर से बाहर निकलने का वक्त है। आपलोग अब तैयार हो जाइए। अब भाजपा के विधायक और कार्यकर्ता सदन और सड़क दोनों जगह सरकार की गलत नीतियों का विरोध करेंगे। हालांकि, सकारात्मक कार्य का समर्थन किया जाएगा।



भाजपा के प्रदेश बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जेएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि परिणाम में कई विसंगतियां मिली हैं। लगातार एक क्रम से अभ्यर्थियों के पास होने के बाद परीक्षार्थियों के मन में सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की शंका और गहरी हो गई है। छात्र सीजीएल परीक्षा में सीट बेचने का आरोप लगा रहे हैं। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि छात्रों की संतुष्टि के लिए जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के पूरी प्रक्रिया की सीबीआई जांच कराएं। भाजपा छात्र हित में सड़क से लेकर सदन तक सीजीएल परीक्षा में हुई साजिश के खिलाफ आवाज उठाएगी।

बता दें कि इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चंपई सोरेन के साथ-साथ उनके पुत्र बाबू लाल सोरेन को भी टिकट दिया था। हालांकि, बाबू लाल सोरेन घाटशिला सीट नहीं जीत सके। चंपई सोरेन ने इस सीट के लिए भी काफी जोर लगाया था। चंपई सोरेन ने सरायकेला सीट पर झामुमो प्रत्याशी गणेश महली को 20447 वोटों से हराया था।

वहीं, गणेश महली ने 98932 वोट प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रेम मार्डी को 40056 वोट मिले हैं। सरायकेला सीट से वो तीसरे नंबर पर रहे। बता दें कि एक समय चंपई सोरेन हेमंत सोरेन के सबसे खास नेता माने जाते थे जिस वजह से उन्हें हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री भी बनाया था।

---

## झारखंड विधानसभा : इस मामले में बीजेपी रह गई पीछे, हेमंत सोरेन की 100 प्रतिशत परफॉर्मेंस

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में हेमंत सोरेन 100 की स्ट्राइक रेट से काम कर रहे हैं, वहीं, भाजपा काफी फिसड्डी साबित हो रही है। यहां, सरकार गठन के बाद छठी विधानसभा का पहला सत्र भी शुरू हो गया है। लेकिन इस सत्र में अब तक नेता प्रतिपक्ष नहीं चुना जा सका है, जो कि भाजपा के पाले में है।

वहीं हेमंत सोरेन ने सब काम क्लियर कर लिया है। नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण कराने के बाद विधायी कार्य भी निपटाए जा रहे हैं। विधानसभा के नए अध्यक्ष का भी चयन हो चुका है। लेकिन अब नेता प्रतिपक्ष का इंतजार हो रहा है।

भाजपा विधायक दल का नेता नहीं चुने जाने के कारण छठी विधानसभा का पहला सत्र बिना नेता प्रतिपक्ष के ही चल रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पार्टी जल्द ही विधायक दल के नेता का चयन कर लेगी। बता दें कि झारखंड की पांचवी विधानसभा भी लंबे समय तक नेता प्रतिपक्ष के बगैर चली थी। उस समय चुनाव परिणाम आने के कुछ दिनों बाद बाबूलाल मरांडी अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (झाविमो) का भाजपा में विलय कर भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने उन्हें विधायक दल का नेता चुना था, लेकिन स्पीकर के न्यायाधिकरण में दल बदल से संबंधित मामला लंबित होने के कारण विधानसभाध्यक्ष ने उन्हें लंबे समय तक नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं दी थी। इस मुद्दे पर अक्सर सदन में हंगामा होता था। लगभग चार वर्षों बाद भाजपा ने अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता चुनते हुए मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। इसके बाद बाउरी नेता प्रतिपक्ष बने थे। भाजपा में नई परिस्थितियों में विधायक दल का नेता किसे चुना जाएगा, यह तय नहीं है। फिलहाल कई नामों को लेकर चर्चा हो रही है और चयन को लेकर पसोपेश की स्थिति है। इसपर निर्णय लेने का जिम्मा राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपा गया है। विधायक दल का नेता चयन करने के पहले विधायकों से विचार-विमर्श किया जाएगा।



केंद्र से भेजे गए पर्यवेक्षक इसकी घोषणा करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को नेता घोषित किए जाने की अधिक संभावना है। रांची के विधायक सीपी सिंह भी रेस में बताए जाते हैं। फिलहाल ऐसा लग रहा है कि विधायक दल का नेता घोषित करने की प्रक्रिया में देर हो सकती है।

## रोजगार ढूंढना बड़ी चुनौती

हर साल 15 लाख इंजीनियरिंग छात्र जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना उनके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले सिर्फ 10 फीसदी नौजवानों को सिक्योर जॉब मिलने की संभावना रह गई है। वैसे इंजीनियरिंग स्नातक केवल 60 प्रतिशत हैं, जिन्हें आज बाजार में रोजगार पाने लायक समझा जाता है। केवल उद्योग जगत की बात करें, तो ऐसे स्नातकों की संख्या महज 45 फीसदी है। भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई और उससे प्रशिक्षित होकर निकले इंजीनियरिंग स्नातकों की बदहाली की ये कहानी मानव संसाधन क्षेत्र की एजेंसी टीमलीज की ताजा रिपोर्ट से सामने आई है। उसके मुताबिक इस बदहाली का प्रमुख कारण इंजीनियरिंग स्नातकों में आज के तकाजे के अनुरूप कौशल का अभाव है। भारत में हर साल 15 लाख छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना धीरे-धीरे उनके लिए एक बड़ी चुनौती बनता गया है। दुखद यह है कि संबंधित चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं बनी है। रिपोर्ट में उचित ही इस ओर ध्यान खींचा गया है कि लंबे समय से इंजीनियरिंग शिक्षा भारत के विकास की बुनियाद रही है। इसीलिए नौजवानों के लिए करियर का यह पसंदीदा विकल्प रही। देश में बुनियादी ढांचे के विकास एवं सकल प्रगति को आकार में इंजीनियरों की प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन अब हालत बदल चुकी है। तकनीकी उन्नति जिस दिशा में हुई, भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा को उसके अनुरूप विकसित नहीं किया गया। नतीजा अब भुगतना पड़ रहा है। नेसकॉम का अनुमान है कि अगले दो-तीन साल तक भारतीय तकनीकी सेक्टर को ऐसे दस लाख इंजीनियरों की जरूरत पड़ेगी, जो आर्टिशिफियल इंटेलीजेंस, बैटरी संचालित वाहनों, सेमीकंडक्टर और अन्य उन्नत हो रही तकनीक में पारंगत हों। लेकिन ऐसे इंजीनियर बहुत कम संख्या में तैयार हो रहे हैं। किसी भी देश में विकास के बुनियादी स्तंभ विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित में शिक्षित नौजवान होते हैं। मगर शर्त यह है कि उन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से क्वालिटी शिक्षा मिली हुई हो। इस कसौटी पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था नाकाम हो रही है, तो उसका अर्थ है कि अपना देश विकास की होड़ में पिछड़ा बना रहेगा।

## खून-खराबे और बर्बादी भरे असद के शासन का अंत

सीरिया के राष्ट्रपति असद भाग गए है। देश में सेना, प्रशासन और सरकार खत्म है। बांग्लादेश की हसीना वाजेद के हालिया पतन के बाद एक और तानाशाह के पतन की कहानी लिखी जा रही है। राष्ट्रपति के राजधानी दमिश्क से भागने के साथ ही, असद परिवार का सीरिया पर पिछले 50 सालों से चला आ रहा राज खत्म हो गया है। रविवार को सुबह-सुबह विद्रोही बलों ने दमिश्क में जयकारे लगाए। जश्न मनाते हुए हवा में गोलियां चलाईं। चारों ओर 'अल्लाह-हु-अकबर' की आवाजें गूंजने लगी। विद्रोही जनता को सीरिया पर नियंत्रण कायम करने में केवल 11 दिन लगे। विद्रोहियों के उत्तर-पश्चिमी सीरिया से अपने हमले शुरू करने के बाद से ही असद की सेना पीछे हटती गई, उन्हें विदेशी मदद न के बराबर हासिल हो सकी और उनके वफादारों ने देश छोडक़र भागना शुरू कर दिया। विद्रोहियों के लिए रास्ता साफ होता गया और एक हफ्ते के अंदर देश के पांच प्रांतों की राजधानियों पर असद का नियंत्रण खत्म था। उथलपुथल और अराजकता सीरिया के लिए नई बात नहीं हैं। वहां के लोग मुसीबतों के बीच जीने के आदी हैं। बशर अल-असद के जुल्मों के चलते वहां हालात पहले से ही बहुत खराब थे। खून-खराबा बड़े पैमाने पर हो रहा था और देश रहने लायक नहीं बचा था। फिर रविवार की सुबह देश देश पर इस्लामिक विद्रोहियों का कब्ज़ा हो गया। हालाँकि इससे असद के 24 साल के निर्मम शासन अंत हुआ है, लेकिन देश एक नर्क से निकल कर दूसरे नर्क में धकेल दिए जाने के मानिंद है। पिछली बार 2011 में असद गंभीर संकट में फंसे थे जब सीरिया के कई शहरों में जनता ने उनके सत्ता छोडऩे की मांग करते हुए बगावत की थी। उस समय असद ने सरकार की ताकत का इस्तेमाल अपनी ही जनता के खिलाफ करते हुए विरोध को सख्ती से कुचला था। धीरे-धीरे इस विरोध ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया। असद ने अपनी डरावनी जेलों से जेहादी कैदियों को रिहा करके उनकी खिलाफत कर रही ताकतों और जेहादियों के बीच टकराव पैदा करने का प्रयास किया। उसके बाद उन्होंने अपने मुख्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी रूस और लंबे समय के इलाकाई दोस्त ईरान की सहायता ली। ईरान ने लेबनान के शक्तिशाली हथियारबंद संगठन हिज्बुल्लाह के साथ मिलकर उन्हें सैनिक सहायता उपलब्ध करवाई जिससे वे देश पर दुबारा अपना नियंत्रण कायम करने में कामयाब रहे। इस गृहयुद्ध में तीन लाख से अधिक लोग मारे गए। कुछ अनुमानों के मुताबिक मरने वालों की संख्या इससे दोगुनी थी। दसियों हजार लोग जेलों में बंद हैं। सन 2011 से लेकर आज तक कैद किए गए लोगों में से करीब एक लाख या तो गायब हो गए या उन्हें गायब कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रतिनिधियों के मुताबिक, इन लोगों को योजनाबद्ध ढंग से क्रूर यातनाएं दी गईं। करीब 1.20 करोड़ लोग अपने घर छोडऩे को मजबूर हुए। देश में कई वर्षों तक युद्ध चलता रहा और इस दौरान सीरिया के बड़े शहरों पर असद का नियंत्रण बना रहा। मगर उत्तर-पश्चिम के कुछ पहाड़ी इलाकों में हयात तहरीर अल-शाम (एचईएस), जिसने 2017 में अलकायदा से नाता तोड़ लिया था, का कब्जा रहा। यह इलाका बाकी दुनिया से कटा हुआ था। यह संगठन असद के लिए बहुत मामूली खतरा नजर आता था किंतु उसने अचानक आक्रमण किया और कुछ ही दिनों में अल्लेपो पर कब्जा कर लिया। सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अल्लेपो में विद्रोहियों के कब्जे के कुछ ही दिनों बाद एचटीएस नेता अबू मोहम्मद अल-जोलानी लड़ाकों के घेरे में शहर के प्राचीन किले की सीढिय़ों से शान से नीचे उतरे, जहां उत्साहित भीड़ ने उनका स्वागत किया। जोलानी के पूर्व में अलकायदा से संबंध रहे हैं, जिस कारण अमेरिका ने अभी भी उन पर एक करोड़ डालर का इनाम रखा हुआ है। लेकिन जनता के बीच उसकी सतत मौजूदगी और अपने समर्थकों से सीधे संवाद करने के कारण वे इस विद्रोह के नेता बतौर देखे जाने लगे हैं। राष्ट्रपति के रूप में अपने आखिरी घंटों के दौरान असद ने हालात पर काबू पाने की हरचंद कोशिश की। चारों ओर से घिर जाने के बाद भी उन्होंने अरब देशों से मदद की गुहार लगाना जारी रखा।

# भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता



प्रियंका सौरभ

कोठारी आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफ़ारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर ज़ोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को ख़त्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की ज़रूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया। समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को ख़त्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर ज़ोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50% बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं। इंजीनियरिंग



और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँः शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है। डिजिटल शिक्षा के विकास के बावजूद तकनीकी बुनियादी ढाँचा अपर्याप्त बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। उदाहरण के लिएः डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट की पहुँच और डिवाइस की पहुँच अभी भी कम है, जिससे छात्रों का आधुनिक शैक्षिक उपकरणों से संपर्क सीमित हो जाता है। आमूलचूल परिवर्तन उच्च-दबाव वाली परीक्षाओं से दूर जा सकता है और अधिक निरंतर मूल्यांकन विधियों को अपना सकता है, जिससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम हो सकता है। सिंगापुर ने छात्रों के प्रदर्शन को मापने, तनाव को कम करने और सीखने के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर मूल्यांकन रणनीतियों को लागू किया है। आमूलचूल परिवर्तन से पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा को शामिल किया जा सकता है, जिससे पहुँच और सहभागिता बढ़ सकती है। कौशल-आधारित शिक्षा को शामिल करने जैसे पारंपरिक सुधारों से परे अभिनव समाधान। शुरुआती चरण में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल-आधारित शिक्षा शुरू करने से छात्रों को व्यावहारिक क्षमताओं से लैस किया जाएगा, जिससे वे कार्यबल के लिए तैयार होंगे। दक्षिण कोरिया तकनीकी शिक्षा को मिडिल स्कूल से अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करता है, जिससे एक कुशल कार्यबल तैयार होता है। ऑफ़लाइन और ऑनलाइन सीखने का संयोजन शैक्षिक विभाजन को पाट सकता है, जिससे जुड़ाव और पहुँच बढ़ सकती है। स्कूलों में मिश्रित शिक्षा दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को आमने-सामने बातचीत से लाभान्वित करते हुए डिजिटल सामग्री तक पहुँचने की अनुमति देती है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग स्कूलों के लिए बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और संसाधनों को बढ़ा सकता है, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में। ब्रिटिश काउंसिल भारतीय राज्यों के साथ मिलकर शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार और वैश्विक शिक्षण मानकों को पेश करती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर शिक्षण परिणाम मिलेंगे। उदाहरण के लिएः जापान ने अपने पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को एकीकृत किया है, जिससे छात्रों के कल्याण और प्रदर्शन में सुधार हुआ है। स्थानीयकृत शिक्षा मॉडलः क्षेत्रीय आवश्यकताओं और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप शिक्षा प्रणालियों को तैयार करने से जुड़ाव और प्रासंगिकता में सुधार होगा। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आमूलचूल सुधारों की आवश्यकता है। फिनलैंड के छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण और दक्षिण कोरिया के व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के साथ मिलकर समावेशी और टिकाऊ शैक्षिक परिणाम प्राप्त कर सकता है।

# भारत की आर्थिक चिंताएं बढ़ी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यकीनन इस समय बढ़ते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्त्रइल-ईरान संघर्ष के कारण भारत की भी आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढऩे, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटिवयर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझें हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडऩा शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढऩे के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर और नवम्बर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट के महीनों के रूप में दिखाई दे रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रु ख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ी है। एक चिंताजनक बात यह है कि ईरान और इस्त्रइल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। इससे खाद्य पदाथरे, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढऩे लगेगी। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि ईरान और इस्त्रइल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढऩे पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 21 नवम्बर तक भारत के पास 650 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है। यदि दुनिया के युद्धग्रस्त देशों में युद्ध और तेजी से बढ़ेगा तो कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढऩे का सिलसिला शुरू हो सकता है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढऩे के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढऩे का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढऩे पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। यह भी चिंताजनक है कि अभी देश में महंगाई बढऩे का रु झान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 14 नवम्बर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढक़र 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 4 महीने का उच्चतम स्तर है। बीते महीने खाद्य पदाथरे, विशेष रूप से सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें महंगी हो गई हैं। सितम्बर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 1.84 प्रतिशत थी। ज्ञातव्य है कि 12 नवम्बर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढक़र 6.21 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई का 14 महीने का उच्चतम स्तर है।

इससे पिछले महीने सितम्बर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज के साथ अन्य सभी प्रकार की सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि तथा महंगे हुए अनाज व फलों के कारण अक्टूबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर भी बढक़र 10.87 प्रतिशत हो गई, जबकि सितम्बर माह में यह 9.24 प्रतिशत तथा माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढऩा होगा।

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढऩे पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था अब इन देशों की संख्या बढक़र 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किए गए महंगाई नियंत्रण उपायों पर तुरंत कार्यान्वयन किया जाए। हम उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने पर सरकार बाजार की गिरावट रोकने के लिए भी रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। हम उम्मीद करें कि सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले जिन 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही कर रही है, उनके अलावा करीब 18 प्रकार के एपीआई का उत्पादन भी देश में ही करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी, ताकि दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। ऐसे बहुआयामी रणनीतिक प्रयासों से देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संघर्ष और विस्तारित होते रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों से बहुत कुछ बचाया जा सकेगा।

# भीड़ पसंद नहीं



डॉ प्रशान्त करण

क्यों भीड़ लगी है ? जिनसे मुझे काम नहीं है , वे न रहें . भीड़ न लगाएं - बड़े साहब ने चिड़चिड़ाते हुए कहा . पूरे विभाग में हल्ला हो गया - बड़े साहब को भीड़ पसंद नहीं है . संयुक्त सचिव ने आनन - फानन में विभागीय आदेश निकाल दिया . पूरे राज्य में हड़कंप मच गया . सभी जान गए कि बड़े साहब को भीड़ पसंद नहीं है . किसी गैर - सरकारी संस्था ने सूचनाधिकार में एक प्रश्न भेज दिया . लिखा था - विभागीय संयुक्त सचिव के आदेश के संबंध में जनहित में यह बताया जाए कि उक्त आदेश में जिस भीड़ का संदर्भ किया गया है , क्या विभाग यह स्पष्ट करेगा कि इस संदर्भित भीड़ की क्या परिभाषा है ? संयुक्त सचिव ने यह पत्र उप सचिव को भेज दिया . उप सचिव ने प्रशाखा पदाधिकारी को , प्रशाखा पदाधिकारी ने बड़े बाबू को और अंत में बड़े बाबू ने बाबू को यह पत्र भेज दिया . बाबू ने संचिका में यह लिखकर आगे बढ़ाया - भीड़ का शाब्दिक अर्थ एक ही स्थान पर लोगों का जमाव . विभाग जनता के कल्याण की योजना और उनके कार्यान्वयन के लिए है . यहाँ एक ही स्थान पर लोगों के जमाव से अधिकारीयों के चिंतन में व्यवधान होता है . किसी संचिका , निष्पादन , जिज्ञासा के लिए जनसम्पर्क विभाग पहले से कार्यरत है , वे अनावश्यक विभाग में आकर बड़े अधिकारियों का समय नष्ट करते हैं , जिससे उन्हें जनता की सेवा करने का समय कम मिलता है . विभाग जनता की सेवा को कृत संकल्पित और समर्पित है . संचिका अंत में बड़े साहब के पास पँहुची . उन्होंने संयुक्त सचिव को बुलाया और पूछा - यह प्रश्न जिस संस्था ने पूछा है ,उसका मुख्य व्यक्ति कौन है ? दो दिनों के बाद संयुक्त सचिव ने बताया कि अमुक जी हैं और पेशे से उच्च न्यायालय में वरीय अधिवक्ता हैं . बड़े साहब ने कहा - उसकी क्या औकात है कि कोई चीज पूछ सकता है ? लेकिन पता यह करो कि इसके पीछे असली व्यक्ति कौन है ? एक सप्ताह के बाद संयुक्त सचिव ने बड़े साहब को बताया कि इसके पीछे एक छोटा आदमी है जो हमारे विभाग को समय - समय पर मदद करता है . उसे ही आपने उस दिन डाँट दिया था . बड़े साहब आग - बबूला हो गए . इस टुच्चे छोटे आदमी की इतनी हिम्मत कि वह हमारे विभाग से प्रश्न करे ? वह कितना कमाता होगा ? अरे जितना मैं एक माह में आयकर देता हूँ , साल भर में भी वह उतना नहीं कमाता होगा. उसके मुँह पर कुछ पैसे दे मारो. मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं है . तभी अनुभवी बड़े बाबू ने कहा - सर , आप अन्यथा न लें . वह शुद्ध अंतःकरण से सिर्फ श्रद्धा और सेवा भाव से विभाग की मदद करता है . हमेशा विभाग के हित में काम करता है .बदले में कुछ नहीं लेता . गरीब है लेकिन स्वाभिमानी है . सुनते ही बड़े साहब भड़क गए . यह आदमी मुझे पसंद ही नहीं है .उसे इधर टपकने ही मत दो . कोई जबाब की आवश्यकता नहीं है . मुझे भीड़ पसंद नहीं . कहकर बड़े साहब अपने काम में व्यस्त हो गए .




**मेष राशि–** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। किसी कार्य में अपनों की मदद आपको मिल सकती है। धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग आप कर सकते हैं। ये यात्रा सुखद भी रहेगी।

**वृष राशि–** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका सेहत बेहतर बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आज आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कर्क राशि–** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इससे आपको फायदा भी हो सकता है। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी।

**सिंह राशि–** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी।

**कन्या राशि–** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढऩे के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपको कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे।

**तुला राशि–** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। परिवार के कुछ मामलों में आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक राशि–** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं।

**धनु राशि–** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्त्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा।

**मकर राशि–** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से थोड़ी अनबन हो सकती है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

**कुंभ राशि–** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

**मीन राशि–** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
**फोन–** 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# भाजपा नेता की पत्नी ने की दूसरी शादी पति ने कहा-अप्रैल में हुई थी शादी, 5 लाख कैश लेकर घर से भागी

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में भाजपा नेता राकेश कुमार गुप्ता (30) ने अपनी पत्नी पर 5 लाख रुपए लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। पत्नी की दूसरी शादी की तस्वीर भी सामने आई है। इसको लेकर राकेश ने अपहरण का मामला दर्ज कराया गया है। मामला किशनगंज सदर थाना क्षेत्र का है। राकेश गुप्ता भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी है। मंगलवार को राकेश कुमार गुप्ता और उनके परिजन लड़की के घर पहुंचे तो हंगामा हुआ। लड़का पक्ष के लोगों का आरोप है कि लड़की पांच लाख कैश लेकर भाग गई है। इससे पहले लड़की की मां ने कई बार में 35 लाख रुपए लिए है।

वहीं, इस संबंध में लड़की के पिता धूप मोदक ने बताया कि राकेश गुप्ता से बेटी की शादी नहीं, बल्कि सगाई हुई थी। 6 दिसंबर को वे डॉक्टर से दवा लेने सिलीगुड़ी गए थे। वहां से वापस आने के बाद घर में बेटी नहीं मिली। पिता ने राकेश गुप्ता से रुपए लेने की बात से इनकार किया है।



## घर वालों की मौजूदगी में हुई थी शादी

वहीं, धर्मगंज निवासी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गंगा बाबू चौक की रहने वाली लड़की पिंकी (25) से अरेंज मैरिज हुई थी। 29 अप्रैल 2024 को जिला न्यायालय में दोनों ने शादी की थी। इस दौरान दोनों के परिजनों भी मौजूद थें। कोर्ट में शादी के बाद पांजीपारा के मंदिर में भी हिंदू रीति रिवाज से परिजनों की उपस्थिति में दोनों की शादी हुई थी। राकेश का आरोप है कि शादी के बाद लड़की की मां ने बेटी को उनके साथ भेजने से मना कर दिया। मां का कहना था कि अभी आपका घर ठीक नहीं है। पहले घर बनवा लें, फिर लड़की को विदा करेंगे। ससुराल वालों की बात मानते हुए मैंने भी लड़की को साथ ले जाने के लिए दबाव नहीं बनाया। हालांकि, लड़की का मेरे घर आना-जाना लगा रहता था। साथ घूमने भी जाते थे। इसी बीच लड़की और उसकी मां ने तरह-तरह से मुझ पर दबाव डालना शुरू कर दिया। कभी जमीन लेने के लिए तो कभी घर की रजिस्ट्री के नाम पर मुझ से लाखों रुपए लिए।

पुलिस को दिए आवेदन राकेश गुप्ता ने बताया कि 6 दिसंबर को डॉक्टर को दिखाने के लिए वह अपने ससुर और सास के साथ पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी गए थे। इस दौरान पत्नी ने हाल-चाल जानने के लिए फोन किया था। फोन पर बातचीत के दौरान ही पत्नी ने पांच लाख रुपए की डिमांड की थी। इसके बाद वो रुपए लेकर गायब हो गई। राकेश गुप्ता ने अपनी पत्नी के अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में आवेदन दिया था, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। राकेश गुप्ता ने बताया कि सिलीगुड़ी से किशनगंज पहुंचने पर पता चला कि बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिला के दो युवक मेरी पत्नी को लेकर गए हैं। उसने शक जताते हुए पुलिस को उसके खिलाफ आवेदन भी दिया। जिसके आधार पर टाउन थाना में उत्तर दिनाजपुर के राजीव कुंडू, जोयाय कुंडू व रतन कुंडू के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया।

## युवती के घर पर हुआ हंगामा

पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि लड़की से राजीव कुंडू शादी करने जा रहे हैं। अगले दिन लड़की और दूसरे युवक की शादी की फोटो सामने आई। मंगलवार को राकेश और उनके परिजन युवती के घर पहुंचे। जहां दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को शांत कराया। एएसआई दिलीप कुमार ने बताया कि लड़की वालों का कहना है कि वो यहां नहीं है। हम लोग घटना का सत्यापन कर रहे हैं। दोनों तरफ से मामला दर्ज किया गया है। अभी दोनों पक्ष को थाना में बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# औरंगाबाद में चार को उम्र कैद की मिली सजा : अपहरण के मामले में 19 साल बाद आया फैसला

**औरंगाबाद, एजेंसी।** आरंगाबाद में मंगलवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे 5 उमेश प्रसाद ने चार अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त रामवचन पाल, अनील सिंह, राजेश पासवान और मुनारिक राम को हत्या के इरादे से अपहरण के मामले में उम्रकैद की सजा और दस हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर साल भर अतिरिक्त कारावास होगी।

## 1995 में दर्ज हुई थी प्राथमिकी

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक गुप्तेश्वर सिंह ने 24 जुलाई, 1995 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि महथु में ईंट-भट्ठा था उसकी देखभाल मेरा बेटा उमेश कुमार करता था। एक आदमी ने भट्ठा पर आकर कहा था कि ओबरा थाना के छोटा बाबू बुला रहे हैं। हम अपने लड़के के साथ सरसोली ग्राम पहुंचे तो एक जीप पीछे से आई। अभियुक्तों ने दौड़कर हमलोग को पकड़ा, फिर हाथ पीछे से बांध कर कहा कि आपसे पैसा मांगे थे, क्यों नहीं दिया, मारपीट करते हुए एक कागज पर लिखकर लिया कि 24 घंटे के अंदर 50 हजार रुपए नहीं दिए तो उमेश कुमार की मौत के जिम्मेदार गुप्तेश्वर सिंह होंगे। उसके बाद अपराधियों ने मेरे बेटे का अपहरण कर लिया। गुप्तेश्वर सिंह ने इसकी लिखित जानकारी थाना को दी। इस मामले में करीब 19 साल बाद 03 दिसंबर, 2024 को सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया था। अभियुक्तों पर आरोप गठन 20/04/1997 को हुई थी। इस वाद के एक अन्य अभियुक्त देवरीया गांव के कपूर धोबी की मृत्यु हो गई है।

संक्षिप्त समाचार

# हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का समापन



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति ने की। यह अभियान विश्व शौचालय दिवस (19 नवंबर) से शुरू होकर 10 दिसंबर विश्व मानवाधिकार दिवस तक चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ और सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता और उनके सतत उपयोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालयों की मरम्मत, रखरखाव और सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया गया। लोगों को अपने शौचालयों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल, निदेशक डीआरडीए, जिला समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन), सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की गई और सभी से स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने की अपील की गई।

# राणी सती मंदिर से गोशाला तक हटाई गई बैरिकेडिंग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिकंदरपुर में राणी सती मंदिर से गोशाला के बीच रास्ता खोल दिया गया है। हालांकि सिकंदरपुर चौक से गोशाला के बीच ट्रैफिक पर प्रतिबंध बरकरार रहेगा। सीवरेज का काम पूरा होने के बाद मंगलवार की दोपहर मंदिर के पास से बैरिकेडिंग हटा दी गई। दरअसल, बीते रविवार को सीवरेज पाइपलाइन से जुड़े कार्य को लेकर राणी सती मंदिर के सिकंदरपुर चौक/रामगढ़ चौक के बीच यातायात को बंद करते हुए दोनों छोर पर बैरिकेडिंग की गई थी। अब गोशाला के पास नई बैरिकेडिंग की गई है। इससे वहां तक वाहनों की आवाजाही हो रही है। गोशाला के पास एक गली के जरिए साइकिल या बाइक चौराहे की ओर निकल रहे हैं। हालांकि सिकंदरपुर हनुमान मंदिर चौक से रामगढ़ चौक या सरैयागंज टावर की ओर जाने वाले कार या अन्य तिपहिया- चार पहिया को अब भी स्टेडियम, कर्बला, कंपनीबाग के रास्ते जाना पड़ रहा है। इसी तरह सरैयागंज या रामगढ़ चौक से राणी सती मंदिर या सिकंदरपुर हनुमान मंदिर चौक आने वाले वाहन कंपनीबाग, कर्बला, स्टेडियम (मरीन ड्राइव रोड) होकर आवाजाही कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी के 'सीवरेज सिस्टम व अंडरग्राउंड मेन स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट से जुड़े काम को लेकर अगले 15 दिसंबर तक संबंधित इलाके में ट्रैफिक पर रोक है।

# बिना टिकट यात्रा करने वाले 145 यात्री पकड़े गए

**भागलपुर, एजेंसी।** ट्रेन और स्टेशन पर टिकट चेकिंग को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करते 145 लोगों को टीम ने पकड़ा गया। एसीएम तपस कुमार विश्वास के नेतृत्व में टिकट चेकिंग हुई। इस दौरान बिना टिकट यात्रियों से 50 हजार रुपए से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। बिना प्लेटफार्म टिकट लेकर स्टेशन आये लोगों को भी पकड़ा गया।

# फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को चलेगा अभियान

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले में घटित गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल अभियुक्तों की जल्दी गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी आनंद कुमार ने सभी डीएसपी और थानेदार को इसको लेकर निर्देश दिया है। हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट के अन्य मामले में फरार अभियुक्तों को जल्दी गिरफ्तार करने को कहा गया है। शहरी क्षेत्र में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं।

# सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण, वसूला गया 19 हजार रुपये जुर्माना

**गया, एजेंसी।** शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। मंगलवार को राय काशीनाथ मोड़ से लेकर गया रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क के दोनों किनारो पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण करने वाले लोगों से 19000 रुपये जुर्माना भी वसूल किया गया। नगर निगम के सिटी मैनेजर आसिफ सिराज ने बताया कि सड़कों पर जाम की समस्या आम हो गई है।

# सड़क हादसे में घायल को देख बढ़ गया बीपी, हार्ट अटैक से शिक्षक की मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के देवरिया थाना क्षेत्र निवासी शिक्षक मो. जावेद की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को पटना से लौटने के दौरान उनकी कार में एक बाइक ने ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख मो. जावेद का बीपी हाई हो गया और वे बेहोश हो गए। इस पर उनके कार चालक ने उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। देवरिया मेहंदीगंज टोला निवासी मो. तैयब के पुत्र मो. जावेद राजकीय मध्य विद्यालय देवरिया में शिक्षक थे। उनकी पत्नी रौशन आरा भी राजकीय मध्य विद्यालय देवरिया में ही पदस्थापित हैं। परिजनों ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। दोनों को पटना के एक हॉस्टल में छोड़ने के बाद वह देवरिया लौट रहे थे। इस दौरान दीघा पुल के पास कार रोक उन्होंने जैसे ही गेट खोला वैसे ही एक तेज गति से आई बाइक ने उनकी कार में ठोकर मार दी। इसके बाद बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। यह देख मो. जावेद का बीपी हाई हो गया और वे बेहोश हो गए। यह देख कार चालक ने उन्हें इलाज के लिए पटना स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के अंचल सचिव राजकिशोर सिंह, रत्नाकर पासवान, पंकज सिंह, गोविंद चौधरी, विरेन्द्र राम, सरोज राम, फुलदेव पासवान, हरिनंदन पासवान, प्रमोद सिंह, ललन ने शोक जताया है।

# सुमंत कुमार ने सोनपुर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में जीता खिताब

गांव में लोगों ने किया स्वागत

**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के सोनपा गांव निवासी सुमंत कुमार ने पटना के विजय कुमार को हराकर बिहार केसरी 2024 का खिताब अपने नाम किया है। खिताब जितने के बाद सुमंत सिंह के गांव पहुंचने पर लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही परिजनों को लगातार बेटे की इस उपलब्धि पर बधाईयां भी मिल रही है। विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में जिला प्रशासन सारण की ओर से आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिहार केसरी खिताब के लिए हुए फाइनल मुकाबले में सुमंत ने अपनी पहलवानी के दम पर इस खिताब को अपने नाम किया है।

## परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल

सुमंत कुमार की इस उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव सोनपा सहित पूरे बक्सर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। चौसा प्रखंड निवासी सुमंत श्रीभगवान सिंह के बेटे हैं। बिहार केसरी का खिताब जीतने के बाद सुमंत ने बातचीत में बताया कि वह वर्तमान में खेलो इंडिया कैंप पटना में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सुमंत ने कहा कि इससे पहले वह अपने दादा रामानुज सिंह (हद्धुस्‌ कोच) की देखरेख में घर पर अभ्यास किया करते थे। उनका सपना है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए कुश्ती में पदक जीते और भारत का नाम रोशन करें।



## चौसा की कुश्ती परंपरा का गौरवशाली इतिहास

चौसा प्रखंड पहले भी कुश्ती के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाता आया है। 2013 में ब्रिजेश सिंह उर्फ पिंटू पहलवान ने बिहार केसरी का खिताब जीता था। इसके बाद 2017 और 2018 में चौसा के पहलवानों ने लगातार दमखम दिखाते हुए बिहार केसरी और बिहार कुमार के खिताब हासिल किए। चौसा के ही कृष्णकांत यादव ने लगातार दो बार बिहार केसरी का ताज जीता था। अब 2024 में सुमंत कुमार के बिहार केसरी का खिताब जीतने से चौसा और बक्सर का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है।

## कुश्ती के जोरदार मुकाबले में सुमंत की जीत

सुमंत कुमार और विजय कुमार के बीच हुए इस खिताबी मुकाबले ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हर एक दांव पर तालियों की गड़गड़ाहट से मेले का माहौल गूंज उठा। मिट्टी के अखाड़े में भारतीय परंपरा की इस कुश्ती का उत्साह युवाओं से लेकर बुजुर्गों के बीच चरम पर रहा। अंत में सुमंत कुमार ने अपनी कुशलता और ताकत के दम पर विजय कुमार को मात देकर बिहार केसरी का खिताब जीत लिया।

## बधाई देने वालों का लगा तांता

सुमंत कुमार की इस जीत पर बिहार कुश्ती संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव, जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव विकाश राज, उपाध्यक्ष मो मुस्तफा समेत अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ञवल भविष्य की कामना की। सुमंत की इस सफलता से चौसा के युवाओं में भी कुश्ती के प्रति नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

# लूट कांड में फरार 3 आरोपी गिरफ्तार : गोपालगंज में चोरी की बाइक, एटीएम कार्ड सहित नगद बरामद भेजा गया जेल

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के विजयीपुर थाना क्षेत्र के हंकारपुर गांव के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने एक चोरी की बाइक, एटीएम कार्ड, नगद और मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त पहले से लूट कांड का वांछित अभियुक्त बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने तीनों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अभियुक्तों की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के रकवा गांव निवासी पप्पू मियां को बेटे गब्बू मियां, मीरगंज थाना क्षेत्र के बिशनपुरा गांव निवासी मूसा अंसारी के बेटे अफजाल अंसारी के अलावा सिसई पठान टोला निवासी नईम मियां के बेटे राजू सिद्दीकी के रूप में की गई है। दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि विजयीपुर थाना की पुलिस हंकारपुर के पास वाहन जांच कर रही थी। इस बीच एक ही बाइक पर सवार तीन लोग भागने की कोशिश करने लगे। जब पुलिस ने पकड़ कर तलाशी ली तो अभियुक्तों के पास से चाकू के अलावा कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि विजयीपुर थाना क्षेत्र के कैथवलिया और सीता पट्टी में हुए लूट कांड में भी ये तीनों शामिल थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि 3 नवंबर और 14 नवंबर 2024 को विजयीपुर थाना क्षेत्र के कैथवलिया और सीता पट्टी में हुए लूट की संलिप्तता भी स्वीकार किया है। गिरफ्तार सभी बदमाशों को जेल भेजा जा रहा है।



# पटना में चेन स्नैचर्स से निपटने का प्लान तैयार : हर थाने में रहेगा इनका ई-डोजियर

**पटना, एजेंसी।** पटना में आज के समय में चेन स्नेचिंग की घटनाएं सबसे ज्यादा हो रही है। पटना में पिछले 10 दिनों में 16 स्नैचिंग की घटनाएं हुई हैं। पटना की महिलाओं में डर समा गया है। महिलाएं, गहना पहनकर बाहर निकलने से डरने लगी हैं। पुलिस हर बार घटना के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालती है। ज्यादातर ऐसे मामलों में पुलिस चोर की पहचान ही नहीं कर पाती है, जिससे चेन स्नेचर नहीं पकड़े जाते हैं। पटना में ऐसी घटनाओं को देखते हुए पटना की आईजी गरिमा मालिक ने चेन स्नैचर्स को रोकने के लिए प्लान तैयार कर चुकी हैं। आईजी गरिमा मलिक ने माना कि यह बड़ा अपराध है। चेन या गहना महिलाओं के भावनाओं से जुड़ा हुआ रहता है। इससे उनको आर्थिक नुकसान तो उठाना ही पड़ता है, साथ ही उनके भावनाओं को भी ठेस पहुंचता है। ऐसे में जिस महिला के साथ चेन स्नेचिंग हो जाती है, उसके मन में डर समा जाता है। जब भी कोई अचानक से उनके बगल में आता है, तो वो महिलाएं डर जाती हैं।

## आपराधिक इतिहास कोर्ट में पेश करेगी पुलिस

आईजी गरिमा मालिक ने मंगलवार की देर शाम चली मीटिंग के बाद जिले के चारों एसपी सेंट्रल, वेस्ट, ईस्ट और ग्रामीण को निर्देश भी जारी कर दिया। इसके तहत पिछले तीन माह में जो भी चेन स्नैचर जेल गए हैं, उन सबों का ई-डोजियर बनेगा।



ई-डोजियर में गए स्नैचर्स का आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिचय पत्र के साथ-साथ पहचान चिह्न रहेगा। पुलिस इसे सभी थानों में सर्कुलेट करेगी। इसमें उनके गुनाह से जेल जाने तक का इतिहास डाला जाएगा। इसके साथ हीं हमेशा चेन स्नेचिंग करने वाले की मुसीबत बढ़ने वाली है। बार-बार ऐसी गलती करने वालों का पुलिस कोर्ट से बेल रिजेक्ट भी करवाएगी। पुलिस इन स्नैचरों का पूरा आपराधिक इतिहास कोर्ट में पेश करेगी।

# नालंदा के तीन रेलवे स्टेशन होंगे विकसित : नया फुट ओवर ब्रिज और एस्केलेटर लगेंगे

## दिव्यांगों की सुविधा का रखा जाएगा ख्याल

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के तीनों रेलवे स्टेशनों... बिहारशरीफ, राजगीर और नालंदा को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। बिहारशरीफ स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। दानापुर एडीआरएम आधार राज ने बताया कि स्टेशन पर 30 फीट चौड़ा एक नया फुट ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। जो सभी प्लेटफॉर्म को आपस में जोड़ेगा। दिव्यांगों के लिए भी इस पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा, तीन एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे। सभी प्लेटफॉर्म पर शेल्टर, पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रतीक्षालय, ब्रॉड सर्कुलेटिंग एरिया, वाटर बूथ, पार्किंग और कॉमर्शियम स्पेस का निर्माण किया जा रहा है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों पर कई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जैसे कि रूफटॉप प्लाजा, सिटी सेंटर, लंबे प्लेटफॉर्म, गिट्टी रहित ट्रैक, 5-जी कनेक्टिविटी आदि। स्टेशनों पर बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाई जाएंगी, जिन पर रेलवे का समय और अन्य जानकारियां उपलब्ध होंगी। सभी प्लेटफॉर्म पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। पैदल मार्ग बनाए जाएंगे और सड़कें चौड़ी की जाएंगी। स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध होगी। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जाएंगे। विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी और व्यापारियों के लिए डिस्कशन हॉल की भी सुविधा होगी।




## तीन से छह महीने के अंदर काम होगा

कार्य एजेंसी को आदेश दिया गया है कि वह तीन से छह महीने के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर ले। अगर कार्य एजेंसी समय पर काम पूरा करने में विफल रहती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इन बदलावों से यात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें अब स्टेशनों पर आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। स्टेशनों को स्थानीय कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाएगा। स्टेशनों पर स्थानीय कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठग ने किया कॉल, बात करते हुए हैंग हुआ फोन, खाते से उड़े एक लाख रुपये

**बरेली , एजेंसी।** साइबर ठगी के मामलों में जरा सी लापरवाही से लोगों के खाते खाली हो रहे हैं। हालांकि तत्परता से कराई गई शिकायत के बाद लोगों की रकम फ्रीज होकर खातों में वापसी का भी रास्ता बन रहा है। ऐसे ही मामले में रकम फ्रीज कराने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जोगी नवादा निवासी सिराज अल्वी ने बताया कि उनके पास अनजान नंबर से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि तुमने जो रुपये ट्रांसफर किए थे वह तुम्हारे खाते में वापस चले गए हैं। जब तक वह कुछ समझ पता इससे पहले उनका फोन हैंग हो गया और उनके खाते से 99,512 रुपये कट गए।

सिराज ने तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई तो साइबर टीम ने 91,800 रुपये फ्रीज कर दिए गए। बारादरी थाने में सिराज की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अब रुपये वापस सिराज के खाते में भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर 3.93 हजार की ठगी:** शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर सुभाषनगर के युवक से 3,93,000 रुपये की ठगी कर ली गई। सुभाषनगर थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गणेशनगर निवासी शैलेंद्र ने बताया कि उनके पास एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने बताया कि शेयर बाजार में निवेश करने पर मुनाफा होगा। शैलेंद्र को झांसे में लेकर ठगों ने अलग-अलग खातों में 3,93,000 रुपये ट्रांसफर करा लिए। सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बरेली में वीडियो कॉल रिसीव करते ही फंस गया दिव्यांग युवक, महिला ने खेला गंदा खेल

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के नवाबगंज में एक महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिव्यांग युवक के अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे एक लाख रुपये ठग लिए गए। दूसरी बार भी उसे धमकाकर रुपये मांगे गए। इससे परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज में दिव्यांग युवक बच्चों को कोचिंग पढ़ाता है। उसका आरोप है कि रविवार को उसके मोबाइल फोन पर एक महिला ने वीडियो कॉल की। उसने कॉल रिसीव कर ली। इसी दौरान महिला ने फोटो और वीडियो बना ली। कुछ देर बाद महिला ने उसके फोन पर क्लिप बनाकर डाल दी, जिसे देख उसके होश उड़ गए।

बाद में महिला ने उससे रुपये मांगे। रुपये न देने पर महिला ने फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी। दिव्यांग ने बदनामी के डर से एक लाख दो हजार रुपये उसके खाते में डाल दिए। उसके बाद महिला ने 50 हजार रुपये और मांगे। इसके बाद पीड़ित ने तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पहले भी सामने आ चुके हैं मामले :** जिले में हनीट्रैप के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। पुलिसकर्मियों समेत कई विभागों के कर्मचारियों और रसूखदार लोग भी हनीट्रैप गैंग के जाल में फंस चुके हैं। शहर में एक डॉक्टर की जान भी चली गई थी। जब इन मामलों का खुलासा हुआ तो पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### सिर कूचकर युवक की हत्या: शराब के ठेके के पीछे शव देख उड़े लोगों के होश, शव के पास मिलीं खून से सनी ईंटें

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत भेलखा गांव में देसी शराब के ठेके के पीछे बुधवार सुबह में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने के बाद बड़ागांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। हालांकि मृतक की शिनाख्त राजेश सरोज निवासी सभईपुर, शिवपुर के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार भेलखा गांव के ग्रामीण बुधवार सुबह में टहलने के लिए निकले थे। इस दौरान लोगों ने शराब के ठेके के पीछे शव देखकर पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर खून से सने चार ईंट और देसी शराब की करीब 12 खाली पाउच भी मिले हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार, बड़ागांव थानाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज शिवानंद सिसौदिया पहुंचकर मृतक की शिनाख्त करने में जुटे। पहचान होने के बाद परिवार वालों को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया।

### पिकअप से टकराई कार, मची चीख पुकार, एक की मौत, 10 घायल, घायलों का चल रहा इलाज

**आजमगढ़ , एजेंसी।** कंधरापुर थाना क्षेत्र के बाजार और जयपुरिया स्कूल के बीच मंगलवार की देर रात लगभग 10.45 बजे गन्ना लदी ट्राली और पिकअप की टक्कर हो गई। इस घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 10 लोग इसमें घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार मऊ जनपद के लगभग 20 से 25 की संख्या में लोग एक पिकअप के जरिए आजमगढ़ और अकबरपुर जनपद की सीमा पर लगने वाले गोविंद साहब मेले में गए थे। देर रात वह पिकअप से वापस मऊ जा रहे थे। कंधरापुर थाने और जयपुरिया स्कूल के बीच मंदुरी की तरफ से एक गन्ना लदी ट्रैक्टर और ट्राली आजमगढ़ की तरफ आ रही थी।

# इंडिया गठबंधन: सपा-कांग्रेस की रार का बसपा को मिल सकता है सियासी फायदा

## ममता की मुहिम में शामिल होंगी मायावती?

**लखनऊ , एजेंसी।** हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। दरअसल, बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था। इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ।

वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं।

यूं तो बसपा सुप्रीमो मायावती सपा के साथ मिलकर





चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। पहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है।

### सपा भी कर सकती है कांग्रेस नेतृत्व से किनारा



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। यही वजह है कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं। सपा सदन के भीतर भी उसे भरोसे में न लेने का अंदरखाने आरोप लगा रही है। सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है।

## निकाह से एन पहले पहुंच गई प्रेमिका, रात भर पुलिस हिरासत में रहे दूल्हा और उसका पिता





**सहारनपुर, एजेंसी।** सहारनपुर जनपद के गागलहेड़ी निवासी एक युवती की शादी दिलबहार पुत्र जुलफान निवासी शेरपुर थाना बिहारीगढ़ के साथ होनी थी। मंगलवार को दूल्हा जैसे ही बरात लेकर पहुंचा तो केरल के जिला अन्नाकुलम निवासी उसकी प्रेमिका ने आकर निकाह रुकवा दिया।

उसका कहना था कि दिलबहार केरल में फर्नीचर का काम करता है। उसके साथ सात साल से संबंध हैं। उसने शादी का वादा कर रखा था, लेकिन बाद में आनाकानी करने लगा। दिलबहार से अपने संबंधों के फोटोग्राफ भी सभी को दिखाए। उसने बताया कि शादी से मना करने पर उसने 30 नवंबर को केरल के थाने में दिलबहार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### केरल से गागलहेड़ी पहुंची प्रेमिका

केरल से गागलहेड़ी पहुंची प्रेमिका के शादी में पहुंच कर प्रेमी का निकाह रुकवाने के बाद रात भर दूल्हा और उसका पिता पुलिस हिरासत में रहे। सुबह दूल्हे पक्ष द्वारा वधु पक्ष से माफी मांगते हुए शादी में खर्च हुई रकम लौटाने के बाद ही मामला निपटा। उधर प्रेमिका दूल्हे से ही शादी करने की बात कहते हुए वापस लौट गई।

बता दें कि मंगलवार को बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर खानाजादपुर निवासी दिलबहार पुत्र जुलफान गागलहेड़ी में बरात लेकर आया था। जैसे ही दुल्हन और दूल्हे का निकाह पढ़ा जा रहा था, तभी केरल से आई एक युवती ने खुद को सात साल से दूल्हे के साथ रिलेशनशिप में बताते हुए निकाह रुकवा दिया था।

### रात भर पुलिस हिरासत में रहे दूल्हा और उसका पिता

इसके बाद लड़की पक्ष ने दूल्हे और उसके पिता को पुलिस के हवाले कर दिया था। रात भर दोनों पुलिस हिरासत में रहे। बुधवार सुबह दूल्हे पक्ष के लोगों ने दुल्हन पक्ष से माफी मांगते हुए शादी में खर्च हुई रकम वापस लौटते हुए समझौता कर लिया। इसके बाद पुलिस ने दूल्हे और उसके पिता को छोड़ा।

वहीं केरल से आई प्रेमिका दिलबहार से ही शादी करने की बात कहते हुए वापस लौट गई। उसका कहना था कि वह किसी और से दिलबहार की शादी नहीं होने देगी। दिलबहार केरल में फर्नीचर का काम करता है।

एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि केरल से विवाह समारोह में आई युवती द्वारा खुद को दूल्हे की प्रेमिका बताने के बाद शादी टूट गई है। अभी किसी पक्ष की तरफ से तहरीर नहीं आई है। यदि तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन माह से अपनी जगह पत्नी से काम करा रहा वीडीओ निलंबित, सीडीओ की समीक्षा में सामने आई थी लापरवाही

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर के बिल्हौर ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी ने गजब का खेल कर दिया। वह अपनी जगह पत्नी से काम कराता रहा। इसकी वजह से पंचायत में विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। सीडीओ की समीक्षा में बैठक में सचिव की लापरवाही सामने आई थी। डीपीआरओ की रिपोर्ट के बाद डीडीओ ने सचिव को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच के कल्याणपुर बीडीओ को सौंपी गई है।

सचिव प्रदीप कुमार के पास अकबरपुर सेंग, ददारपुर कटहा और बेदीपुर गांवों की जिम्मेदारी थी। अगस्त महीने में उन्हें कल्याणपुर से बिल्हौर ब्लॉक भेजा गया था। तैनाती के तीन माह बाद भी वह फील्ड पर नहीं गए। इस पर ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की थी। आरोप था कि सचिव की लापरवाही की वजह से स्वच्छ भारत मिशन, गोशाला निर्माण और मानदेय भुगतान नहीं हो पा रहे हैं।

### विकास कार्यों की समीक्षा में सामने आई लापरवाही

आरोप यह भी लगाया था कि पंचायतों में सचिव की जगह उनकी पत्नी काम करा रही हैं। डीपीआरओ और डीडीओ को भी इस संबंध में जानकारी दी गई थी। इधर एक सप्ताह पहले सीडीओ ने विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा की तो सचिव की लापरवाही सामने आई। उन्होंने डीपीआरओ से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### जांच रिपोर्ट के आधार पर सचिव को निलंबित किया

डीपीआरओ ने बीडीओ दिनेश वर्मा से जांच कराई, तो पता चला कि गांवों में कराए जा रहे विकास कार्यों में सचिव रुचि नहीं ले रहे हैं। महीनों से भुगतान लंबित पड़े। सचिव के सारे काम उनकी पत्नी करती हैं। वह सिर्फ सरकारी कागजों में हस्ताक्षर करते हैं। डीपीआरओ ने जांच रिपोर्ट बनाकर डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी थी, जिसके आधार पर सचिव को निलंबित कर दिया गया। निलंबन के दौरान सचिव प्रदीप कुमार को शिवराजपुर ब्लॉक में संबद्ध किया गया है।

## शोहदे से परेशान छात्रा ने छोड़ी प्री-बोर्ड परीक्षा, रोते हुए पहुंची थाने, बताई आपबीती

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में शोहदे ने छात्रा को परेशान कर रखा है। उसकी हरकतों से परेशान हाईस्कूल की छात्रा ने प्री-बोर्ड की परीक्षा छोड़ दी। पीड़ित छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मंगलवार दोपहर क्षेत्र के एक गांव की निवासी हाईस्कूल की छात्रा रोते हुए थाने पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि गांव का ही एक शोहदा उसे काफी समय से परेशान कर रहा है। इससे उसका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। जब भी वह घर से बाहर निकलती है, आरोपी उसे रोक लेता है। बात करने का दबाव बनाता है। गांव में यह कहकर बदनाम करता है कि छात्रा खुद ही उससे बात करती है। छात्रा ने बताया कि कई बार शिकायत उसके परिजनों से की लेकिन वह नहीं माना। मंगलवार को वह हाईस्कूल की प्री-बोर्ड परीक्षा देने कॉलेज जा रही थी। रास्ते में शोहदे ने उसे रोक लिया और बात करने के लिए मजबूर करने लगा।

## प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जाएगी रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ, तीन दिन का होगा उत्सव

**अयोध्या , एजेंसी।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की तैयारी शुरू हो गई है। पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जाएगी। इस दौरान 10, 11 व 12 जनवरी को तीन दिवसीय उत्सव होगा। इसके तहत विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। तीन दिवसीय उत्सव की रूपरेखा तैयार करने के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने एक समिति का गठन किया है। समिति कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर रही है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को जिस तिथि पर हुई थी, उस दिन द्वादशी तिथि थी। हिंदू तिथि के अनुसार इस बार द्वादशी तिथि 11 जनवरी को पड़ रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाए जाने का निर्णय हुआ है।

तीन दिवसीय उत्सव में विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। दिन में कौन-कौन से उत्सव होंगे और रात में किन कार्यक्रमों का आयोजन होगा, इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए चार सदस्यीय टीम बनाई गई है। यह टीम उत्सव की रूपरेखा तैयार कर रही है। निश्चित रूप से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ भव्य व ऐतिहासिक होगी। प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन हर साल किया जाएगा।

### कुंभ मेले के लिए होंगे विशेष प्रबंध

डॉ. मिश्र ने बताया कि कुंभ मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आएंगे। आगामी एक से डेढ़ महीने तक काशी, प्रयागराज व अयोध्या का कॉरिडोर बनने जा रहा है। मतलब यह कि पर्यटक व श्रद्धालु काशी के बाद प्रयागराज व अयोध्या भी आएंगे। राम मंदिर ट्रस्ट प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं बना रहा है ताकि उन्हें रामलला के सुलभ दर्शन हो सकें।

## ऑपरेशन थियेटर में सर्जरी खत्म होने के तुरंत बाद डॉक्टर की ही हो गई मौत



**वाराणसी, एजेंसी।** अर्दली बाजार स्थित त्रिवेणी ट्रॉमा सेंटर के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) में मंगलवार की शाम डॉक्टर अभिषेक राय की तबीयत बिगड़ गई। प्राथमिक उपचार मिला, लेकिन उनकी मौत हो गई। मौत किस वजह से हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगा।

डॉक्टर के करीबियों के मुताबिक, कार्डियक अरेस्ट से मौत की आशंका है। वैसे डॉक्टर राय पिछले तीन दिन से तेज बुखार, सांस फूलने की समस्या से ग्रसित थे। डॉ. अभिषेक ही ट्रॉमा सेंटर के संचालक थे। डॉ. अभिषेक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की वाराणसी इकाई के सदस्य होने के साथ ही समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता भी थे। अर्दली बाजार स्थित ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार की शाम जैसे ही मौत की सूचना मिली, वैसे ही हर कोई हतप्रभ रह गया।

डॉक्टर अभिषेक को जानने वाले लोगों के अनुसार, आठ दिसंबर को आईएमए की नई कार्यकारिणी गठित हुई थी। डॉ. अभिषेक भी मतदान करने आए थे। उस समय भी उन्होंने बुखार, छाती में दर्द के साथ ही सांस लेने में दिक्कत बताई थी। कहा था कि अपना उपचार करवा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, डॉ. अभिषेक मंगलवार को ट्रॉमा सेंटर में एक मरीज का ऑपरेशन कर रहे थे। ऑपरेशन खत्म ही हुआ था कि उनकी तबीयत बिगड़ गई। वहां मौजूद उनके सहयोगियों ने उन्हें पास में बिठाया। डॉक्टर ने जरूरी दवाइयां भी लीं। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### आईएमए के पूर्व पदाधिकारी बोले- अच्छा साथी खो दिया

आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अभिषेक राय की मौत पर आईएमए के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों ने दुख जताया। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. संजय राय ने कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही मन व्यथित है। हमने होनहार चिकित्सक और बेहतरीन साथी खो दिया।

आईएमए के पूर्व सचिव डॉ. आरएन सिंह के साथ ही डॉ. कर्मराज सिंह, डॉ. अतुल सिंह आदि ने भी डॉ. अभिषेक की मौत पर दुख व्यक्त किया है। इसके साथ जिला अस्पताल के सीनियर फिजीशियन डॉ. पीके सिंह ने भी उन्हें याद किया। देर रात सपा नेताओं के साथ ही शहर के डॉक्टरों ने उनके घर पर शोक संवेदनाएं जताईं। चिकित्सकों ने बताया कि वह बेहद ही मिलनसार थे। कार्यक्रमों में वह हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते थे।

## विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से, 17 को पेश हो सकता है 15 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट भी

**लखनऊ, एजेंसी।** 16 दिसंबर से शुरू हो रही विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। महाकुंभ पर केंद्रित अनुपूरक बजट का आकार 12 से 15 हजार करोड़ रुपये के बीच होने की संभावना है।

सत्र के पहल दिन औपचारिक कार्य जैसे अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा और विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया होगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी, जिसके बाद उसे पारित किया जाएगा। वहीं 19 और 20 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक 20 दिसंबर को सदन आधे दिन संचालित होगा।

अनुपूरक बजट का मुख्य हिस्सा महाकुंभ के लिए परिवहन विभाग, नगर विकास विभाग सहित कुंभ से जुड़े अन्य विभागों को आवंटित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक विकास और एमएसएमई को भी बजट में हिस्सा दिया जाएगा।अभी विभागों के पास पूर्व में आवंटित बजट ही काफी बचा है।

इसके अलावा भारत सरकार से भी अनुदान, वित्त आयोग सहित अन्य मदों से धन आ रहा है। लगभग 2.34 लाख करोड़ रुपये मार्च तक केंद्र से मिलना है। फरवरी के दूसरे हफ्ते में पूर्ण बजट आना है, इसलिए अनुपूरक बजट का आकार छोटा ही रहने की संभावना है। अनुपूरूक बजट के लिए सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। इससे पहले जुलाई में 12209 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया गया। तब बजट में सर्वाधिक 7500 करोड़ रुपये औद्योगिक विकास के लिए आवंटित किए गए थे।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने रूस से S-400 की जल्द डिलीवरी को कहा, पुतिन से राजनाथ बोले- दोनों देशों की दोस्ती सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची

**मॉस्को।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान भारतीय रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत-रूस में साझेदारी की अपार संभावनाएं हैं। पुतिन से मुलाकात से पहले राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव से मुलाकात की थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सतह से हवा में मार करने वाली S-400 मिसाइल सिस्टम की दो बची हुई यूनिट की जल्द डिलीवरी पर जोर दिया। भारत और रूस के बीच 2018 में S-400 एयर डिफेंस सिस्टम को लेकर डील हुई थी। इस डील के तहत, रूस भारत को अब तक 3 यूनिट S-400 सौंप चुका है। ये चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। S-400, रूस का एक लंबी दूरी का मिसाइल सिस्टम है। इसे 400 किलोमीटर की दूरी तक विमान, ड्रोन, और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने, और नष्ट करने के लिए बनाया गया है।



### UK में क्रिमिनोलॉजी स्टूडेंट ने महिला का कत्ल किया

**इंग्लैंड।** ब्रिटेन में क्रिमिनोलॉजी स्टूडेंट ने दो महिलाओं पर हमला कर एक का कत्ल कर दिया, जबकि दूसरी महिला घायल है। नासेन सादी (20) नाम का यह स्टूडेंट जानना चाहता था कि किसी की हत्या करने पर कैसा लगता है। इसके लिए उसने इस साल अप्रैल से ही किसी की भी हत्या करने का प्लान बनाना शुरू कर दिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या के लिए सही जगह में खोजने के बाद वो साउथ इंग्लैंड के समुद्र किनारे स्थित बोर्नमाउथ शहर में बस गया। प्रॉसिक्यूटर ने सारा जोन्स ने विंचेस्टर क्राउन कोर्ट में बताया- ऐसा लगता है कि वो जानना चाहता था किसी की हत्या करने पर कैसा लगता है। वह यह भी समझना चाहता था कि महिलाओं को डराने का एहसास कैसा होता है। उसे लगता था कि ऐसा करने से वो ताकतवर महसूस करेगा और दूसरे लोगों की उसमें दिलचस्पी बन जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक नासेन सादी ने जब लीन माइल्स और एमी ग्रे पर हमला किया तो वो दोनों समुद्र किनार बैठकर हाथ सेंक रहीं थीं। एमी ग्रे पर चाकू से 10 वार किए गए, जिसमें एक उनके दिल के पार हो गया। उनकी मौते पर ही मौत हो गई। जबकि लीन माइल्स 20 हमले के बाद भी जिंदा बच गईं।



### सीरिया में असद का कत्लखाना, जहां विरोधियों को रखते थे, 72 तरह से डेढ़ लाख लोगों को मारा

**दमिश्क।** सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद के देश छोड़कर भागने के बाद 8 दिसंबर को विद्रोहियों ने कुख्यात सेडनाया जेल पर कब्जा कर लिया और जेल से हजारों कैदियों को रिहा कर दिया। हालांकि, 3 दिन बीत जाने के बावजूद अभी भी कुछ लोग जेल से बाहर नहीं निकल पाए हैं। इसकी वजह ये है कि जेल में तहखाना है और उन कोठरियों तक पहुंचने में मुश्किलें आ रही हैं। एनमेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक राष्ट्रपति असद ने अपने खिलाफ आवाज उठाने वाले लाखों लोगों को कुख्यात सेडनाया जेल की काल कोठरियों में ठूंस दिया था। इस जेल के स्लॉटरहाउस (बूचड़खाने) में बंदियों को 72 से ज्यादा तरह की यातनाएं दी जाती थीं। इस जेल में 1.57 लाख से ज्यादा लोगों को यातनाएं देकर मारा जा चुका है, जिनमें 5,274 बच्चे और 10,221 महिलाएं भी शामिल हैं। असद के देश छोड़कर भागने और सेडनाया जेल पर विद्रोहियों के कब्जे के बाद हजारों सीरियाई लोग सेडनाया जेल पहुंच गए। उन्हें उम्मीद है कि असद के शासन के दौरान गिरफ्तार या लापता उनके परिजनों के बारे में कोई जानकारी मिल सकती है।



### AI इंजीनियर की खुदकुशी, पत्नी-सास समेत 4 पर FIR

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में AI इंजीनियर अतुल सुभाष की खुदकुशी मामले में चार लोगों पर FIR दर्ज की गई है। FIR में अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग सिंघानिया और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया का नाम है। अतुल के भाई बिकास कुमार ने बेंगलुरु के मराठाहल्ली पुलिस स्टेशन में शिकायत की थी। इसी के आधार पर पुलिस ने पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), धारा 3(5) (जब दो या ज्यादा लोग शामिल हों तो सामूहिक जिम्मेदारी बनती है) का केस दर्ज किया है। अतुल ने 1 घंटे 20 मिनट का वीडियो जारी किया था। इसमें उन्होंने अपनी आपबीती बताई। अतुल ने ये भी मांग की थी कि अगर उन्हें प्रताड़ित करने वाले बरी हो जाएं तो अस्थियां कोर्ट के बाहर गटर में बहा दी जाएं। कमरे में तख्ती मिली थी, लिखा था- अभी न्याय बाकी है अतुल ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर की एक जज पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने लेटर में लिखा है कि जज ने मामले को रफा-दफा करने के नाम पर 5 लाख रुपए मांगे थे। अतुल ने यह भी लिखा कि उनकी पत्नी और सास ने उन्हें सुसाइड करने को कहा था और इस पर उक्त जज हंस पड़ी थी। मूल रूप से बिहार के अतुल सुभाष का शव बेंगलुरु के मंजूनाथ लेआउट में उनके फ्लैट से बरामद हुआ। पड़ोसियों ने उनके घर का दरवाजा तोड़ा तो उनकी बॉडी फंदे पर लटकी मिली। कमरे में 'जस्टिस इज ड्यू' (न्याय बाकी है) लिखी एक तख्ती मिली। अतुल के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने अतुल की पत्नी और पत्नी के परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।



### स्वास्थ्य मंत्री बोले- अचानक मौत की वजह कोविड वैक्सीन नहीं, संसद में रिसर्च पेश की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि, युवाओं की अचानक मौत की वजह कोविड वैक्सीन नहीं है। नड्डा ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। नड्डा ने कहा, इस रिसर्च से पता चला है कि वैक्सीनेशन से जोखिम बढ़ा नहीं बल्कि कम हुआ है। ICMR ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी के साथ मिलकर यह रिपोर्ट तैयार की है। इसमें 18 से 45 साल के उन लोगों का सैंपल लिया गया है। जो पूरी तरह से स्वस्थ थे। उन्हें कोई बीमारी नहीं थी। इनकी 1 अक्टूबर, 2021 और 31 मार्च, 2023 के बीच अचानक मौत हो गई थी। 19 राज्यों के 47 अस्पतालों से सैंपल लिए गए ICMR की इस रिपोर्ट को 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों के सैंपल लेकर तैयार किया गया है। रिसर्च के दौरान अचानक मौत के 729 केस का अध्ययन किया गया। वहीं 2916 केस ऐसे थे, जिन्हें बचा लिया गया। रिसर्च से पता चला कि कोविड-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक या दो खुराक लेने से, बिना किसी कारण के अचानक मृत्यु की संभावना काफी कम हो जाती है। जोखिम कम तो फिर मौत की वजह क्या थी रिसर्च में ऐसे फैक्टर भी सामने आए जो अचानक मौत के जोखिम को बढ़ाते हैं। इसमें फैमिली मेडिकल हिस्ट्री, मौत से 48 घंटे पहले शराब पीना, मनोरंजन के लिए नशीली दवाओं का उपयोग और 48 घंटे पहले जोरदार शारीरिक गतिविधि शामिल हैं। नड्डा ने इस रिसर्च से स्पष्ट किया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन और युवाओं की अचानक होने वाली मौत के बीच किसी भी तरह का संबंध नहीं है।

# बांग्लादेश में ढाका से त्रिपुरा बॉर्डर तक लॉन्ग मार्च, भारत अलर्ट

## सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई, USA बोला- दोनों देश बातचीत से विवाद सुलझाएं

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने आज भारत की त्रिपुरा बॉर्डर तक लॉन्ग मार्च शुरू किया। इस लॉन्ग को त्रिपुरा चली अभियान नया दिया गया है। बुधवार को सुबह 9 बजे ढाका के नयापल्टन से इस मार्च की शुरुआत की गई। हालात को देखते हुए भारत ने सुबह से ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पश्चिम त्रिपुरा जिले के एसपी किरण कुमार ने आज सुबह बॉर्डर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी प्रदर्शनकारियों को जीरो पॉइंट से पहले ही रोक दिया जाएगा। अमेरिका ने भारत और बांग्लादेश से अपने मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की मांग की है। US फॉरेन डिपार्टमेंट के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा- हम चाहते हैं कि भारत और बांग्लादेश



आपसी विवाद को बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं।

**BNP लीडर बोले- हमने खून बहाकर आजादी हासिल की:** लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रैली के दौरान BNP लीडर रूहुल कबीर रिजवी ने कई भारत विरोध बयान दिए। उन्होंने कहा कि हमने खून बहाकर आजादी हासिल की है। अब हमें कड़ी मेहनत से उसे बचाना है। उन्होंने कहा- भारत नहीं चाहता कि भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका के लोग अपने घरेलू मामले खुद संभालें। हमें दिल्ली की बात क्यों माननी चाहिए? दिल्ली के नेता अब तक बांग्लादेशी लोगों की बहादुरी और हिम्मत पहचान नहीं पाए हैं।

**बांग्लादेशी डिप्टी हाई कमीशन के विरोध में रैली:** BNP की तीन सहयोगी पार्टी जातीयतावादी जुबो दल, स्वेच्छाचारी दल और छात्र दल ने मिलकर इस मार्च की शुरुआत की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वो अगरतला में बांग्लादेशी डिप्टी हाई कमीशन पर हमले, बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान और सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश के विरोध में यह मार्च कर रहे हैं। इससे पहले इन तीनों संगठनों ने ढाका में भारतीय हाई कमीशन के सामने भी एक लॉन्ग मार्च था। तब पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया। इसके बाद BNP के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई।

# साउथ-कोरिया में हटाए गए मंत्री ने सुसाइड की कोशिश की

**एजेंसी, सियोल**

साउथ कोरिया में पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने मंगलवार देर रात हिरासत में रहने के दौरान आत्महत्या की कोशिश की। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक कानून मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि किम सियोल खतरे से बाहर हैं। फिलहाल उन्हें एक सेल में रखा गया है, जहां वे सुरक्षित हैं। अधिकारी ने कहा कि किम ने आधी रात से कुछ पहले सियोल स्थित डोंगबू डिटेंशन सेंटर के बाथरूम में आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उनकी स्थिति अभी खतरे से बाहर है। रिपोर्ट के मुताबिक जब ये घटना हुई, उसी दौरान पुलिस की एक टीम राष्ट्रपति यून सुक योल के ऑफिस में छापेमारी कर रही थी। एक स्पेशल इंवेस्टिगेटिव यूनिट देश में मार्शल लॉ (आपतकाल) लगाने में राष्ट्रपति की भूमिका की जांच कर रही है। इससे पहले 9 दिसंबर को राष्ट्रपति यून के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यून पहले दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति हैं, जिन पर पद पर रहते हुए देश छोड़ने पर बैन लगा है।

मार्शल लॉ मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले शख्स बने किम



♦ राष्ट्रपति के साथ मिलकर इमरजेंसी लगाई थी, एक दिन पहले गिरफ्तार किए गए थे

साउथ कोरिया में 3 दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक योल ने रक्षा मंत्री किम के साथ मिलकर देश में मार्शल लॉ लगा दिया था। हालांकि, यह 6 घंटे ही चल पाया था। इसके 2 दिन बाद रक्षा मंत्री किम ने मार्शल लॉ की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। साउथ कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया था। वे मार्शल लॉ मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले शख्स हैं। उन पर विद्रोह, अधिकारों के दुरुपयोग समेत कई आरोप हैं। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने बुधवार को उनकी गिरफ्तारी की मंजूरी दी थी।

# खड़गे बोले- धनखड़ खुद को RSS का एकलव्य बताते हैं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर INDIA ब्लॉक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सभापति राज्यसभा में स्कूल के हेडमास्टर की तरह व्यवहार करते हैं।

विपक्ष का सांसद 5 मिनट भाषण दे तो वे उस पर 10 मिनट तक टिप्पणी करते हैं। सभापति सदन के अंदर प्रतिपक्ष के नेताओं को अपने विरोधी के तौर पर देखते हैं। सीनियर-जूनियर कोई भी हो, विपक्षी नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर अपमानित करते हैं। उनके व्यवहार के कारण हम अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर हुए हैं। जगदीप धनखड़ जुलाई 2022 को भारत के उपराष्ट्रपति बने थे। उपराष्ट्रपति ही राज्यसभा के सभापति होते हैं। जगदीप धनखड़ जुलाई 2022 को भारत के उपराष्ट्रपति बने थे। उपराष्ट्रपति ही



सरकार की तारीफ करते हैं, विपक्ष को विरोधी समझते हैं

राज्यसभा के सभापति होते हैं। सदन में एक्सपीरियंस्ड नेता हैं, जर्नलिस्ट हैं, लेखक हैं, प्रोफेसर हैं। कई फील्ड में काम कर सदन में आए हैं। 40-40 साल का अनुभव रहा है, ऐसे नेताओं को भी सभापति प्रवचन सुनाते हैं। आमतौर पर विपक्ष चेयर से प्रोटेक्शन मांगता है, अगर सभापति ही प्रधानमंत्री और सत्तापक्ष का गुणगान कर रहा हो तो विपक्ष की कौन सुनेगा। 3 साल में धनखड़ का आचरण पद की गरिमा के विपरीत रहा है।

# गुजारे भत्ते का मकसद पति को सजा देना नहीं, पत्नी सम्मान से जी सके, कोर्ट इसका इंतजाम करना चाहता है: SC

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक विवाद के मामले में 10 दिसंबर को एक आदेश दिया कि पति अपनी पत्नी और बच्चों को 5 करोड़ रुपए का गुजारा-भत्ता दे। कोर्ट ने आदेश दिया कि पति फाइनल सेटलमेंट के तौर पर यह रकम पत्नी को दे। कोर्ट ने आदेश के दौरान यह साफ कर दिया कि गुजारा-भत्ता देने का मकसद यह नहीं है कि पति को सजा दी जाए। हम यह चाहते हैं कि पत्नी और बच्चे सम्मानित तरीके से जीवन गुजार सकें। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी की बेंच ने कहा कि सेटलमेंट में से एक करोड़ की रकम उनके बेटे के गुजारे-भत्ते और उसकी आर्थिक सुरक्षा के लिए तय की जाए।

**पति की आर्थिक हैसियत, उसकी कमाई और गुजारे-भत्ते की जिम्मेदारियां:** 2 दशक तक अलग रहे, कोर्ट बोला- शादी निभाना अब संभव नहीं इस केस में पति-पत्नी शादी के 6 साल बाद करीब 2 दशक तक अलग रहे। पति ने पत्नी पर आरोप लगाया था कि वे परिवार के साथ सही व्यवहार नहीं करती हैं। पत्नी का आरोप था कि पति का व्यवहार उनके लिए ठीक नहीं है। ऐसे में अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों का शादी का नैतिक दायित्व निभाना संभव नहीं है। दोबारा शादी



का संबंध निभा नहीं सकते और यह शादी टूट चुकी है। कोर्ट ने कहा- पत्नी बेरोजगार, पति 12 लाख महीना कमाता है कोर्ट ने फैसला सुनाते वक्त कहा कि पत्नी बेरोजगार है। वे घर का कामकाज करती है। उधर, पति फॉरेन बैंक में मैनेजीरियल पोस्ट पर है और हर महीना करीब 10-12 लाख रुपए कमाता है। ऐसे में हम यह शादी खत्म करते वक्त 5 करोड़ की रकम पर्मानेंट सेटलमेंट के तौर

♦ जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी की बेंच ने कहा कि सेटलमेंट में से एक करोड़ की रकम उनके बेटे के गुजारे-भत्ते और उसकी आर्थिक सुरक्षा के लिए तय की जाए

पर तय करते हैं, यह उचित है। SC ने एक केस में कहा- घरेलू प्रताड़ना की धारा पत्नी के लिए हथियार बनी सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक मतभेदों से पैदा हुए घरेलू विवादों में पति और उसके घर वालों को IPC धारा 498-A में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जताई।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 10 दिसंबर को ऐसा ही एक मामला खारिज करते हुए कहा कि धारा 498-A (घरेलू प्रताड़ना) पत्नी और उसके परिजनों के लिए हिसाब बराबर करने का हथियार बन गई है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तेलंगाना से जुड़े एक मामले में की। दरअसल, एक पति ने पत्नी से तलाक मांगा था। इसके खिलाफ पत्नी ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ घरेलू क्रूरता का केस दर्ज करा दिया।

# केजरीवाल बोले- AAP अपने दम पर दिल्ली चुनाव लड़ेगी, 3 बार अकेले जीते, इस बार भी जीतेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (AAP) और कांग्रेस के बीच गठबंधन की अटकलों को अरविंद केजरीवाल ने खारिज कर दिया। AAP प्रमुख केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उसके कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। बुधवार को यह खबर सामने आई थी कि AAP दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 15 सीट देने पर विचार कर रही है, लेकिन केजरीवाल ने X पर पोस्ट के जरिए गठबंधन की बात को नकार दिया है। राघव चड्ढा ने भी अलायंस की खबरों को



निराधार बताया AAP राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आने वाला दिल्ली चुनाव आम आदमी पार्टी अपने संगठन की ताकत और राजनीतिक बलबूते पर लड़ेगी। कांग्रेस और AAP के बीच अलायंस की खबरें निराधार हैं। AAP पिछले तीन दिल्ली चुनाव अपने बलबूते पर लड़ती, जीतती और सरकार बनाकर उसे चलाती आई है। AAP के 31 प्रत्याशी घोषित, 24 के टिकट कटे AAP

कांग्रेस को 15 सीटें देने की खबरें थीं

ने अब तक 31 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। 2020 चुनाव में 27 सीटों पर AAP जबकि 4 पर भाजपा के विधायक थे। AAP ने इस बार 27 विधायकों में से 24 के यानी 89% टिकट काट दिए हैं। पहली लिस्ट में 11 उम्मीदवार घोषित AAP की पहली लिस्ट 21 नवंबर को आई थी, जिसमें 11 उम्मीदवारों के नाम थे। इसमें भाजपा-कांग्रेस से आए 6 लोगों को टिकट दिया गया है। इनमें भाजपा के 3 और कांग्रेस के 3 चेहरे शामिल हैं।

# राहुल गांधी बोले- हम अडाणी पर चर्चा नहीं छोड़ेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संसद के शीतकालीन सत्र का आज 12वां दिन है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम अडाणी मुद्दे पर चर्चा नहीं छोड़ेंगे। राहुल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भी मुलाकात की और कार्यवाही से अपमानजनक बातें हटाने की मांग की।

इधर, राज्यसभा में सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर हंगामा हुआ। राज्यसभा पहले 12 बजे तक, फिर 12 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है, ये सामने आना चाहिए। विपक्ष ने 10 दिसंबर को राज्यसभा के सेक्रेटरी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया था। इसमें 60 सांसदों के दस्तखत थे। विपक्ष का आरोप है कि धनखड़ सदन में बोलने नहीं देते। उनका रवैया पक्षपातपूर्ण है। आज दोपहर 3 बजे INDIA ब्लॉक सभापति के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि दो दिन से हमारे लोग इस बात को उठा रहे हैं कि जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का सवाल है। यह देश की संप्रभुता पर भी प्रश्नचिह्न है। हम सोरोस पर इसलिए बात करना चाहते हैं, क्योंकि हम आम आदमी के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# महाराष्ट्र में अंबेडकर स्मारक में तोड़फोड़ के बाद हिंसा

**एजेंसी, परभणी।**

महाराष्ट्र के परभणी में बुधवार को अंबेडकर स्मारक में तोड़फोड़ के विरोध में बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा भड़क गई है। परभणी के कई इलाकों में दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। कुछ इलाकों में लाठीचार्ज भी किया गया। परभणी में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने इलाके में धारा 144 लगा दी है। परभणी से लगे हिंगोली में भी हिंसा हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सोपन दत्ताराव पवार (45) ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के सामने अंबेडकर स्मारक में संविधान की प्रतिकृति को तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद लोगों ने उसे बुरी तरह पीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। भीड़ ने



परभणी में भीड़ ने दुकानें-गाड़ियां जलाईं, पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आरोपी गिरफ्तार

रिहायशी इलाकों में भी पत्थरबाजी की संविधान की प्रति तोड़ने के खिलाफ लोगों ने बुधवार को परभणी बंद बुलाया था। इस दौरान आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की गई। बंद के दौरान हिंसा भड़क गई और लोगों ने तोड़फोड़-आगजनी शुरू कर दी। कई रिहायशी इमारतों पर भी पत्थरबाजी की गई।

# विपक्ष EVM गड़बड़ी की शिकायत लेकर SC जाएगा

♦ चुनाव आयोग जांच के बाद कह चुका VVPAT-EVM में कोई मिसमैच नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हेरफेर का आरोप लगाते हुए विपक्षी गठबंधन अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने के फैसले की घोषणा मंगलवार को NCP-शरद पवार के नेता प्रशांत जगताप ने की। जगताप पुणे की हडपसर सीट से विधानसभा चुनाव हार गए थे। विपक्षी गठबंधन 13 दिसंबर को EVM में गड़बड़ी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाएगा। यह फैसला मंगलवार को विपक्षी नेताओं के बीच इस बैठक के बाद लिया गया। यह मीटिंग NCP(SP) प्रमुख शरद पवार के घर पर हुई थी। इसमें AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल और जाने-माने वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी भी शामिल हुए।

INDIA ब्लॉक ने दावा किया है कि EVM में कथित हेरफेर के कारण वे महाराष्ट्र चुनाव हार गए। पिछले महीने हुए चुनावों में, भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 288 सीटों में से 235 सीटें जीतीं, जबकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन को 46 सीटें मिलीं। EC बोला- महाराष्ट्र चुनाव में VVPAT-EVM में कोई मिसमैच नहीं चुनाव आयोग (EC) ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र



विधानसभा चुनाव में EVM वोटों से वीवीपैट (VVPAT) पर्चियों के मिलान में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। आयोग ने जानकारी दी कि 23 नवंबर को काउंटिंग के दिन, हर विधानसभा क्षेत्र के 4 बूथों के VVPAT पर्चियों की गिनती की। इस गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। इस दौरान 288 विधानसभा क्षेत्रों की 1440 वीवीपैट यूनिटों की पर्चियों का मिलान किया गया था। दरअसल, विपक्षी दलों ने रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन विधायकों के शपथ ग्रहण का बहिष्कार किया था। इससे पहले, विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि वोटिंग के दौरान EVM में छेड़छाड़ की गई और VVPAT की पर्चियों से वोटों का मिलान नहीं हो रहा है। 95 सीटों के 104 कैंडिडेट्स ने आयोग से EVM और VVPAT पर्चियों के मिलान करने की मांग की थी। आयोग के अनुसार 31 जिलों की 95 सीटों पर वैरिफिकेशन की मांग की गई थी।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : नंबर वन बल्लेबाज बने हैरी ब्रूक, गेंदबाजों में बुमराह शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी, नई दिल्ली






हैरी ब्रूक ने बुधवार को जो रूट को पछाड़कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं गेंदबाजों की सूची में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं। आईसीसी ने एक बयान में कहा, "टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बदलाव हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सितारों ने अद्यतन सूची में बड़ी बढ़त हासिल की है।"

पिछले हफ्ते वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आठवें टेस्ट शतक के दम पर ब्रूक ने रूट को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया, इंग्लैंड के दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अब रैंकिंग में रूट पर एक अंक की बढ़त बना ली है। ब्रूक के कुल 898 रेटिंग अंक हैं, जबकि रूट के 897 अंक हैं। रूट ने इस साल जुलाई में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था और अपने शानदार करियर में कुल नौ बार पहले स्थान पर रहे हैं। ब्रूक ने बेसिन रिजर्व में ब्लैक कैप्स पर इंग्लैंड की 323 रनों की प्रभावशाली जीत के दौरान 123 और 55 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टार ट्रैविस हेड छह पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पूर्व नंबर 1 रैंक वाले बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल (दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरिन (15 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में ऊपर चढ़े हैं। टेस्ट गेंदबाजों की सूची में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर हैं। मिशेल स्टार्क (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर), क्रिस वोक्स (दो स्थान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर) और गस एटकिंसन (चार स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (चार स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर) शीर्ष 20 में वापस आ गए हैं। भारत के स्पिनर रवींद्र जडेजा ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 पर बने हुए हैं। वनडे रैंकिंग में वेस्टइंडीज के दो खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले दो मैचों के बाद बढ़त हासिल की है। शाई होप बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं और उनके साथी गुडाकेश मोती गेंदबाजों की सूची में चार स्थान की छलांग के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अपडेट की गई टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पाकिस्तान के लिए भी कुछ खुशी है, कप्तान मोहम्मद रिजवान बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी गेंदबाजों की सूची में छह स्थान की छलांग के साथ 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले ब्रिस्बेन पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी, ब्रिस्बेन



रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के तीसरे टेस्ट मैच से पहले ब्रिस्बेन पहुंच गई। पांच मैचों की सीरीज में दोनों टीमें एक-एक टेस्ट जीतकर बराबरी पर हैं। ट्रैविस हेड के घरेलू मैदान पर शानदार शतक और मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सीरीज का तीसरा मैच शनिवार से प्रतिष्ठित गाबा में शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने टीम इंडिया के एडिलेड से ब्रिस्बेन की यात्रा की एक क्लिप साझा की है। टीम तीसरे टेस्ट मैच में शक्तिशाली ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ने के लिए उत्साहित है और आराम के मूड में है।

## एचआईएल जैसी लीग में खेलने का सपना देखा करती थी : वंदना कटारिया

एजेंसी, बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम में करीब 15 साल के कठिन सफर के बाद, वंदना कटारिया इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने की कगार पर हैं क्योंकि वह अगले साल की शुरुआत में उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए मैदान में उतरने के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। वंदना ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है। शिविर में उत्साह है क्योंकि सभी खिलाड़ी इस अनुभव का आनंद लेने और उच्च स्तर पर हॉकी खेलने के लिए उत्सुक हैं। हम सभी उम्मीद कर रहे हैं कि महिला एचआईएल एक बड़ी सफलता होगी और पुरुषों की एचआईएल जितनी ही चर्चा बटोरेगी। और हम बेहद उत्साहित हैं और इसे संभव बनाने के लिए हॉकी इंडिया का जितना धन्यवाद करें, कम है।"

वंदना भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 317 मैच खेल चुकी हैं और इस दौरान उन्होंने 158 गोल किए हैं। वह उस टीम का भी अहम हिस्सा थीं, जिसने तमाम मुश्किलों के बावजूद टोक्यो 2022 ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल किया। फिर भी, एचआईएल में खेलने के विचार ने उनके अंदर जोश भर दिया और वंदना इसका श्रेय एचआईएल के भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर पड़ने वाले प्रभाव को देती हैं।

वंदना ने बताया, "पिछले संस्करणों में, पुरुष टीम को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ घुलने-मिलने, उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने का मौका मिला और जैसा कि सभी देख सकते हैं, इससे टीम को काफी मदद मिली है और वे अब लगातार पदक जीत रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इस साल जब महिला एचआईएल चार टीमों के साथ शुरू होगी, तो भी यही प्रभाव होगा। यह उन खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर होगा, जो राष्ट्रीय शिविर में अपनी क्षमता दिखाने और विभिन्न कोचों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने में विफल रहे। इससे भारतीय महिला हॉकी टीम में आने वाली प्रतिभाओं के बेल्ट को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।"



## चैंपियंस लीग 2024-25 : विनीसियस जूनियर के गोल से रियल मैड्रिड ने अटलांटा को हराया

एजेंसी, बर्गमो (मिलान)



रियल मैड्रिड ने मंगलवार देर रात किलियन एमबाप्पे, विनीसियस जूनियर और जूड बेलिंगहैम के गोलों की बदौलत अटलांटा पर चैंपियंस लीग में 3-2 से जीत हासिल की, जिससे प्रतियोगिता में उनकी लगातार दो मैचों से चली आ रही हार का सिलसिला भी टूट गया।

रियल ने सीरी ए की लीडर टीम को इस सीजन के नए चैंपियंस लीग में पहली हार दी, जब एमबाप्पे ने 10वें मिनट में बॉक्स के अंदर से गोल करके टीम को बढ़त दिलाई हालांकि इसके बाद चोट के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। मध्यांतर से ठीक पहले चार्ल्स डी केटेलेयर ने पेनाल्टी के जरिए गोल कर अटलांटा को बराबरी दिला दी, लेकिन 56वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रिबाउंड पर गोल करके मेहमान टीम को फिर से आगे कर दिया। तीन मिनट बाद बेलिंगहैम ने जवाबी हमला करके अपनी बढ़त को बढ़ाया लेकिन 65वें मिनट में एडेमोला लुकमैन ने गोल करके अंतर को कम किया, जिसके बाद रियल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने अपना जादू दिखाते हुए लगातार गोल बचाकर टीम को 3-2 से जीत दिला दी। दो मैच शेष रहते, रियल 36 टीमों की तालिका में नौ अंकों के साथ 18वें स्थान पर है, जो शीर्ष आठ स्थानों से तीन अंक पीछे है, जिससे अंतिम 16 में सीधे प्रवेश सुनिश्चित होता है। अटलांटा 11 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

## प्रो पंजा लीग के शीर्ष एथलीटों ने गुवाहाटी में असम आर्म रेसलिंग राज्य चैम्पियनशिप में लिया हिस्सा


एजेंसी, नई दिल्ली

गुवाहाटी में असम आर्मरेसलिंग स्टेट चैंपियनशिप में 500 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन पीपुल्स आर्मरेसलिंग एसोसिएशन, असम और पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) द्वारा किया गया था। असम आर्मरेसलिंग स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन 6, 7 और 8 दिसंबर को किया गया था। प्रो पंजा लीग (पीपीएल) की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पीपीएल के कई शीर्ष खिलाड़ियों ने देश के कुछ बेहतरीन आर्म रेसलरों के साथ टूर्नामेंट में हिस्सा लिया, जिनमें त्रिदीप मेहदी, अमित चौधरी, सिद्धार्थ मालाकार, कानन बोरगोहेन, जगदीश बरुआ, इशान कश्यप और दीपांकर मेश जैसे कुछ उल्लेखनीय नाम शामिल थे। प्रो पंजा लीग के रार बंगाल टाइगर्स से जुड़े अमित चौधरी ने शीर्ष सम्मान जीता और असम आर्म रेसलिंग स्टेट चैंपियनशिप में 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' घोषित किए गए। इसके साथ ही, उन्हें पीएएफआई के तहत आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए भी चुना गया है। पीएएफआई की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उनके साथ पीपुल्स आर्म रेसलिंग एसोसिएशन, असम के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, मुख्य संरक्षक पार्थ दत्ता और महासचिव नयन बोरा भी शामिल हुए। असम में इस खेल के प्रति प्रतिभागियों की भारी संख्या और बढ़ते उत्साह को देखते हुए, प्रीति झंगियानी ने कहा कि वह इस टूर्नामेंट में इतनी बड़ी संख्या में एथलीटों को भाग लेते हुए देखकर बेहद खुश हैं। प्रीति ने कहा, "यहां इतनी बड़ी संख्या में एथलीटों को देखकर बेहद खुश हूं। असम राज्य में कई प्रतिभाशाली आर्म रेसलर हैं और दर्शकों की बढ़ती संख्या असम में पंजा की लोकप्रियता का प्रमाण है।" उन्होंने कहा, "पीएएफआई और प्रो पंजा लीग पूर्वोत्तर में पंजा को बढ़ावा देने के लिए अधिकतम प्रयास जारी रखेंगे। क्षेत्र के लोग जल्द ही बड़े पैमाने पर इस तरह के और अधिक आयोजनों की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में पंजा की लोकप्रियता बढ़ रही है।"



## भारतीय पुरुष और महिला टीमें विश्व स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व स्क्वैश टीम चैंपियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को हांगकांग-चीन में खेले गए मुक़ाबले में दोनों टीमों ने प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। भारतीय महिला टीम ने इटली को 3-0 से हराया जबकि पुरुष टीम कोलंबिया से 1-2 से हार गई, लेकिन कोलंबिया ने आयरलैंड को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफलता हासिल की, जिससे भारतीय टीम अपने प्रारंभिक समूह में दूसरे स्थान पर रही। भारतीय पुरुष टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से भिड़ेगी, जबकि महिला टीम अगले चरण में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। दोनों वर्गों के प्री-क्वार्टर फाइनल में 12 टीमें होंगी, जिनमें से चार को बाई दिया जाएगा। अपने आखिरी लीग मैच में भारतीय महिला टीम ने इटली को 3-0 से हराया, जिसमें आकांक्षा सालुंखे, अनाहत सिंह और निरुपमा दुबे ने सीधे गेम में अपने-अपने मैच जीते। स्क्वैश रैंकिंग में 206वें स्थान पर काबिज निरुपमा दुबे ने मुकाबले के शुरुआती मैच में बीट्राइस फिलिप्पी को केवल 15 मिनट में 3-0 (11-4, 11-3, 11-1) से हराया। विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत सिंह ने विश्व की 131वें नंबर की खिलाड़ी क्रिस्टीना टार्टारोन को 3-0 (11-3, 11-9, 11-3) से हराकर इसे और मजबूत किया, वहीं, विश्व की 70वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने फ्लाविया मिसेली को 3-0 (11-3, 11-3, 11-1) से हराया। भारतीय पुरुष टीम कोलंबिया से 2-1 से हार गई, लेकिन बाद में आयरलैंड को हराने के बाद भारतीय पुरुष ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे और प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष रैंकिंग में 17वें स्थान पर रहने वाले मिगुएल रोड्रिग्ज से पहला मैच 3-1 (4-11, 8-11, 11-5, 4-11) से गंवा दिया। वीर चोटरानी ने शानदार परिणाम के साथ भारत को बराबरी पर ला खड़ा किया। 87वें स्थान पर काबिज चोटरानी ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जुआन कैमिलो वर्गास (39वें स्थान) के खिलाफ 3-1 (11-8, 11-9, 12-14, 11-5) से जीत हासिल की। सूरज कुमार चंद (159वें स्थान) को टाई के अंतिम मैच में दुनिया के 78वें नंबर के खिलाड़ी रोनाल्ड पालोमिनो के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और सीधे गेमों (11-5, 11-6, 11-3) में हार का सामना करना पड़ा। कोलंबिया ने 2-1 से जीत दर्ज की और बाद में आयरलैंड को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## बीबीएलः मेलबर्न स्टार्स के कप्तान बने मार्कस स्टोइनिस

एजेंसी, मेलबर्न



मार्कस स्टोइनिस को आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सत्र के लिए मेलबर्न स्टार्स का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जो लंबे समय से कप्तान रहे ग्लेन मैक्सवेल की जगह लेंगे जिन्होंने पिछली गर्मियों के अंत में कप्तानी छोड़ दी थी। 35 वर्षीय स्टोइनिस ने पिछले सीजन में मैक्सवेल की अनुपस्थिति में एक बार पहले भी स्टार्स का नेतृत्व किया था, जब मैक्सवेल अपने टूटे हुए पैर के कारण पूरे 2022-23 बीबीएल सीजन से चूक गए थे।

स्टोइनिस, मैक्सवेल के बाद स्टार्स के लिए 100 बीबीएल मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं और पिछले सीजन के अंत में उन्होंने तीन साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका मतलब है कि वह 2026-27 के अंत तक क्लब में बने रहेंगे। स्टोइनिस ने कहा कि उन्हें यह भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। स्टोइनिस ने क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से कहा, "पिछले साल मैक्सी की अनुपस्थिति में मुझे टीम की कप्तानी करने का थोड़ा अनुभव था और मुझे यह अवसर बहुत पसंद आया, इसलिए पूर्णकालिक भूमिका मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। पिछले 10 सालों से हर साल गर्मियों में स्टार्स मेरे जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं और मुझे सच में विश्वास है कि मैदान के अंदर और बाहर हमने जो समूह बनाया है, वह क्लब को लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता दिला सकता है।" स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने पिछले पांच सत्रों में कप्तान के रूप में मैक्सवेल के योगदान को स्वीकार किया। क्राउच ने कहा, "सबसे पहले, मैं पिछले पांच सत्रों में टीम का नेतृत्व करने के लिए ग्लेन मैक्सवेल के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करना चाहता हूं और वह क्लब में सभी के लिए एक बेहतरीन संसाधन बने रहेंगे। मार्कस ने पिछले साल अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और लंबे समय से टीम के वरिष्ठ सदस्य हैं। यह बहुत बढ़िया है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो हमारे शुरू से ही स्टार्स में रहा है, वह बीबीएल14 में हमारे क्लब का नेतृत्व कर रहा है।" स्टोइनिस के सीज़न के शुरुआती हिस्से में कमज़ोर लाइन-अप की अगुआई करने की संभावना है। यह अज्ञात है कि मैक्सवेल अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से कब वापसी करेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि कम से कम सीज़न के पहले मैच में उनका खेलना संभव नहीं है। स्कॉट बोलैंड और ब्यू वेबस्टर भी ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से बाहर हो सकते हैं। विदेशी खिलाड़ी बेन डकेट और ओसामा मीर भी सीज़न के पहले तीन गेम नहीं खेल पाएंगे।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : वेंकटेश अय्यर के हरफनमौला प्रदर्शन से मध्य प्रदेश सेमीफाइनल में

एजेंसी, अलूर



हरप्रीत सिंह और वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मध्य प्रदेश ने अलूर में सौराष्ट्र को चार गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर 2010-11 के बाद पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में मध्य प्रदेश ने 19.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वेंकटेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए, इसके अलावा उन्होंने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। दूसरी तरफ हरप्रीत ने नौ गेंदों पर आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 22 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मध्य प्रदेश के लिए अर्पित गौड़ (29 गेंदों पर 42 रन), सुभ्रांशु सेनापति (16 गेंदों पर 24 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (18 गेंदों पर 28 रन) ने भी मध्य प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, सौराष्ट्र के लिए चिराग जानी ने 45 गेंदों पर नाबाद 80 रन बनाए। जानी ने अपनी पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने सौराष्ट्र के लिए आखिरी तीन ओवरों में 45 रन जोड़े। एक समय 36 गेंदों पर 54 रन बनाने वाले गोहिल ने 18वें ओवर से दो चौके और एक छक्का लगाया। चिराग के अलावा हार्विक देसाई और जय गोहिल ने 17-17 रन बनाए, जबकि प्रेरक मांकड ने 16 और विश्वराज जडेजा ने 15 रन बनाए।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024





# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जगत में बनाएं कॅरियर

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। अंतर्राष्टीय व्यापार अधिकारी अपने क्लाइंट्स को विदेशी व्यापारों की स्टेटिस्टिक्स, भविष्य के अनुमानों और व्यापार में निवेश के विषय में जानकारी प्रदान करता है। अंतर्राष्टीय व्यापार आज के ग्लोबलाइजेशन की दुनिया में सबसे प्रमुख उद्योगों में से एक बन गया है। अंतर्राष्टीय व्यापार, अंतर्राष्टीय सीमाओं या क्षेत्रों के आर-पार पूंजी, माल और सेवाओं का आदान-प्रदान करना होता है। यह करियर अंतर्राष्टीय बैंकिंग के अंतर्गत आता है और जिस भी कैंडिडेट को बैंकिंग फील्ड में रूचि है वह इस क्षेत्र में एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

**नेचर ऑफ़वर्क** - अंतर्राष्टीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। एक व्यापार अधिकारी अपने नीचे काम रहे लोग जो व्यापार प्रक्रिया का निरिक्षण, जांच और लेखापरीक्षा करते हैं उनकी भी देख-रेख करता है और साथ ही असिस्टेंट ट्रेड कमिश्नर्स और बंदरगाह के डायरेक्टर्स के साथ काम करता है।

**पाठ्यक्रम के बारे में** - ग्लोबल पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस एक वर्ष का कोर्स है। इसके तहत बैंकिंग ऑपरेशंस, धन प्रबंधन, ट्रेड फाइनेंस, फोरेक्स, फाइनेंस एसएमई जैसे विषय पढ़ाया व सिखाया जाता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ, व्यापार संचार और शेयर बाज़ार में किस तरह काम होता है उसका प्रशिक्षण दिया जाता है।

**योग्यता** - स्नातक और किसी भी स्ट्रीम से अंतिम वर्ष के छात्र बैंकिंग और फाइनेंस के कोर्स में आवेदन कर सकते हैं और इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर बनने की राह में अपना पहला कदम रख सकते हैं। जिन विद्यार्थी के स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत है वह भीं इस कोर्स में आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

**अवसर** - इस कोर्स के पूरा होने के बाद कैंडिडेट बड़ी कंपनियों में अंतर्राष्टीय व्यापार, आयात और निर्यात के विभागों में एक ऑफिसर के पद के लिए आवेदन कर सकता है। कैंडिडेट विदेशी मंत्रालय में भी नौकरी के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। विदेशी भाषाओँ का ज्ञान होना जरुरी नही होता पर फिर भी अगर आपको आती है है तो ये आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**आमदनी** - अंतर्राष्टीय व्यापार में रूचि रखने वाले लोग इसमें अपना अच्छा भविष्य बना सकते हैं। एक इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर की न्यूमतम सैलरी 40 से 50 हजार होती है और तजुर्बे के साथ साथ जिसमे इजाफा होता रहता है।



# सफल उद्यमी बनने के रास्ते टेक्सटाइल डिजाइनर

**काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी। बुनाई, रंगाई, प्रिंटिंग और कढाई जैसे कौशल से फैब्रिक को कई रूपों में गढ़ा जा सकता है। यही विविधता टेक्सटाइल डिजाइनरों को रोमांचित करती है।**

## कहां हैं केन्द्र

कॉरपोरेट ऑफिस और डिजाइनर स्टूडियो शहरों में स्थित हैं, लेकिन असल गतिविधियां तो करूर, पानीपत, कुन्नूर जैसे कस्बों में स्थित फैक्टरियों, हथकरघे और हस्तशिल्प केन्द्रों में हो रही हैं जहां परंपरागत शिल्प के अनुसार काम किया जाता है। होम फर्नीशिंग का कलेक्शन तैयार किया जाता है, वह विदेशों में लगातार बिकता है।

## बनाएं करियर

एक टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम आपको डिजाइन के तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं में प्रशिक्षित करेगा। एक प्रतिष्ठित संस्थान से टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम पास करने वाले उम्मीदवार को पहली ही नौकरी में 20,000 से 30,000 रूपए मासिक वेतन मिल सकता है। तो पोलिटेक्निक से कोर्स करने वाला छात्र एक्सपर्ट हाउस जैसे संस्थानों में 8,000 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं। काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी।

## फुलटाइम जॉब

टेक्सटाइल डिजाइन ग्रेजुएट्स, एक्सपोर्ट हाउस, बाइंग (खरीदार) हाउस, टेक्सटाइल मिल, हैंडलूम मिल में फुलटाइम नौकरी कर सकते हैं या फिर फैशन डिजाइनरों, डिजाइन स्टुडियो या बाइंग एजेंसी के लिए काम कर सकते हैं। हमें स्थानीय बाजार से फैब्रिक खरीदना पड़ता था, उसके अनुसार डिजाइन तैयार करने पडते हैं, कढाई करवानी पड़ती और कलेक्शन से मैच करते पैटर्न प्रिंट करने पडते, उसके बाद ही अच्छा उत्पाद तैयार हो पाता है।

कई एक्सपोर्ट हाउस अपने डिजाइनरों को भारत और विदेशों में डिजाइन ईवेंट्स और प्रदर्शनियों में जाने का भी अवसर देते हैं। घरेलू बाजार में टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग है ही, विदेशों में आउटसोर्सिंग के लिए डिजाइनरों की मांग बढ़ रही है।

## कारीगरों से संपर्क भी जरूरी

कारीगरों के साथ काम टेक्सटाइल डिजाइनरों के काम का एक अन्य पहलू है। कलाकारों से संपर्क बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है इससे समस्या सुलझने वाले अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्हें बाजार संबंधी जानकारी देना आपका भी काम है। यदि आप चुनौतियां स्वीकार नहीं करते तो डिजाइन प्रोफेशन आपके लिए है ही नहीं।

## कहां से करें कोर्स

टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स कक्षा 12 के बाद डिजाइन संस्थानों द्वारा करवाया जाने वाला चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट कोर्स है। चयन प्रेक्टिकल स्टुडियो टेस्ट और इंटरव्यू के जरिए होता है, डिजाइन कैरियर में आपका एप्टीट्यूड, रूचि और मोटीवेशन का स्तर आंका जाता है। फैब्रिक, शिल्प या संबंधित पहलुओं का अनुभव जरूरी है। रचनात्मकता दर्शाने के लिए आपको पोर्टफोलियो भी तैयार करना पड़ सकता है। कोर्स में पहले साल बुनियादी डिजाइन कोर्स कराया जाता है, इसके अलावा छात्र स्पेशलाइजेशन के क्षेत्रों से परिचित होते हैं। पाठ्यक्रम प्रोजेक्ट्स से जुडा होता है और टेक्सटाइल के सारे पहलू इसमें शामिल होते हैं, मसलन, वीविंग (बुनाई), प्रिंटिंग, रंगाई और विभिन्न उपयोगों के लिए फैब्रिक तैयार करना। स्टुडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम भी समृद्ध अनुभव करवाने वाले होते हैं।

## पीजी के लिए योग्यता

आपने किसी संबंधित स्ट्रीम से ग्रेजुएशन किया है, तो टेक्सटाइल का ज्ञान अर्जित करने के लिए पीजी कर सकते हैं। एनआईडी में पीजी प्रोग्राम के लिए योग्यताएं हैं-बीएफए, डिजाइन डिग्री इन टेक्सटाइल, निटवियर या फैशन, टेक्सटाइल्स के साथ होम साइंस, इंटीरियर डिजाइन एंड आर्किटेक्चर, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में स्पेशलाइजेशन वाली इंजीनियरिंग डिग्री कर चुके भी पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं। अन्य विषय में ग्रेजुएट्स को टेक्सटाइल्स उद्योग में एक साल का अनुभव है तो यह पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं।

## और भी हैं रास्ते

आप टेक्सटाइल डिजाइन में स्पेशलाइजेशन के साथ बैचलर इन फाइन आर्ट्स भी कर सकते हैं, इस कोर्स का फोकस तकनीकी कौशल पर होता है। लेकिन डिजाइन संस्थानों और फाइन आर्ट्स कॉलेजों में सीटें सीमित होती हैं। एक अन्य रास्ता है, बीएससी इन होम साइंस जिसमें टेक्सटाइल भी एक विषय होता है। मिसाल के तौर पर लेडी इरविन कॉलेज बीएससी इन होम साइंस प्रोग्राम में फैब्रिक एंड एपेरल साइंस की भी पेशकश करता है। इसके अलावा फैब्रिक एंड एपेरल साइंस में एमएससी भी उपलब्ध है। दुर्भाग्य से होम साइंस कोर्स महिलाओं के लिए ही है। पोलिटेक्निक और क्राफ्ट्स इंस्टीट्यूट भी ऐसे प्रोग्राम की पेशकश करते हैं। कई डिजाइन और छोटे स्टुडियो इन संस्थानों से सहायकों का चयन करते हैं। नियुक्ति पार्ट टाइम या प्रोजेक्ट के आधार पर होती है। आप कोई भी रास्ता अपनाएं, रचनात्मकता, टेक्सटाइल के लिए जुनून और अधिक से अधिक सीखने की लगन आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।

## उद्यमी भी बन सकते हैं



टेक्सटाइल डिजाइनर बनने के बाद आपके लिए उद्यमी बनने के भी रास्ते खुले हैं। आप अपना डिजाइन स्टूडियो खोलकर डिजाइनरों की सेवाएं ले सकते हैं, और अंतर्राष्टीय तथा भारतीय क्लाइंट्स की जरूरतें पूरी करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं। 20-25 लोगों की टीम के साथ उनकी कंपनी डिजाइन फैब्रिक और सॉफ्ट होम फर्नीशिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है। हालांकि जब-तब उन्हें अपनी वेबसाइट के जरिए विदेशों से एक अनूठा प्रोजेक्ट भी हाथ लग जाता है। लम्बे समय तक विदेशी ट्रेंड और तकनीक की समझ होने की वजह से हमें यह समझ आ जाती है कि कौन से प्रिंट चल सकते हैं, कौन से नहीं। नवीनतम डिजाइनों से परिचित होने के अलावा सफल उद्यमी बनने के लिए मार्केटिंग और प्रबंधन में कुशल होना भी जरूरी है। एप्रोच बहुत जरूरी है। रचनात्मकता जो बाजार में प्रासांगिक हो और सांस्कृतिक विरासत, शिल्प या क्षेत्रीय पहचान को सामने ला सके, वह आपके लिए अधिक जरूरी है। उनके प्रोजेक्ट्स में घरेलू रिटेल स्टोर के लिए टेक्सटाइल डिजाइन तैयार करना और आर्किटेक्ट्स तथा इंटीरियर डिजाइनरों के साथ काम घरों के लिए होम फर्नीशिंग तैयार करना शामिल है।







# मैनेजमेंट का मूलमंत्र है टीमवर्क

जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़क़र नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है। करियर बनाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है चूंकि इससे आप अपनी मनपसंदीदा करियर को चुनने में आसानी होने के साथ ही खाली बैठने के लिए आपके पास समय भी नहीं होगा।

## खुद को परफेक्ट बनाएं

मौजूदा परिस्थिति में किताबी कीड़ा बनकर या डिग्रियों का ढेर लगाकर सफलता की कामना नहीं की जा सकती है। अपने अंदर झांककर अपनी प्रतिभा को टटोलें कि किन क्षेत्रों में आप अपनी दक्षता को विकसित कर बाजी मार सकते हैं। जो क्षेत्र आपको सर्वाधिक उपयुक्त लगे, उसमें विशेषज्ञों की सलाह लेकर अपना कौशल बढ़ाएं।

## आत्मविश्वास बढ़ाना भी है जरूरी

जीवन के कुरुक्षेत्र में आधी लड़ाई तो आत्मविश्वास द्वारा ही लड़ी जाती है। यदि योग्यता के साथ आत्मविश्वास जुड़ जाए तो करियर के कुरुक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ-साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े।

## संपर्क स्थापित करना महत्वपूर्ण

आज जमाना ही सूचना प्रौद्योगिकी का है, यहां जितनी जानकारी, जितनी सूचनाएं आपके पास होंगी करियर निर्माण की राह उतनी ही आसान होगी। कूपमंडूकता छोड़ें, ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलें उन्हें अपनी जानकारी दें, आपके जानने वालों का जंजाल जितना लंबा होगा सफलता उतनी ही आपके करीब होगी।

## नए जमाने की तकनीक अपनाएं

पुराना भले ही सुहाना माना जाता हो, लेकिन आज की प्रतिस्पर्धा में नई तकनीक का महत्त्व नकारा नहीं जा सकता है। किसी भी क्षेत्र में प्रवेश से पहले पूछा जाता है, क्या कम्प्यूटर चलाना आता है? कम्प्यूटर के आधारभूत ज्ञान के बजाय थोड़ी ज्यादा दिलचस्पी दिखाएं, क्योंकि यही वह अलादीन का चिराग है, जो करियर निर्माण की हर मांग को पूरा कर सकता है। इससे पहले कि कोई नई तकनीक पुरानी हो जाए आप इसके उस्ताद बन जाएं। अपने ज्ञान को परिमार्जित करते रहें। भविष्य उसी का होता है, जो अपने को श्रेष्ठतम तरीके से अनुकूल रूप में ढाल लेता है।

## परिवार का सहयोग आवश्यक

अकसर देखा गया है कि करियर निर्माण की चिंता में लोग घर परिवार को भूल जाते हैं। परेशानी और तकलीफ के वक्त परिवार ही काम आता है। इसलिए परिवार को पर्याप्त समय दें। पारिवारिक आमोद-प्रमोद से करियर की राह आसान हो जाती है तथा आप तनावमुक्त होकर करियर निर्माण की राह पर अग्रसर हो सकते हैं।

## दूसरों से न करें अनमना व्यवहार

आपका संघर्ष, आपकी परेशानी नितांत निजी मामला है। इसका असर दूसरों के साथ अपने व्यवहार में न आने दें। जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़क़र नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है।

## काम में ईमानदारी बरतें

झूठ ज्यादा देर टिकता नहीं है, अपने बारे में सही आकलन कर वास्तविक तस्वीर पेश करें। निष्ठापूर्ण व्यवहार की सभी कद्र करते हैं। अपने काम के प्रति आपकी ईमानदारी आपको करियर निर्माण में सर्वोच्च स्थान दिला सकती है। भूलें नहीं कि कार्य ही पूजा है।

## ज्यादा महत्वाकांक्षी न बनें

प्रत्येक इनसान में महत्वाकांक्षा का होना जितना अच्छा है, उसकी अतिमहत्वाकांक्षा उतनी ही नुकसानदायक होती है, क्योंकि अति सर्वत्र वर्जयते। किसी करिश्मे की उम्मीद न करें सभी चीजें समय पर ही मिलती हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024





# महेश बाबू ने उठाया राज से पर्दा क्यों किया मुफासा में काम

महेश बाबू ने आगामी फिल्म मुफासा- द लायन किंग में तेलुगु भाषा में मुफासा को आवाज दी है। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म से जुड़ी अपनी भावनाओं को साझा किया। इस दौरान महेश बाबू ने खुलासा किया कि वह क्यों इस किरदार से इतना प्रभावित हैं और फिल्म में काम करना उनके लिए कितना खास है।

**इन सितारों की सुनने को मिलेगी आवाज**

जंगल के सबसे बड़े राजा मुफासा की कहानी अब तेलुगु में भी दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है। 2019 में आई द लायन किंग की सफलता के बाद अब मुफासा- द लायन किंग 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म के तेलुगु डब संस्करण में महेश बाबू मुफासा की आवाज बने हैं। जबकि ब्रह्मानंदम- पुंबा, अली- टिमोन, सत्यदेव- टाका और अयप्पा पी शर्मा ने कीरोस को आवाज दी है।

**महेश बाबू ने क्यों किया मुफासा में काम**

महेश बाबू ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मुफासा एक ऐसा किरदार है जिसे मैंने हमेशा आदर्श माना है। यह मेरे लिए सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। वह अपने परिवार के लिए जो प्यार और जिम्मेदारी दिखाता है, मुझे उसमें बहुत कुछ समानता महसूस होती है। मैं बहुत उत्साहित हूं कि लोग मुझे इस किरदार में देखेंगे। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि मुफासा हर पीढ़ी का पसंदीदा किरदार है। फिल्म को परिवारों के साथ देखने का अनुभव बेहद संतोषजनक होगा। मेरे लिए यह एक बहुत बड़ा सम्मान है।

**इन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म**

मुफासा- द लायन किंग में दर्शकों को न सिर्फ नए किरदारों से मिलवाया जाएगा, बल्कि फिल्म में फोटोरियल कंप्यूटर-जनरेटेड इमेजरी का भी शानदार उपयोग किया गया है। फिल्म का निर्देशन बैरी जेनकिंस ने किया है। यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।



# अल्फा हूं पर किसी पर अधिकार नहीं जमाती

**टीवी एक्ट्रेस आयुषी खुराना भले पहली बार में एक्ट्रेस बनने के सपने से दूर हो गई हों लेकिन काश के दर्द से बचने के लिए उन्होंने फिर कोशिश की और अपनी ख्वाहिश को हकीकत में बदल दिया। कुछ समय में ही कई सीरियल्स का हिस्सा रह चुकीं आयुषी इन दिनों शो जाने अनजाने हम मिले में नजर आ रही हैं।**

## मैंने अपनी जिम्मेदारियां खुद उठाई हैं

मैं एक मजबूत लड़की हूं और अपनी मर्जी चलाती हूं। इसी वजह से अल्फा वाली बात से रिलेट कर गई। फिर भी ऐसा नहीं है कि बहुत डॉमिनेटिंग हूं लेकिन हां, मैं एक ऐसी लड़की हूं, जो अपनी जिंदगी खुद संभालती है। उसे खुद हैंडल करती है। अपने सारे फैसले खुद लेती है। मैंने अपनी जिम्मेदारियां भी खुद उठाई हैं। मैं अल्फा हूं पर किसी और पर अधिकार नहीं जमाती। मैं प्रोवाइडर जरूर हूं लेकिन शासन करने या हक जमाने वाली बात मेरे अंदर नहीं है क्योंकि मैं फ्रीडम ऑफ चॉइस पर भरोसा करती हूं।

## काश पर कुछ नहीं छोड़ना चाहती थी

मैं मेकअप कोर्स के बहाने मुंबई में ऐक्टर बनने आई थी। पापा को बताया तो उन्होंने पहले ढेर सारी छानबीन की। मैंने सोचा था कि कार्तिक आर्यन की तरह पढ़ाई के बहाने मुंबई में ऐक्टिंग कर लूंगी। उन्हें तो काम मिल गया पर मुझे नहीं मिला। फिर बेंगलुरु गई। वहां खुद को मजबूत किया और लगा कि एक और मौका देना चाहिए। मैं भविष्य में काश के ऊपर कुछ नहीं छोड़ना चाहती थी। लॉकडाउन के बाद एक और चांस लिया। वो एक साल बहुत दबाव वाला रहा था। मेरे दिमाग में लीड एक्ट्रेस का खयाल था। फिर लगा कि लीड के चक्कर में पड़ी रही तो पता नहीं काम मिले या नहीं। मैंने हर तरह के निगेटिव-पॉजिटव शेड वाले किरदारों के लिए ऑडिशन देने शुरू किए। आठ महीने बाद मुझे पहला नेगेटिव रोल मिला।

## अनुभव से ही ऐक्टिंग निखरती है

मुझे घर से बाहर अकेले रहते हुए आठ साल हो गए हैं। तीन साल बेंगलुरु में रहीं और पांच साल से मुंबई में हूं। अकेले रहने के दौरान इतने सारे अनुभव मिले, जिसने मुझे मजबूत बना दिया। मुझे लगता है कि जितने अनुभव जीवन में लोगे, उतनी ही अच्छी ऐक्टिंग भी कर पाओगे। अनुभव से ही ऐक्टिंग निखरती है। काफी कुछ सीखा है और आगे भी सीखती रहूंगी। मैं सबसे यही कहती हूं कि आप छोटे से छोटे शहर से क्यों ना हो लेकिन बिना डर बाहर निकलो। ढेर सारे अनुभव लो। मेहनत करो। हालांकि, बाहर अकेले रहने के दौरान थोड़ी समझदारी दिखानी जरूरी होती है क्योंकि चीजें कई बार बिगड़ भी सकती हैं।

## हम ऐक्टर भी आपके बीच से ही निकले हैं

कई बार लोगों को लगता है कि आप ऐक्टर हो तो हमेशा खूबसूरत ही दिखोगे। लड़कियों की जिंदगी में इतने हॉरमोनल प्रॉब्लम चलते हैं कि वो हमेशा एक जैसी नहीं लग सकतीं। हमारे चेहरे पर भी पिंपल्स या अन्य स्किन प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। हम भी इंसान हैं। हमारी जिंदगी में वही समस्याएं हैं, जो आपकी जिंदगी में हैं। मैं एक ऐक्टर होने के नाते हमेशा कहती हूं कि आप (दर्शक-प्रशंसक) हैं तो हम हैं। हम आपके बीच से ही निकले हैं। लोग कई बार एक्ट्रेस को ट्रोल करते हैं कि देखो इनके चेहरे पर कितने दाग हैं या कैसे नजर आती हैं। ऐसा लोग शायद इसलिए करते हैं क्योंकि उनके पास और कुछ करने के लिए नहीं होता है।

# परिणीति ने एनिमल के ऊपर क्यों चुनी चमकीला, क्या अब है पछतावा?

**अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल में लीड भूमिका को लेकर बात की, जिसे रश्मिका मंदाना ने निभाया है। शुरुआत में निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने एक्शन ड्रामा में रणविजय की पत्नी गीतांजलि के रूप में परिणीति चोपड़ा को कास्ट करने की योजना बनाई थी। हालांकि, शेड्यूल संबंधी दिक्कतों के कारण उन्हें यह प्रस्ताव ठुकराना पड़ा। अब परिणीति ने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। साथ ही बड़ा बयान देती नजर आई हैं।**

## परिणीति चोपड़ा ने तोड़ी चुप्पी

एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। बावजूद इसके परिणीति चोपड़ा को अपने फैसले पर कोई पछतावा नहीं है। एक हालिया इंटरव्यू में परिणीति चोपड़ा ने खुलासा किया, मुझे लगता है कि भगवान ने मेरे लिए कुछ बेहतर किया था। मैं वह फिल्म (एनिमल) कर रही थी, लगभग हर चीज पर काम हो चुका था। लेकिन उन्हीं तारीखों पर मुझे चमकीला की पेशकश की गई।

## एनिमल के ऊपर क्यों चुनी चमकीला?

अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे कई गानों की पेशकश की गई थी, मैं एआर रहमान द्वारा रचित गाने गा रही थी। इम्तियाज अली मेरे ड्रीम निर्देशक हैं। मुझे और भी बहुत कुछ करने की पेशकश की गई थी, इसलिए मैंने चमकीला को चुना।

## परिणीति को कोई अफसोस नहीं

परिणीति ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मुझे लगता है कि मुझे इसका अफसोस नहीं है, मैं खुश हूं। चमकीला में परिणीति चोपड़ा ने दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की पत्नी अमरजोत का किरदार निभाया था।

## चमकीला को मिली सराहना

इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में थे। इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था और परिणीति चोपड़ा के प्रदर्शन के लिए इसे समीक्षकों द्वारा सराहा गया था। उनके पति राघव चड्ढा ने भी खुलासा किया, जब परिणीति भारत लौटीं, तो वह एक शूटिंग के लिए सीधे पंजाब आईं। हम मिलते रहे और समय के साथ रिश्ता मजबूत होता गया। पहले तो हम लोगों की नजरों से दूर छिपकर मिलते थे।





# करीना कपूर की पसंदीदा बॉलीवुड जोड़ी है सोहा अली खान-कुणाल खेमू

**बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान हमेशा यही कहती आई हैं कि वह खुद की फेवरेट हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि उनकी पसंदीदा जोड़ी कौन है। आइए जानते हैं.....**

करीना कपूर खान की ननद सोहा अली खान और उनके पति कुणाल खेमू को ही वह अपनी पसंदीदा जोड़ी कहती हैं, क्योंकि वे एक साथ मौज-मस्ती करते हैं। जी हां, करीना ने ननद सोहा अली खान और उनके पति कुणाल खेमू पर प्यार बरसाया। उन्होंने इन सेलेब्स को अपना पसंदीदा जोड़ा भी कहा।

करीना अपने पति सैफ अली खान के परिवार के साथ एक प्यारा रिश्ता साझा करती हैं। चाहे वह उनकी मां शर्मिला टैगोर हों, बहनें सबा पटौदी और सोहा अली खान हों, या फिर सारा अली खान और इब्राहिम अली खान हों। उन्हें अक्सर सभी के साथ मस्ती करते हुए देखा जाता है। हाल ही में, उन्होंने सोहा और उनके पति कुणाल खेमू की एक तस्वीर पोस्ट की, और उन्हें अपना पसंदीदा जोड़ा बताया। बी-टाउन की दिवा करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सोहा अली खान और कुणाल खेमू की एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की है। फोटो में दोनों को गंभीर बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। बेबो ने चुपके से उनकी एक तस्वीर क्लिक की और उन्हें पसंदीदा जोड़ी कहा। काम की बात करें तो बेबो को आखिरी बार रोहित शेट्टी की एक्शन फिल्म सिंघम अगेन में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर के साथ देखा गया था।





# टाइगर श्रॉफ को 'बागी' सीरीज की फिल्मों ने बनाया एक्शन स्टार

## 'बागी 4' में खूंखार हो गया किरदार

**टाइगर श्रॉफ अगले साल फिल्म 'बागी 4' में फिर से अपने एक्शन अंदाज में नजर आएंगे। इस फिल्म का एक पोस्टर कुछ देर पहले ही टाइगर श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया है। इस पोस्टर में टाइगर नहीं बल्कि संजय दत्त नजर आ रहे हैं। संजय दत्त का लुक देखकर दर्शक डर सकते हैं।**

टाइगर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक कैप्शन भी लिखा है- 'हर आशिक एक विलेन होता है।' फिल्म के इस नए पोस्टर से लग रहा है कि फिल्म 'बागी 4' में टाइगर श्रॉफ का मुकाबला संजय दत्त के किरदार से होगा। दोनों को दर्शक जबरदस्त एक्शन करते हुए देखेंगे। जहां तक टाइगर श्रॉफ की बात है, तो वह 'बागी' सीरीज की फिल्मों में अलग कहानी और किरदार के साथ कमाल का एक्शन कर चुके हैं। एक नजर, अब तक की 'बागी' सीरीज की फिल्मों पर।

फिल्म 'बागी (2016)' टाइगर श्रॉफ के करियर की दूसरी फिल्म थी। इससे पहले उनकी एक फिल्म 'हीरोपंती' आई थी, जिसमें एक्शन कम, रोमांस ज्यादा था। फिर रिलीज हुई फिल्म 'बागी', इस फिल्म में टाइगर ने ऐसा एक्शन किया कि दर्शक, समीक्षक और आलोचक सभी हैरान रह गए। इसके बाद टाइगर को बॉलीवुड का नया एक्शन स्टार कहा जाने लगा। फिल्म की कहानी की बात की जाए, तो इसमें टाइगर ने एक मार्शल आर्ट एक्सपर्ट रॉनी का रोल किया, जो अपने प्यार को बचाने के लिए विलेन से फाइट करता है। फिल्म में उनकी लव इंट्रेस्ट का रोल श्रद्धा कपूर ने किया था।

### बागी 2

साल 2018 में टाइगर श्रॉफ ने एक अलग कहानी के साथ फिल्म 'बागी 2' में फिर से कमाल के एक्शन सींस दिए। इस बार हीरोइन के तौर पर उनके साथ दिशा पटानी नजर थीं। इस फिल्म में टाइगर अपने एक्शन को एक लेवल और ऊपर लेकर गए, उन्होंने बहुत ही खतरनाक स्टंट सींस फिल्म में दिए थे।

### बागी 3

'बागी 3 (2020)' में एक्शन के साथ दो भाइयों के बीच की बॉन्डिंग को भी दिखाया गया था। इस फिल्म में अपने भाई विक्रम (रितेश देशमुख) को बचाने के लिए टाइगर श्रॉफ का किरदार रॉनी, अपनी जान की बाजी लगा देता है। फिल्म में रॉनी सीरिया जाकर, अपने भाई की रक्षा करता है। इस इमोशनल स्टोरीलाइन के साथ टाइगर श्रॉफ का एक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया था।

### बागी 4

जल्द ही दर्शक टाइगर श्रॉफ को अपने एक्शन अंदाज में दोबारा देखेंगे। वह अगले साल फिल्म 'बागी 4' में नजर आएंगे। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें टाइगर श्रॉफ के किरदार का मुकाबला संजय दत्त के किरदार से होने वाला है। फिल्म का जो पोस्टर जारी हुआ, उससे लगता है कि फिल्म 'बागी 4' में ऐसा एक्शन होगा कि दर्शक दंग रह जाएंगे। 'बागी 4' अगले साल 5 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म को ए. हर्षा निर्देशित कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर हैं। 'बागी' सीरीज की सभी फिल्मों को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है।